वर्ष 69 अंक 161 पृष्ठ 12
भोपाल, बुधवार 11 मार्च, 2026
चैत्र कृष्ण पक्ष 08, विक्रम संवत् 2082
महानगर मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

सबसे जरूरी यह है कि लोगों को प्रेरित करने की कोशिश की जाए, ताकि वे जिस भी काम को करना चाहें उसमें महान बन सकें।
–कोबे ब्रायंट

# देश में गैस संकट

## कई राज्यों में कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई बंद, होटल और रेस्टोरेंट्स पर लगने लगे ताले

**नई दिल्ली, जेएनएन।** ईरान पर अमेरिका-इजराइल के हमले के बाद पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष का असर अब भारत की ऊर्जा आपूर्ति पर भी दिखने लगा है। हॉर्मुज जलडमरूमध्य से गैस और तेल की सप्लाई प्रभावित होने के कारण देश में एलपीजी की किल्लत बढ़ गई है। हालात को देखते हुए मध्य प्रदेश समेत दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और राजस्थान समेत कई राज्यों में कमर्शियल गैस सिलेंडरों की सप्लाई पर रोक लगा दी गई है।

गैस की कमी का सबसे ज्यादा असर होटल-रेस्टोरेंट और छोटे व्यवसायों पर पड़ रहा है। कई शहरों में रेस्टोरेंट और ढाबों को बंद करने की नौबत आ गई है। इसी बीच केंद्र सरकार ने जमाखोरी रोकने और सप्लाई को नियंत्रित करने के लिए पूरे देश में आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 लागू कर दिया है।

इस संकट के पीछे दो मुख्य कारण हैं। पहला, ईरान युद्ध के कारण हॉर्मुज जलडमरूमध्य लगभग बंद हो गया है, जिससे तेल और गैस टैंकरों की आवाजाही प्रभावित हुई है। दुनिया के करीब 20 फीसदी पेट्रोलियम का परिवहन इसी रास्ते से होता है। दूसरा, ईरान के ड्रोन हमलों के बाद कतर ने अपने कुछ एलएनजी प्लांट का उत्पादन अस्थायी रूप से रोक दिया है। भारत अपनी जरूरत की करीब 40 फीसदी एलएनजी कतर से आयात करता है। हालांकि सरकार अमेरिका समेत अन्य देशों से वैकल्पिक एलएनजी कार्गो मंगाने पर विचार कर रही है, जिससे यह संकट जल्द सुलझने के आसार हैं।



### मध्यप्रदेश में कमर्शियल सिलेंडरों की ज्यादा किल्लत

प्रदेश के कई जिलों में गैस सिलेंडर को लेकर उपभोक्ताओं की चिंता सामने आई है। घरेलू गैस की बुकिंग के नियमों में बदलाव के कारण सागर, नर्मदापुरम आदि जिलों में सिलेंडर लेने के लिए गैस एजेंसियों पर भीड़ बढ़ गई है। घरेलू गैस की तुलना में कमर्शियल सिलेंडरों की ज्यादा किल्लत देखी जा रही है। इटारसी में कमर्शियल सिलेंडरों की समस्या उत्पन्न हो गई है। वंदे भारत जैसी अनेक प्रमुख और प्रीमियम ट्रेनों में भोजन सप्लाई के लिए कमर्शियल सिलेंडर की आवश्यकता होती है। इसी सिलसिले में रेल विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की उच्च स्तरीय बैठक हुई है। वहीं शाजापुर जिला आपूर्ति अधिकारी अंजू मरावी के मुताबिक जिले में कमर्शियल गैस सिलेंडर को लेकर सावधानी बढ़ाई गई है।

### ऐहतियाती कदम

- गैस सप्लाई की समीक्षा के लिए 3 तेल कंपनियों के अफसरों की कमेटी बनाई गई
- तेल रिफाइनरियों को एलपीजी उत्पादन 10 फीसदी बढ़ाने का निर्देश।
- घरेलू गैस की उपलब्धता के लिए औद्योगिक गैस उपयोग में कटौती का फैसला किया गया है।
- आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू।
- घरेलू एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग 25 दिन बाद ही की जा सकेगी।
- गैस डिलीवरी के लिए ओटीपी या बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य।

### महाराष्ट्रः मुंबई में 20 फीसदी होटल-रेस्टोरेंट बंद

मुंबई, पुणे और नागपुर में कॉमर्शियल गैस की भारी कमी है। मुंबई में करीब 20 फीसदी होटल और रेस्टोरेंट बंद हो चुके हैं। होटल एसोसिएशन 'आहार' ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सप्लाई नहीं सुधरी तो अगले दो दिनों में आधे से ज्यादा होटल बंद हो सकते हैं। हालात नहीं सुधरे तो अगले दो दिनों में 50 फीसदी होटल बंद हो सकते हैं।

### अन्य राज्यों में भी हालात बदतर

**उत्तर प्रदेशः** होटल-रेस्टोरेंट संचालकों की परेशानी बढ़ी। कई शहरों में बुकिंग के चार-पांच दिन बाद भी सिलेंडर की डिलीवरी नहीं हो पा रही है।

**राजस्थानः** होटल-रेस्टोरेंट और मैरिज गार्डन से जुड़े कारोबारियों का कहना है कि गैस का कोई विकल्प नहीं है। अचानक सप्लाई रोकने से पूरे उद्योग पर संकट आ गया है।

**कर्नाटकः** बेंगलुरु होटल एसोसिएशन ने कहा है कि अगर जल्द गैस सप्लाई बहाल नहीं हुई तो होटल बंद करने पड़ सकते हैं। होटल इंडस्ट्री 'जरूरी सेवाओं' में आती है, क्योंकि बुजुर्ग, छात्र और मरीज खाने के लिए अक्सर होटलों पर निर्भर रहते हैं।

### चार कैटेगरी में बांटी गैस सप्लाई

**पहली श्रेणीः** रसोई गैस और सीएनजी को प्राथमिकता। इनकी सप्लाई पहले की तरह जारी रहेगी।

**दूसरी श्रेणीः** खाद फैक्ट्रियों को लगभग 70 फीसदी गैस दी जाएगी, लेकिन साबित करना होगा कि केवल उर्वरक उत्पादन में ही इस्तेमाल होगा।

**तीसरी श्रेणीः** नेशनल गैस ग्रिड से जुड़े बड़े उद्योगों जैसे चाय फैक्ट्रियां आदि को जरूरत की करीब 80 फीसदी गैस उपलब्ध कराई जाएगी।

**चौथी श्रेणीः** छोटे उद्योग, होटल और रेस्टोरेंट को भी उनकी पुरानी खपत के आधार पर लगभग 80 फीसदी गैस ही दी जाएगी।

### क्या है आवश्यक वस्तु अधिनियम

आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 एक ऐसा कानून है, जो सरकार को यह ताकत देता है कि वह किसी भी जरूरी चीज जैसे- अनाज, दालें, खाने का तेल, दवाइयां या ईंधन की सप्लाई और कीमतों को कंट्रोल कर सके। इसे आसान भाषा में 'जमाखोरी रोकने वाला कानून' कहा जा सकता है। जब कभी किसी चीज की कमी होने लगती है या उसकी कीमतें बहुत ज्यादा बढ़ने लगती हैं, तो सरकार इस कानून को लागू कर देती है। इसके तहत व्यापारियों के लिए स्टॉक की एक लिमिट तय कर दी जाती है कि वे एक सीमा से ज्यादा सामान गोदामों में नहीं भर सकते। इसी कारण से उपभोक्ताओं को भी सामान मिलने में कुछ समय की देरी हो जाती है। निगरानी के लिए भी व्यवस्था की जाती है। फिलहाल सरकार ने गैस आपूर्ति के लिए यह कानून लागू किया है।

## इंटरनेशनल फ्लाइट्स का किराया 15% बढ़ा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के मद्देनजर भारतीय एयरलाइंस ने इंटरनेशनल फ्लाइट्स के किराए में करीब 15 फीसदी की बढ़ोत्तरी की है। ब्लूमबर्ग ने अपनी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक, होर्मुज रूट प्रभावित होने से कच्चे तेल की कीमतों और जेट फ्यूल के दाम में लगातार बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है। जिसका असर ग्लोबल एविएशन इंडस्ट्री पर भी दिखने लगा है। भारत समेत एशिया और दुनियाभर की प्रमुख एयरलाइंस ने भी टिकटों के दाम बढ़ा दिए हैं और कई कंपनियां अपने विमानों को ग्राउंडेड करने का प्लान भी बना रही हैं। जानकारों का कहना है कि यह 1970 के दशक के बाद का सबसे बड़ा तेल संकट हो सकता है। जेट फ्यूल यानी एटीएफ की कीमतों में हो रहे इजाफे को देखते हुए भारत की एविएशन कंपनियां आने वाले दिनों में किराया और भी बढ़ा सकती हैं। एयरलाइंस का कहना है कि ऑपरेशनल कॉस्ट बढ़ने के कारण उनके पास किराया बढ़ाने के अलावा कोई ऑप्शन नहीं बचा है।

## 'ज्यूडीशियरी करप्शन' विवाद
## एनसीईआरटी ने मांगी बिना शर्त के माफी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने अपनी एक पाठ्यपुस्तक में शामिल 'ज्यूडीशियरी करप्शन' से जुड़े चैप्टर को लेकर बिना शर्त माफी मांग ली है। विवाद बढ़ने के बाद परिषद ने पूरी किताब को ही वापस बुला लिया है और कहा है कि यह अब उपलब्ध नहीं रहेगी। एनसीईआरटी ने प्रेस रिलीज जारी कर कहा कि कक्षा 8 की सोशल साइंस की किताब 'एक्सप्लोरिंग सोसाइटीः इंडिया एंड बियॉन्ड पार्ट-2' के अध्याय 4 'द रोल ऑफ ज्यूडीशियरी इन अवर सोसाइटी' को लेकर उठे विवाद के बाद यह फैसला लिया गया है। परिषद के निदेशक और सदस्यों ने इस मामले में बिना किसी शर्त के माफी मांगी है। इस चैप्टर को लेकर मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा था कि न्यायपालिका को बदनाम करने की इजाजत नहीं दी जा सकती। कोर्ट की नाराजगी के बाद एनसीईआरटी ने किताब की बिक्री पर रोक लगाई थी।

# प्रदेश में 46 लाख संपत्तियों की होगी मुफ्त में रजिस्ट्री

## नई इंटर्नशिप योजना पर मुहर, 15 हजार युवाओं को होगा लाभ

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश कैबिनेट ने मंगलवार को स्वामित्व योजना के तहत राज्य के 46 लाख चिन्हित परिवारों की संपत्तियों की रजिस्ट्री में स्टाम्प शुल्क माफ करने का निर्णय लिया है। साथ ही गुड गवर्नेंस पर नजर रखने के लिए नई इंटर्नशिप योजना को भी मंजूर किया गया है। इसमें हर ब्लाक में 15 युवाओं को जोड़ने की बात कही गई है। मंत्रालय में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मौजूदगी में हुई कैबिनेट की बैठक में कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक के बाद एमएसएमई मंत्री चैतन्य काश्यप ने बताया कि मंत्रिपरिषद ने स्वामित्व योजना से जुड़े प्रस्ताव पर चर्चा के उपरांत सहमति प्रदान कर दी। इसमें ऐसे 46 लाख परिवार चिन्हित किए गए हैं, जिनके पास अपनी संपत्ति के स्वामित्व से जुड़े दस्तावेज नहीं हैं। इन संपत्तियों की रजिस्ट्री पर स्टाम्प शुल्क माफ किया जाएगा। इसी तरह मुख्यमंत्री यंग इंटनर्स फॉर गुड-गवर्नेंस प्रोगाम प्रस्ताव पर भी सहमति जताई गई। इसके लिए 3 वर्ष के लिए 190 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई। इसके लिए पूरे प्रदेश से 4865 युवाओं को चयनित किया जाएगा। प्रत्येक चयनित युवा को 10 हजार रुपए प्रति माह मानदेय भी मिलेगा। इंट्र्न डैशबोर्ड और पोर्टल के माध्यम से योजनाओं पर निगरानी रखेंगे। जिसमें यह देखा जाएगा कि सरकार की हर योजना अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही है या नहीं।



### ये भी हुए निर्णय

- 7 विभागों की योजनाओं के लिए 5 वर्षों तक निरंतरता के लिए 33 हजार 240 करोड़ रूपये की स्वीकृति दी।
- मैहर, कैमोर (कटनी) और निमरानी (खरगोन) में कर्मचारी राज्य बीमा निगम के 3 औषधालय खोलने व 51 पदों के सृजन को स्वीकृति दी।
- एक जिला-एक उत्पाद परियोजना के तहत 07 जिलों के लिए 37.50 करोड़ रूपये की स्वीकृति दी गई।
- ग्रामीण, पिछड़े और खनिज क्षेत्रों में ग्रामीण अवसंरचना एवं पेयजल के लिए 6090 करोड़ रूपये की स्वीकृति।
- पंचायत एवं ग्रामीण विकास की योजनाओं के सुचारू संचालन के लिये 7,127 करोड़ रूपये मंजूर।
- अनुसूचित जनजाति क्षेत्र और पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए 1,645 करोड़ रूपये की स्वीकृति
- महिला एवं बाल विकास विभाग के लिए 3,773 करोड़ रूपये पर मुहर
- स्टार्ट-अप नीति के क्रियान्वयन और निवेश संवर्धन के लिए 11,361 करोड़ रूपये की स्वीकृति।

## इधर केंद्रीय कैबिनेट ने लिया बदनावर-थांदला टिमरनी हाईवे को फोर लेन करने का फैसला

**नई दिल्ली, जेएनएनल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई केंद्रीय कैबिनेट बैठक में करीब 8.8 लाख करोड़ रुपये के छह बड़े फैसलों को मंजूरी दी गई। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक के बाद इन फैसलों की जानकारी दी। कैबिनेट ने मध्य प्रदेश के बदनावर-थांदला-टिमरनी हाईवे को चार लेन में अपग्रेड करने की योजना को भी मंजूरी दी है। इससे राज्य के कई हिस्सों में सड़क कनेक्टिविटी बेहतर होगी और माल परिवहन आसान होगा। इसके साथ ही जल जीवन मिशन की अवधि दिसंबर 2028 तक बढ़ाने और इसे नए स्वरूप में जल जीवन मिशन 2.0 के रूप में लागू करने को मंजूरी दी है। इस योजना की कुल लागत बढ़ाकर 8.69 लाख करोड़ रुपये कर दी गई है।



### यह फैसले लिए गए

- तमिलनाडु के मदुरै एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का दर्जा देने का फैसला किया है।
- रेलवे की दो महत्वपूर्ण मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं सैंथिया-पाकुड़ और संतरागाछी-खड़गपुर को मंजूरी दी गई। इनकी कुल अनुमानित लागत 4474 करोड़ रुपये है।
- नोएडा के जेवर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट को हरियाणा के फरीदाबाद से जोड़ने की परियोजना को भी मंजूरी दी गई है।

### कनेक्टिविटी पर फोकस

"कैबिनेट के ये फैसले देश में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और कनेक्टिविटी बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। बेहतर सड़क, रेल और हवाई कनेक्टिविटी से न केवल यात्रियों को सुविधा मिलेगी बल्कि व्यापार, निवेश और क्षेत्रीय विकास को भी गति मिलेगी।

**- अश्विनी वैष्णव**, केंद्रीय मंत्री

## निर्देशः कोविड वैक्सीन पर हो नो-फॉल्ट कंपनसेशन पॉलिसी



**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कोविड वैक्सीनेशन से जुड़ी याचिकाओं पर केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि यदि किसी व्यक्ति को कोविड वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स से नुकसान होता है तो उसे मुआवजा दिया जाए। इसके लिए सरकार को 'नो-फॉल्ट कंपनसेशन पॉलिसी' बनाने को कहा गया है। जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि वैक्सीन के संभावित दुष्प्रभावों में मुआवजे की व्यवस्था होनी चाहिए, भले ही किसी की गलती साबित न हुई हो। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि साइड इफेक्ट्स की निगरानी के लिए पहले से मौजूद व्यवस्था ही जारी रहेगी। अलग से किसी एक्सपर्ट पैनल के गठन की आवश्यकता नहीं है। वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स से जुड़े आंकड़े समय-समय पर पब्लिक डोमेन में जारी किए जाएं। यह फैसला किसी व्यक्ति को अन्य कानूनी उपाय अपनाने से नहीं रोकेगा। मुआवजा नीति बनाने का मतलब यह नहीं होगा कि सरकार या किसी अन्य संस्था ने अपनी गलती स्वीकार कर ली है।

## टिप्पणीः देश में यूसीसी लागू करने का समय आ गया है

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने का समय आ गया है, लेकिन इस पर अंतिम फैसला अदालत नहीं बल्कि संसद को करना होगा। कोर्ट ने यह टिप्पणी मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरियत) एप्लीकेशन एक्ट 1937 की कुछ धाराओं को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई के दौरान की। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जे बागची और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने कहा कि अगर शरियत कानून की कुछ धाराओं को सीधे रद्द किया तो मुस्लिम समुदाय में संपत्ति के बंटवारे से जुड़ा कोई स्पष्ट कानून नहीं बचेगा। इसलिए शरियत कानून में जल्दबाजी में बदलाव करने से नुकसान की संभावना हो सकती है। यदि किसी कानून को अचानक समाप्त कर दिया गया तो उससे जुड़े मामलों में कानूनी अस्पष्टता पैदा हो सकती है। वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि अदालत यह घोषित कर सकती है कि मुस्लिम महिलाओं को भी पुरुषों के बराबर संपत्ति अधिकार मिलना चाहिए।




## स्टडी: कॉरपोरेट अधिकारी अपने फैसलों पर भी करने लगे हैं शक

# प्रमोशन से छंटनी तक एआई की सलाह पर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) अब केवल तकनीकी कामों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि कॉरपोरेट दुनिया में बड़े फैसलों को भी प्रभावित करने लगा है। एक नई स्टडी में सामने आया है कि कई बिजनेस लीडर्स अब प्रमोशन, भर्ती और कर्मचारियों की छंटनी जैसे अहम फैसलों में भी एआई की सलाह ले रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक स्थिति इतनी बदल गई है कि कई बॉस अपने अनुभव या सोच से ज्यादा एआई चैटबॉट्स की सलाह पर भरोसा करने लगे हैं।

मार्केट रिसर्च एजेंसी 3-जैम ने करीब 200 कंपनी मालिकों, फाउंडर्स, सीईओ और सीनियर लीडर्स पर एक अध्ययन किया। इस अध्ययन में कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। पिछले साल की एक रिपोर्ट के मुताबिक लगभग 64 फीसदी बिजनेस लीडर्स कर्मचारियों की छंटनी या अनुशासनात्मक कार्रवाई जैसे मामलों में एआई से सलाह लेते थे। हालांकि 2025 के सर्वे में 27 फीसदी लोगों ने स्वीकार किया कि वे सीधे तौर पर ऐसे बड़े फैसलों में एआई की मदद ले रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यह प्रवृत्ति आने वाले समय में और बढ़ सकती है।



**62** फीसदी बिजनेस लीडर्स अपने ज्यादातर व्यावसायिक फैसलों में एआई का इस्तेमाल कर रहे हैं।

**46** फीसदी लीडर्स का कहना है कि उन्हें इंसानों की तुलना में एआई की सलाह पर ज्यादा भरोसा है।

- सर्वे में शामिल 140 लोगों ने माना कि अगर उनका विचार एआई की सलाह से मेल नहीं खाता तो वे अपने ही विचारों पर शक करने लगते हैं।
- यह भी सामने आया कि कर्मचारियों को नौकरी से निकालने जैसे गंभीर फैसलों में भी एआई का दखल बढ़ रहा है।

### एजेंटिक ब्राउजर बदलेंगे इंटरनेट की तस्वीर

इंटरनेट की दुनिया में एक और बड़े बदलाव की चर्चा तेज है। तकनीकी विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले समय में पारंपरिक वेब ब्राउजर की जगह एजेंटिक ब्राउजर ले सकते हैं। ये ऐसे स्मार्ट ब्राउजर होंगे जो केवल वेबसाइट दिखाने तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि यूजर की ओर से कई काम खुद ही कर सकेंगे। अब तक ब्राउजर का काम सिर्फ वेब पेज खोलना और जानकारी दिखाना था। यूजर को खुद सर्च करना, लिंक खोलना या फॉर्म भरना पड़ता था। लेकिन एजेंटिक ब्राउजर यूजर की जरूरत समझकर ऑटोमैटिक तरीके से जानकारी खोज सकते हैं, फॉर्म भर सकते हैं, टिकट बुक कर सकते हैं और जरूरी जानकारी का सार भी तैयार कर सकते हैं।

# प्रदेश का नौरादेही बनेगा चीतों का तीसरा घरः सीएम

## जल गंगा संवर्धन अभियान में पूरी मेहनत के साथ जुटें और जनभागेदारी से लक्ष्य को पूरा करें मंत्री



**विशेष संवाददाता, भोपाल ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रियों से कहा है कि वे प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान में पूरी मेहनत के साथ जुटे और जनभागेदारी से इस लक्ष्य को पूरा करें। मंत्री अपने क्षेत्रों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग के काम बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि नौरादेही का रानी दुर्गावती अभयारण्य चीतों का तीसरा घर बनेगा। जहां जल्द ही चीते छोड़े जाएंगे। मुख्यमंत्री कैबिनेट की बैठक से पहले मंत्रिपरिषद के सदस्यों के साथ अनौपचारिक चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में 250 से अधिक नदियां हैं। बांधों की संख्या के मामले में देश में दूसरे स्थान पर है। जल संचयन के प्रोत्साहन के लिए भारत सरकार भी इस दिशा में जनभागीदारी से ऐसा ही कदम बढ़ाने जा रही है। मध्यप्रदेश में जल संचयन के लिए चलाए गए जल गंगा संवर्धन अभियान की केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल द्वारा सराहना की गई है। डॉ. यादव ने मंत्रियों को बताया कि केंद्र से मिली सराहना हमारी जल संचय नीति की सफलता का प्रमाण है। अभियान के प्रथम चरण में 2.79 लाख से अधिक जल संग्रहण संरचनाओं का निर्माण कर महत्वपूर्ण योगदान दिया गया। दूसरे चरण में भी मप्र में 72 हजार 647 जल संग्रहण संरचनाओं के निर्माण कार्य पूरे कर लिए गए हैं और 64 हजार 395 निर्माण कार्य प्रगति पर हैं। 19 मार्च 2026 से जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जाएगा। सीएम ने बताया कि मध्यप्रदेश में चीते तेजी से फल-फूल रहे हैं। हाल ही में 5 नये शावकों की आमद से चीतों का परिवार और भी समृद्ध हुआ है। राज्य सरकार करीब 2 महीने बाद रानी दुर्गावती अभयारण्य (नौरादेही) में भी चीते छोड़ने जा रही है। इससे मध्यप्रदेश में चीतों के 3 घर तैयार हो जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम मगर/घडियाल और कछुए भी विभिन्न जल क्षेत्रों में मुक्त करेंगे, ताकि हमारी जैव सम्पदा और भी समृद्ध हो सके। सीएम ने बताया कि मध्यप्रदेश में दस्तावेजों के डिजिटल पंजीयन का काम शुरू हो गया है। प्रति वर्ष करीब 16 लाख से अधिक दस्तावेजों का पंजीयन किया जाता है। उन्होंने बताया कि संपदा 2.0 प्रणाली से दस्तावेजों का पूर्णतः पेपरलेस ई- पंजीयन शुरू कर दिया है। यह व्यवस्था नागरिकों को त्वरित सेवाएं देने के साथ-साथ प्रशासन में पारदर्शिता और सुगमता सुनिश्चित करेगी। संपदा प्रणाली से ई-पंजीयन और ई-स्टाम्पिंग की सुविधा प्रदान कर पूरी प्रक्रिया को इलेक्ट्रॉनिक बनाया गया है। इस प्रणाली में कोई भी व्यक्ति कहीं से भी ई-स्टॉम्प तैयार कर सकता है। यह व्यवस्था लागू करने वाला मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है।

**इनकी की सराहना** सीएम ने अनौपचारिक बैठक में टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप जीतकर भारतीय क्रिकेट टीम की जीत की सराहना की। उन्होंने कहा कि खेलने वाले कुल 20 देश, 55 मैच और विजेता-भारत, यह आंकड़े बताते हैं कि भारतीय क्रिकेट टीम ने दृढ़ संकल्प, साहस और पराक्रम से यह उपलब्धि हासिल की है।

### मैरिट में आने पर शुभकामनाएं

मुख्यमंत्री ने संघ लोक सेवा आयोग-2026 के हालिया घोषित रिजल्ट में मध्यप्रदेश के 2 होनहार अभ्यर्थियों द्वारा टॉप टेन अभ्यर्थियों की मैरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त करने पर दोनों ही अभ्यर्थियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष प्रदेश के कई विद्यार्थियों का यूपीएससी की परीक्षा में आईएएस, आईपीएस, आईआरएस इत्यादि कई पदों पर चयन हुआ है। हमारे विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में चयनित होकर प्रदेश का नाम रौशन कर रहे हैं।

### गेहूं उपार्जन पर नजर रखें

मुख्यमंत्री ने मंत्रियों से कहा कि वे अपने क्षेत्रों में किसानों के गेहूं उपार्जन पर नजर रखें, असुविधा को दूर कराएं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर गेहूं उपार्जन पर 40 रुपए प्रति क्विंटल बोनस देने जा रही है। दलहन उत्पादन को प्रोत्साहन के लिए उड़द की खरीद पर भी 600 रुपए प्रति क्विंटल बोनस देने जा रही है। उड़द की खरीद पर बोनस देने के मामले में मध्यप्रदेश देश का ऐसा पहला राज्य बन गया है, जिसने यह कदम उठाया है।

**पचमढ़ी बनेगा इन्वायरमेंटल मॉडल**

सीएम ने कहा कि सरकार पचमढ़ी को देश के अनुकरणीय और बेस्ट इन्वायरमेंटल मॉडल के रूप में विकसित करेंगे। जर्मनी की एक संस्था ने पचमढ़ी को जर्मनी की एक अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण संस्था द्वारा ग्रीन डेस्टिनेशन के रूप में प्रमाणित किया गया है। यह मध्यप्रदेश में पर्यटन क्षेत्र के विकास के लिए हो रहे प्रयासों का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि पचमढ़ी देश का ऐसा पहला स्थल है, जिसे इस तरह का प्रमाणन मिला है।

## संक्षिप्त खबरें

### खेल पदों पर होने वाली नियुक्तियां निर्णय के अधीन

**जागरण, जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एक अहम अंतरिम आदेश के तहत प्रदेश के सरकारी स्कूलों में माध्यमिक शिक्षक खेल के पदों पर होने वाली नियुक्तियों को याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन कर दिया है। इस पद पर नियुक्ति के लिए निर्धारित योग्यता को चुनौती देने के मामले में जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव, लोक शिक्षण संचालनालय, मप्र कर्मचारी चयन बोर्ड के चेयरमैन को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। मामले पर अगली सुनवाई 15 अप्रैल को निर्धारित की गई है। मुरैना निवासी सुरेन्द्र सिंह कुशवाह और मुरारी लाल शाक्य की ओर से अधिवक्ता आर्यन उरमलिया ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ताओं ने माध्यमिक शिक्षक (खेल) भर्ती 2024 में भाग लिया। पात्रता और चयन परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद उनका नाम मेरिट में आया। इसके बाद दस्तावेज परीक्षण में उनकी उम्मीदवारी निरस्त कर दी गई। याचिकाकर्ताओं के पास डिप्लोमा इन फिजिकल एजुकेशन की योग्यता है। परीक्षण में यह कहा गया कि उक्त पद के लिए बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन (बीपीएड) की योग्यता चाहिए। याचिका में दलील दी गई कि भर्ती अधिसूचना में बीपीएड और डीपीएड को समकक्ष योग्यता का प्रावधान किया गया था। याचिकाकर्ता योग्य थे, तभी चयन प्रक्रिया में सम्मिलित हुए थे।

### ट्रायल कोर्ट के रीडर की गलती, जेल में रहना पड़ा

**जागरण, जबलपुर।** हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अवनींद्र कुमार सिंह की एकलपीठ ने ट्रायल कोर्ट के रीडर की गलती से 12 दिन से अधिक जेल में रखे जाने के मामले में नाराजगी जताई। दरअसल, आरोपित को हाई कोर्ट से जमानत मिल चुकी थी। किंतु रीडर ने जमानत के दस्तावेज स्पेशल जज के समक्ष प्रस्तुत न करते हुए हाई कोर्ट के आदेश को गलत बताते हुए उसमें सुधार के लिए वापस कर दिया था। इस रवैये को आड़े हाथों लेते हुए हाई कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि रीडर की गलत सोच के कारण आवेदक को 12 दिनों से अधिक समय तक गलत तरीके से कस्टडी में रखा गया। रीडर द्वारा अपनाया गया तरीका सही नहीं था। जबलपुर की हनुमानताल पुलिस ने जीशान खान के खिलाफ एससी एसटी एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया था। आरोपित उक्त अपराध में विगत 10 जुलाई, 2025 से न्यायिक अभिरक्षा में है। हाई कोर्ट से आरोपित को उक्त अपराधिक प्रकरण में विगत 18 फरवरी, 2026 को जमानत मिल गई थी। आरोपित की ओर से 20 फरवरी को जमानत के दस्तावेज ट्रायल कोर्ट के स्पेशल जज की अदालत में प्रस्तुत किए गए थे। रीडर ने हाई कोर्ट के आदेश में एक धारा का उल्लेख नहीं किए जाने की त्रुटि निकालते हुए उसे स्पेशल जज के समक्ष प्रस्तुत न करते हुए सुधार कार्य करवाने के लिए वापस कर दिया था।

### राहटकर करेंगी जनसुनवाई

**भोपाल।** महिलाओं से जुड़ी शिकायतों और समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती विजया राहटकर 11 मार्च 2026 को भोपाल में जनसुनवाई करेंगी। श्रीमती राहटकर दोपहर 1.30 बजे शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई महाविद्यालय, पॉलिटेक्निक चौराहा, भोपाल में महिलाओं से संबंधित विभिन्न शिकायतों और समस्याओं को सीधे सुनेंगी।

निजी अस्पताल एसोसिएशन ने किया प्रदर्शन... आरोप

## एनएबीएच के नियम से कॉरपोरेट अस्पतालों को ही पहुंचेगा फायदा



**नगर संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश सरकार के नए आदेश की तारीख नजदीक आने के बाद आयुष्मान भारत योजना को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर व जबलपुर के कई निजी अस्पताल योजना से बाहर होने की स्थिति में आ गए हैं। सरकार ने इन अस्पतालों के लिए एनएबीएच का फाइनल लेवल सर्टिफिकेट अनिवार्य कर दिया है। इस नियम के लागू होने के बाद चार बड़े शहरों के करीब 480 में से 295 अस्पताल आयुष्मान योजना से बाहर हो सकते हैं। इसी फैसले के विरोध में यूनाइटेड प्राइवेट हॉस्पिटल डायरेक्टर एसोसिएशन ने मंगलवार शाम आयुष्मान कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। सरकार से आदेश वापस लेने की मांग की है। एसो. ने कहा कि इससे मरीजों के इलाज पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। इस आदेश के खिलाफ यूनाइटेड प्राइवेट हॉस्पिटल डायरेक्टर एसो. ने विरोध प्रदर्शन किया। एसो. के उपाध्यक्ष धनंजय मिश्रा ने कहा कि कुछ अधिकारियों का फैसला जल्दबाजी में लिया गया है। जिससे आयुष्मान जैसी योजना कुछ कॉपरेट अस्पतालों तक ही सीमित रह जाएगी। जहां गरीब मरीजों को इलाज के लिए परेशान होना पड़ेगा और उन्हें प्रबंधन की मनमानी का सामना करना पड़ेगा। एनएबीएच फाइनल लेवल सर्टिफिकेट हासिल करना लंबी और महंगी प्रक्रिया है, जिसे सभी अस्पताल तुरंत पूरा नहीं कर सकते। ऐसे में यदि अस्पतालों को योजना से बाहर कर दिया गया तो मरीजों को इलाज के लिए परेशानी का सामना करना पड़ेगा। डॉ. मिश्रा ने कहा कि यदि ऐसा होता है तो भोपाल में सिर्फ 22 ही अस्पताल बचेंगे, जहां मरीजों को इलाज मिलेगा। मरीजों को लंबी दूरी तय करनी पड़ेगी। इसके अलावा मरीजों के पास विकल्प और उनकी आजादी तक छूट जाएगी। इसका सीधा असर छोटे अस्पतालों, फार्मासूटिकल कंपनी और इस क्षेत्र से जुड़े करीब ढाई लाख लोग सीधे तौर पर प्रभावित होंगे।

**बड़े शहरों के 280 अस्पताल योजना से हो सकते हैं बाहर**

आंकड़ों के अनुसार भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर में बड़ी संख्या में आयुष्मान योजना के तहत मरीजों का इलाज होता है। इन चार शहरों में कुल 480 अस्पताल इस योजना में जुड़े हैं, लेकिन नए नियम के बाद करीब 280 अस्पताल बाहर हो सकते हैं। इतनी बड़ी संख्या में अस्पताल बाहर हुए तो आयुष्मान कार्ड धारकों को इलाज के लिए सीमित विकल्प ही मिल पाएंगे। अधिकारियों का कहना है कि इस का उद्देश्य अस्पतालों में इलाज की गुणवत्ता को बेहतर बनाना है। एनएबीएच सर्टिफिकेशन से अस्पतालों में मरीजों को सुविधाएं और मानक उपचार मिल सकेगा।

### नारी बने शिक्षित, सुरक्षित और आत्मनिर्भरः भूरिया

**विंस, भोपाल।** महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार देश की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले के महिलाओं की शिक्षा, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के सपने को पूरा करने का कार्य कर रही है। नारी सशक्तिकरण के लिये योजनाएं चल रही हैं। सावित्रीबाई फुले ने कठिन परिस्थितियों का सामना करते हुए बेटियों को शिक्षा से जोड़ने का ऐतिहासिक कार्य किया और महिलाओं के सम्मान, अधिकार और समानता की नींव रखी। वे महिला सशक्तिकरण की अग्रदूत थीं। उनकी पुण्यतिथि हमें पुण्य स्मरण कराती है कि महिलाओं को शिक्षा के साथ समानता के अधिकार और सम्मान के बिना समाज की वास्तविक प्रगति संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने ऐसे समय में महिलाओं और बालिकाओं की शिक्षा के लिए संघर्ष किया, जब समाज में महिलाओं को शिक्षा से वंचित रखा जाता था। शिक्षाविद सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि के अवसर पर हम उन्हें केवल स्मरण ही न करें, बल्कि उनके स्थापित आदर्शों को अपनाकर अन्य लोगों को भी प्रेरित करें।

## मसूद के खिलाफ एफआईआर रद्द, सुप्रीम कोर्ट ने बदला निर्णय

### इंदिरा प्रियदर्शनी कॉलेज के फर्जी सेल डीड का मामला





**विशेष संवाददाता, भोपाल।** सुप्रीम कोर्ट ने भोपाल मध्य से कांग्रेसी विधायक आरिफ मसूद के खिलाफ एफआईआर पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने इस मामले में हाईकोर्ट के आदेश को निरस्त किया है। गौरतलब है कि राजधानी के इंदिरा प्रियदर्शनी कॉलेज के फर्जी सेल डीड के मामले में मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद पर एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए थे। मसूद इंदिरा प्रियदर्शनी कालेज भोपाल की मान्यता निरस्त किए जाने के विरुद्ध हाईकोर्ट पहुंचे थे। जहां उनके खिलाफ एफआईआर करने के निर्देश दिए गए थे। मसूद ने हाईकोर्ट के उस आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। जिसकी पैरवी वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा द्वारा की गई। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के उपरांत एफआईआर को निरस्त करने का आदेश दे दिया। कोर्ट अपने आदेश में लिखा कि सरकार का जवाब आने से पहले इस तरह के अंतरिम आदेश की जरुरत नहीं थी। हाईकोर्ट ने आदेश में कड़ी शर्तें लगाई और पुलिस कमिश्नर को एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिए थे। पहली नजर में ये ऑब्जर्वेशन सही नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि याचिका हाईकोर्ट में लंबित है,इसलिए सभी पक्षों को निर्देशित किया जाता है कि वे अपनी-अपनी दलीलें जल्द पूरी करें और इसमें शामिल मुद्दों पर हाईकोर्ट द्वारा अपने मेरिट के आधार पर फैसला सुनाया जाए। जानकारी के अनुसार सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा ने दलील देते हुए कहा कि हाईकोर्ट ने मामले में सरकार का जवाब आने से पहले ही एफआईआर दर्ज करने और एसआईटी गठित करने का आदेश दिया जो अनुचित है।

### तीन डायनोस्टिक सेंटरों के विरुद्व परिवाद दायर

**नगर संवाददाता, भोपाल।** गर्भधारण पूर्व और प्रसूति पूर्व निदान तकनीकी अधिनियम के उल्लंघन पर सीएमएचओ भोपाल द्वारा जिला एवं सत्र न्यायालय में मंगलवार को परिवाद दायर किया गया। इसमें तीन चिकित्सकों सहित डायग्नोस्टिक सेंटर संचालक को आरोपी बनाया गया है। परिवाद में एयरपोर्ट रोड गांधीनगर स्थित न्यू लाइफ डायग्नोस्टिक सेंटर के संचालक मोहम्मद दानिश अली, रेडियोलॉजिस्ट डॉ ईशांत जाटव, मार्वल अस्पताल के संचालक डॉ विशाल श्रीवास्तव, डॉ कृति श्रीवास्तव पत्नी डॉ विशाल के विरुद्ध मामला दर्ज करवाया गया है। इन चिकित्सकों की गतिविधियों को पीसी पीएनडीटी एक्ट के विपरीत एवं संदिग्ध मानते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल कार्यालय द्वारा संस्थाओं की मान्यता निरस्त की गई थी। मंगलवार को सीएमएचओ भोपाल डॉ मनीष शर्मा ने माननीय न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर इन चिकित्सकों एवं डायग्नोस्टिक केंद्र संचालक के खिलाफ परिवाद पत्र प्रस्तुत किया। न्यायालय के आदेश पर इन सभी के खिलाफ वैधानिक धाराओं के तहत केस चलेगा। विदित हो कि इस साल 22 जनवरी को हुए औचक निरीक्षण में मार्वल हॉस्पिटल में संचालित सोनोग्राफी सेंटर में अनियमितताएं मिली थीं। यहां पर फॉर्म एफ का विधिवत संधारण नहीं किया जा रहा था।

### बीयू, जीवाजी को 100 करोड़ का संयुक्त फंड

**नगर संवाददाता, भोपाल।** बीयू तथा जीवाजी विवि ग्वालियर को प्रधानमंत्री उच्च शिक्षा अभियान परियोजना के अंतर्गत 100 करोड़ रुपए की राशि प्राप्त हुई है। इसके अंतर्गत गतिविधियां आयोजित की जानी हैं। गत दिवस दोनों विवि के बीच सहमति पत्र पर हस्ताक्षर हुए। जिसमें दोनों सयुंक्त रूप से शोध एवं अन्य गतिविधियां आयोजित करेंगे। इस पत्र पर बीयू भोपाल के कुलगुरु एसके जैन तथा जीवाजी विवि ग्वालियर के कुलगुरु राज कुमार आचार्य ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर बीयू कुलसचिव प्रोफेसर समर बहादुर सिंह तथा प्राधयापक उपस्थित थे।

## समय पर निपटाएं कॉलेजों का निर्माण कार्य, चिकित्सकों की भर्ती जल्द करें

**नगर संवाददाता, भोपाल।** मध्य प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने और चिकित्सा शिक्षा के विस्तार को लेकर सरकार ने तैयारियां तेज कर दी हैं। डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल ने मंत्रालय में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में कई अहम निर्देश दिए। उन्होंने निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेजों के काम समय-सीमा में पूरा करने और विशेषज्ञ चिकित्सकों की भर्ती प्रक्रिया को तेज करने पर जोर दिया। बैठक में स्वास्थ्य संस्थाओं के उन्नयन, मानव संसाधन की उपलब्धता और चिकित्सा शिक्षा के विस्तार से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। डिप्टी सीएम ने कहा कि प्रदेश के नागरिकों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है।

### बुधनी, दमोह और छतरपुर में चल रहा काम

बैठक में प्रदेश में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेजों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेडिकल कॉलेजों और स्वास्थ्य संस्थानों के उन्नयन से जुड़े प्रस्ताव जल्द तैयार किए जाएं और सभी औपचारिकताएं पूरी कर उन्हें पीएससी की स्वीकृति के लिए भेजा जाए। उन्होंने विशेष रूप से बुधनी, छतरपुर और दमोह में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेजों के कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही इन कॉलेजों में शैक्षणिक स्टाफ की भर्ती प्रक्रिया भी शीघ्र पूरी करने को कहा, ताकि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) से आवश्यक अनुमति लेकर आगामी शैक्षणिक सत्र से इन कॉलेजों का संचालन शुरू किया जा सके।

**आकर्षक बनाएं चिकित्सकों की भर्ती को:** शुक्ल ने प्रदेश में विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विशेषज्ञ डॉक्टरों की भर्ती प्रक्रिया और संबंधित प्रावधानों को अधिक आकर्षक बनाया जाए, ताकि योग्य और अनुभवी डॉक्टरों को नियुक्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि विशेषज्ञ चिकित्सकों की संख्या बढ़ने से नागरिकों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी।

**आरोप** मल्होत्रा की विधायकी जाने पर कहा-आदेश का सम्मान पर भाजपा ने यह राज्यसभा चुनाव के लिए किया

# सरकार सांप की तरह धीरे-धीर रेंगती हैः सिंघार



विशेष संवाददाता भोपाल। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा है कि प्रदेश में सूचना आयुक्तों की नियुक्ति के मामले में सरकार सांप की तरह धीरे-धीरे रेंगती है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों के चलते देश में जो हालात बन रहे हैं, उस पर सरकार ध्यान ही नहीं दे रही है। सरकार हमेशा लेट जागती है। सिंघार मंगलवार को अपने निवास पर पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने विधायक मुकेश मल्होत्रा को लेकर आए हाईकोर्ट के निर्णय का सम्मान करते हुए कहा कि यह सब राज्यसभा चुनाव के चलते किया जा रहा है। देश में ऐसे कई उदाहरण हैं जहां गंभीर मामलों में भी न्यायिक प्रक्रिया के बाद अलग-अलग निर्णय आए हैं। न्याय की अंतिम उम्मीद सर्वोच्च न्यायालय से ही होती है। उन्होंने कहा कि हम विधायक मुकेश मल्होत्रा के मामले में भी इस स्तर तक जाकर न्याय की मांग करेंगे। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या भाजपा दबाव की राजनीति कर माहौल बनाना चाहती है। क्या यह आने वाले चुनावों और संख्या बल की राजनीति से जुड़ा प्रयास है। उन्होंने कहा कि भाजपा चुनाव से डरती है, चुनाव से भागती है और जनता के बीच जाकर समाना नहीं करना चाहती। प्रदेश में कई ऐसे मामले हैं, जो वर्षों से लंबित हैं। फिर चाहे पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा के पेड न्यूज का मामला हो या फिर बीना विधायक निर्मला सप्रे प्रकरण की बात हो,जिसमें न्यायालय के नोटिस के बाद ही विधानसभा अध्यक्ष को यह कहना पड़ा कि सुनवाई हो रही है। सिंघार ने सवाल किया कि आखिर इन मामलों में इतनी देरी क्यों हो रही। सिंघार ने कहा कि अंतराष्ट्रीय परिस्थितियां जिस तेजी से बदल रही है। सरकार लगातार समीक्षा बैठकों की बात कर रही है, लेकिन केवल बैठकों से जनता को राहत नहीं मिलती। कोविड काल में भी यही कहा गया था कि धैर्य रखिए, सब ठीक हो जाएगा, लेकिन उस समय देश भारी कठिनाइयां झेली थी। सिंघार ने बताया कि सूचना आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर मंगलवार को जो बैठक हुई है, उसमें दो सूचना आयुक्तों की नियुक्ति होने पर चर्चा की गई है। उन्होंने बताया कि इस मामले में उनकी मुख्यमंत्री से बात हुई है। वे चाहते है कि सभी रिक्त पदों पर जल्द नियुक्ति होनी चाहिए।

### भाजपा में दम है, तो सप्रे का चुनाव कराकर दिखाएः जीतू



विशेष संवाददाता, भोपाल। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा है कि विधायक मुकेश मल्होत्रा के मामले में भाजपा की आदिवासी विरोधी सोच उजागर हुई है। मामला भाजपा की खरीद-फरोख्त और उसके चाल, चरित्र और चेहरा को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा में दम है तो बीना विधायक निर्मला सप्रे का चुनाव कराकर दिखाए। पत्रकारों से चर्चा करते हुए पटवारी ने कहा कि भाजपा की सोच इतनी घृणित है कि वह यह सवाल उठा रही है कि विजयपुर से एक आदिवासी विधायक कैसे चुनकर विधानसभा पहुंच गया। भाजपा नेताओं द्वारा आदिवासी नेता प्रतिपक्ष की औकात पूछना उनकी आदिवासी विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। यही व्यवहार विजयपुर के हमारे नेता मुकेश मल्होत्रा के साथ किया गया है। यही भाजपा बीना विधायक निर्मला सप्रे के मामले में एक कोर्ट से दूसरे कोर्ट तक जाकर लोगों को गुमराह कर रही है। मुकेश मल्होत्रा के चुनाव शून्य किए जाने के फैसले के खिलाफ कांग्रेस सुप्रीम कोर्ट जाएगी। इस मामले में वरिष्ठ अधिवक्ता एवं राज्यसभा सांसद विवेक तंखा सुप्रीम कोर्ट में कांग्रेस की ओर से पैरवी करेंगे। उन्हें न्याय व्यवस्था पर पूरा भरोसा है और मुकेश मल्होत्रा फिर से चुनकर आएंगे। पटवारी ने आदिवासी समाज से जुड़े भाजपा के सांसदों, विधायकों और बूथ कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि वे बताएं कि क्या यह भाजपा का कृत्य सही है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सोच ने देश को कलंकित कर दिया है और आदिवासी समाज के साथ लगातार कुठाराघात किया जा रहा है।यह केवल मुकेश मल्होत्रा के साथ अन्याय नहीं है, बल्कि विजयपुर के मतदाताओं के वोट पर सीधा कुठाराघात है। उन्होंने कहा कि वे न्यायालय का सम्मान करते हैं, लेकिन जिस न्यायाधीश ने यह फैसला दिया है, वह उचित नहीं है।

### भाजपा में सही समय पर सही निर्णय होते हैं: आशीष



नेता प्रतिपक्ष के बयान पर भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि उमंग सिंघार को पहले कांग्रेस की नियुक्तियों की चिंता करनी चाहिए। भाजपा सरकार में सही समय पर सही निर्णय होते हैं और आगे भी होते रहेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वैश्विक युद्ध जैसी परिस्थितियों के बावजूद देश में तेल और ईंधन की आपूर्ति बेहतर बनी हुई है, जबकि कांग्रेस इस मुद्दे पर भ्रम फैलाने का काम कर रही है। अग्रवाल ने कहा कि विजयपुर मामले में न्यायालय का जो निर्णय आया है, उससे कांग्रेस की बौखलाहट साफ दिख रही है और वह न्यायालय की अवमानना कर रही है। भारत संविधान से चलता है और अदालतें कांग्रेस के हिसाब से नहीं चलेंगी।

|| बाईसवीं पुण्यतिथि ||



जन्म 21.06.1940
स्वर्गलोक गमन 11.03.2004

हमारी पूज्यनीय
माताजी श्रीमती सुशीलादेवी बंसल
आज ही के दिन दिव्यज्योति में लीन हो गई थीं।
आज के दिन 11.03.2026 को उनकी बाईसवीं पुण्यतिथि पर हम अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। आपकी प्रेरणा और आशीर्वाद ही हमारे जीवन की धरोहर है।

श्रद्धानवत
अनिल-पारुल, सुनील-पूजा
कुणाल-दिशा, कार्तिक-विहा, पार्थ, चिराग, चारवी
एवं समस्त बंसल परिवार

## नगर में आज

### कला प्रदर्शनी एक्जोटिका
- स्थान: आलियांस फ्रांसिस, शाहपुरा
- समय: सुबह 10 से 6 बजे

### रंग महोत्सव
- स्थान: रंगश्री लिटिल बैले ट्रूप परिसर, श्यामला हिल्स
- समय: शाम 7 बजे

### इंद्राणी समारोह
- स्थान: मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय
- समय: शाम 6:30 बजे

### कलश यात्रा
- स्थान: दशहरा मैदान , बिट्टन मार्केट
- समय: दोपहर 3 बजे

### चित्र प्रदर्शनी
- स्थान: मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय
- समय: सुबह 11 बजे से

# अभी नहीं मिल सकेंगे कमर्शियल सिलेंडर, घरेलू के लिए जरूरी होगा ओटीपी या बायोमैट्रिक सत्यापन

**कलेक्टर ने ली बैठक:** व्यापारी बोले होटल- रेस्टोरेंट और सराफा कारोबार होगा प्रभावित, वैकल्पिक व्यवस्था बनाने के निर्देश

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** ईरान और इजरायल के बीच छिड़ी जंग का असर अब शहर में गैस सिलेंडर की सप्लाई पर भी दिखाई देने लगा है। जंग के बीच कमर्शियल व घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर के दामों में बढ़ोत्तरी करने के बाद सप्लाई को लेकर भी नए नियम लागू कर दिए गए हैं। साथ ही शहर के होटल, रेस्टोरेंट और स्ट्रीट फूड वेंडर्स के लिए फिलहाल कमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई रोक दी गई है। मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हुई बैठक में कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने यह जानकारी भोपाल चैंबर ऑफ कॉमर्स के बैनर तले पहुंचे व्यापारियों को दी। इस अवसर पर आइल कंपनियों के प्रतिनिधि, होटल इंडस्ट्रीज के संचालक और गैस वितरक एजेंसियों के प्रतिनिधि मौजूद थे। कलेक्टर द्वारा नए नियमों की जानकारी देने के बाद सभी ने एक स्वर में सवाल उठाया कि यदि गैस वितरण व्यवस्था के तहत सिलेंडर सप्लाई रोकी जा रही है, तो फूड और होटल इंडस्ट्री से जुड़े लोगों का गुजारा करना मुश्किल हो जाएगा। इस पर कलेक्टर ने कहा कि फिलहाल रेस्टोरेंट और होटल संचालक वैकल्पिक व्यवस्था कर अपना काम चलाएं। ऐसे में यदि होटल रेस्टोरेंट संचालकों तक कमर्शियल गैस सिलेंडर नहीं पहुंचते हैं, तो उन्हें लकड़ी और कोयले का उपयोग कर भट्टियां चलानी पड़ेंगी। फिलहाल दबे स्वर में इसी वैकल्पिक व्यवस्था का उपयोग करने की बात कही जा रही है। दूसरी ओर अति आवश्यक सेवाओं के तहत अस्पताल, शैक्षणिक संस्थान, हॉस्टल की मेस में अति आवश्यक सेवाओं के तहत नियमों के अनुसार कमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई दी जाएगी। बैठक में जमाखोरी और कालाबाजारी करने पर सख्त कार्रवाई करने के भी निर्देश जारी किए गए।






> भोपाल के नागरिकों को घरेलू गैस सिलेंडर की सप्लाई को लेकर चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। लोग अफवाहों पर ध्यान न दें और गैस एजेंसी के माध्यम से ही गैस सिलेंडर बुक करवाकर समय पर सप्लाई ली जा सकती है।
>
> **कौशलेंद्र विक्रम सिंह,** कलेक्टर भोपाल

### घरेलू गैस सिलेंडरों की सप्लाई में भी बदलाव

नए नियमों के तहत घरेलू गैस सिलेंडरों की सप्लाई में भी बदलाव किए गए हैं। नए नियमों के तहत एक सिलेंडर बुक होने के बाद दूसरे सिलेंडर की सप्लाई 25 दिन बाद ही हो सकेगी। साथ ही गैस सिलेंडर की डिलीवरी के समय ओटीपी या बायोमैट्रिक सत्यापन भी अनिवार्य कर दिया गया है। ताकि जमाखोरी और कालाबाजारी रोकी जा सके। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के बाद भी यदि कोई नियमों का पालन नहीं करता है तो उस पर सख्त कार्रवाई के आदेश जारी किए गए हैं। घरेलू गैस सिलेंडरों की सप्लाई गैस एजेंसी के जरिए ही की जाए। **सबको मिलेगा सिलेंडर, बस जमाखोरी न करें:** युद्ध के बीच यदि गैस सिलेंडरों की जमाखोरी होती है, तो अन्य लोगों को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पाएंगे, जिसके तहत नियमों में बदलाव किए गए हैं। इसी कारण नियमों में बदलाव किए गए हैं। जो लोग सिलेंडर की बुकिंग कर रहे हैं, उन्हें समय पर सिलेंडर सप्लाई भी किए जा रहे हैं।

### भोपाल चैंबर ऑफ कॉमर्स ने सप्लाई रोकने पर जताया विरोध

कमर्शियल गैस सिलेंडर सप्लाई न होने पर भोपाल चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष गोविंद गोयल ने विरोध जताते हुए कहा कि यदि सप्लाई बाधित होती है तो शहर के 2000 से अधिक होटल और रेस्टोरेंट में काम काज बंद हो जाएगा। शादियों का सीजन चल रहा है। ऐसे में कैटरिंग कारोबार ठप हो जाएगा। कमर्शियल गैस सिलेंडर न मिलने का असर शहर के सर्राफा उद्योग पर भी देखने को मिलेगा। सर्राफा कारोबारियों की मानें तो शहर के करीब 3000 कारीगरों को जेवर बनाने के लिए रोजाना 300 सिलेंडरों की जरूरत होती है। ऐसे में यदि सप्लाई चालू नहीं हुई तो तो शहर की आर्थिक गतिविधियां पूरी तरह से रुक जाएंगी।

**किसी भी तरह की आपूर्ति के लिए परेशान नहीं हो**

## 3 सदस्यीय मंत्री और अधिकारियों की समिति रखेगी आपूर्ति पर नजर

**विसं, भोपाल।** मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र के पास आवश्यक आपूर्ति के लिए पर्याप्त मात्रा में संसाधन उपलब्ध हैं। ऐसे में किसी भी नागरिक को खाद्य पदार्थ, गैस या तेल आपूर्ति के लिए परेशान या पैनिक होने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि तीन सदस्यीय मंत्री और अधिकारियों की समिति प्रदेश की आपूर्ति व्यवस्था की निगरानी करेगी और आपूर्ति बहाल रखने के लिए सभी कदम उठाएगी। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को मंत्रालय में खाड़ी देशों में उपजी विषम परिस्थितियों के मद्देनजर मध्यप्रदेश में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा बैठक की। इसमें उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनता के बीच ये सुनिश्चित किया जाए कि राज्य में किसी भी तरह की आवश्यक आपूर्ति के लिए पर्याप्त संसधान उपलब्ध हैं। सरकार के पास पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति संसाधन उपलब्ध हैं। अधिकारी प्रदेश में बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित करें। डॉ. यादव ने कहा कि खाड़ी देशों में रह रहे या वर्क वीजा पर गए या पर्यटन के लिए गए भारतीय नागरिकों, विशेषकर मध्यप्रदेश के निवासियों की स्वदेश वापसी के लिए मध्यप्रदेश सरकार लगातार केंद्र सरकार के संपर्क में है। राज्य सरकार से हेल्पलाइन के जरिए अब तक 255 लोगों ने संपर्क किया है, जिनकी सकुशल स्वदेश वापसी के लिए प्रयास तेज किए जा रहे हैं। बैठक में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, सभी मंत्री सहित प्रभारी मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना, अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई, अपर मुख्य सचिव खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण श्रीमती रश्मि अरूण शमी, सचिव परिवहन एवं आयुक्त जनसम्पर्क मनीष सिंह एवं अन्य विभागीय अधिकारी भी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### खजूरी में अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**जागरण, भोपाल।** खजूरी सड़क थाना क्षेत्र में वाहन की टक्कर से युवक की मौत हो गई। मृतक युवक राजगढ़ से भोपाल आ रहा था। जहां चिरायू अस्पताल के सामने वह हादसे का शिकार हो गया। पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार 46 वर्षीय मांगी लाल विश्वकर्मा पिता अमर कांकरिया गुर्जर थाना सुठालिया, राजगढ़ के रहने वाले थे। वह मजदूर करते थे। 6 मार्च को वह अपनी बाइक से भोपाल आ रहे थे। जहां दोपहर तीन बजे चिरायू अस्पताल के गेट नंबर एक के सामने अज्ञात वाहन ने उन्हें सामने से टक्कर मार दी। हेलमेट नहीं पहनने से उनके सिर पर गंभीर चोटें आई। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जिसके बाद वे कोमा में चले थे। इलाज के दौरान देर रात उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### नाबालिग छात्रा ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**जागरण, भोपाल।** परवलिया थाना क्षेत्र में नाबालिग छात्रा ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतका के पास पुलिस को कोई सुसाइट नोट नहीं मिलने से कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार 16 वर्षीय प्रियांशी पिता शैलेंद्र मूल रूप से धार की रहने वाली थी। वर्तमान वह थाना क्षेत्र इलाके में किराए के मकान में परिवार के साथ रह रही थी। उसके पिता का कोरोना काल के दौरान देहांत हो गया था। जबकि मां मजदूरी करती है। उसका भाई अमन पेट्रोल पंप पर काम करता है। प्रियांशी 11 वीं की छात्रा थी। सोमवार को वह घर में अकेली थी। शाम साढ़े चार बजे जब उसका भाई घर पहुंचा, तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। काफी देर खटखटाने के बाद खिड़की से झांककर देखने पर प्रियांशी दुपट्टे से बने फांसी के फंदे पर लटकी मिली। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### छोला में तीसरी मंजिल से कूदा युवक, मौत

**जागरण, भोपाल।** छोला मंदिर थाना क्षेत्र में तीसरी मंजिल से कूदने से युवक की मौत हो गई। पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार 36 वर्षीय राजेंद्र यादव मालीखेड़ी मल्टी में रहता था। वह एक निजी कंपनी में हेल्पर का काम करता था। उनकी पत्नी भी निजी काम करती है। वह शराब पीने का आदी था। घटना के वक्त पत्नी काम पर गई थी। सोमवार 9 बजे राजेंद्र तीसरी मंजिल से अचानक कूद गया। जिससे उसके सिर, हाथ, पैर में गंभीर चोटें आई। आसपास के लोगों ने उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान राजेंद्र ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पति ने पत्नी पर चाकू से किया जानलेवा हमला

**जागरण, भोपाल।** मिसरोद थाना क्षेत्र में पति ने पत्नी पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 48 प्रतिमा श्रीवास्तव श्रीराम कॉलोनी में पति ह्रदेश से अलग रहती है। वह गृहणी है। जबकि उसका पति ड्राइवरी करता है। वह शराब पीने का आदी है। सोमवार शाम साढ़े सात बजे वह शराब के नशे में पत्नी के मकान में पहुंचा। जहां वह उसे अपने साथ ले जाने की बात पर जबरदस्ती करने लगा। विरोध करने पर उसने गाली गलौज कर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान उसने चाकू से पत्नी के हाथ और पीठ पर हमला कर मौके से फरार हो गया। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

# प्रापर्टी डीलर से चाकू की नोंक पर 55 लाख की लूट

**वारदात:** रंगपंचमी पर पुलिस की चौकसी के बीच की थी लूट, श्यामला हिल्स पुलिस ने दबाया मामला

**सूत्र: चार आरोपी गिरफ्तार दो की तलाश जारी, पीड़ित के साथी ने की थी प्लानिंग**

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** रंगपंचमी पर पुलिस की चौकसी के बीच स्कूटी सवार लुटेरों ने प्रापर्टी डीलर से चाकू की नोंक पर 55.50 लाख रुपए लूट लिए। श्यामला हिल्स पुलिस ने इस मामले को दबा दिया। सूत्रों की मानें तो दो स्कूटी पर 6 आरोपी सवार थे। पुलिस ने उनकी पहचान कर चार को गिरफ्तार कर लिया है। लुटेरे अशोका गार्डन, बाणगंगा और ऐशबाग के रहने वाले हैं। पीड़ित के साथी ने लूट की प्लानिंग की थी। श्यामला हिल्स इलाके में पहले भी इसी तरह की वारदात सामने आ चुकी हैं। पहले जिनसे लूट की गई वह कलेक्शन एजेंट थे। कुछ हवाला का पैसा लेकर जा रहे थे। इत्तेफाक से पीड़ित से चूनाभट्टी के रहने वाले थे। पुलिस के मुताबिक चूनाभट्टी में रहने वाले दिव्यांक बारोट पिता भरत बारोट प्रापर्टी डीलिंग का काम करते हैं। बीती 7 मार्च यानी रंगपंचमी की रात वह स्कूटी पर सवार होकर घोड़ा नक्कास हनुमानगंज से एक बैग में पैसा लेकर आ रहे थे। उनके साथ उनका भाई भी था। बैग में 55.50 लाख रुपए रखे थे। दोनों अभी स्कूटी से श्यामला हिल्स इलाके के स्मार्ट सिटी रोड से गुजर रहे थे। तभी दो स्कूटी पर सवार बदमाश आए। उन्होंने गाड़ी को ओवरटेक कर दोनों भाइयों को रोका। इसके बाद चाकू निकालकर उनकी गर्दन पर अड़ा दिया। चाकू की नोंक पर बदमाशों ने उनसे 55.50 लाख रुपए से भरा बैग लूट लिया। इसके बाद आरोपी भाग निकले। घटना के बाद पीड़ित थाने पहुंचे और अज्ञात के खिलाफ लूट का केस दर्ज करवाया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच में 10 टीमें लगाई हैं। पुलिस इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।




**फरदीन समेत अन्य की तलाश:** सूत्रों की माने तो पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर ली है। छह आरोपी अलग-अलग इलाके के रहने वाले हैं, जिन्होंने प्लानिंग के तहत लूट की वारदात को अंजाम दिया। लूट की साजिश में पीड़ित का पहचान वाला भी शामिल है। उसी की निशानदेही पर लूट की वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस ने चार आरोपियों को दबोच लिया है। पुलिस को दो आरोपियों की तलाश है। इसमें एक फरदीन भी शामिल है। इसके पहले लुटेरों ने पत्रकार कालोनी में भी लूट की वारदात को अंजाम दिया था। यह लूट जून 2025 में हुई थी। तब कलेक्शन एजेंट से 40 लाख रुपए की लूट हुई थी। इसमें भी बदमाशों की संख्या 6 थी।

### श्यामला हिल्स ही क्यों?

श्यामला हिल्स में ही बार-बार इसी तरह की लूट की घटनाएं सामने आ रही है। या तो बदमाशों को पता है कि यहां की पुलिस सुस्त है या खुला इलाका मिलने पर लूट करते हैं। पिछले कुछ समय से देखने में आया है कि बड़ी रकम हनुमानगंज व कोतवाली इलाके से निकलती है। रैकी के बाद उसे श्यामला हिल्स इलाके में लूट लिया जाता है। लूट का पैटर्न वहीं है। लुटेरे दो पहिया पर सवार रहते हैं। पीछा कर मौका देखकर हथियार दिखाकर लूट करते हैं। पॉलीटेक्निक चौराहे के पास भी लूट हुई थी। लुटेरे या तो इन इलाकों में काम कर चुके होते हैं या फिर पीड़ित को अच्छे से जानते हैं कि वह बड़ी रकम लेकर निकलते हैं। पिछली बार की तरह यह फरियादी भी चूना भट्टी जा रहा था।

## होटल की आड़ में आईडी पर आनलाइन क्रिकेट सट्टा खिलाने वाले तीन सटोरिए गिरफ्तार

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** आईडी पर आनलाइन क्रिकेट सट्टा खिलाने वाले तीन सटोरियों को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के तीन मोबाइल फोन जब्त किए हैं। मोबाइल में लाखों रुपए के लेनदेन का हिसाब है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। क्राइम ब्रांच पुलिस के मुताबिक, मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति नूतन कालेज के पीछे शिवाजी नगर हबीबगंज पर अपने मोबाइल से क्रिकेट मैच का अवैध सट्टा बुक कर रहे हैं। वह अवैध रूप से क्रिकेट मैच सट्टे की आईडी अन्य लोगों को लेते-देते हैं। सूचना मिलते ही पुलिस की एक टीम मौके के लिए रवाना हुई। जहां पर दो व्यक्ति खड़े दिखे जिन्हें स्टाफ की मदद से घेराबंदी कर दबोच लिया। उनकी पहचान दीपक जाधव (36) पिता जगदेव जाधव और विजय यदुवंशी (36) पिता रतन सिंह यदुवंशी निवासी दोनों साई बाबा नगर थाना हबीबगंज में रहते हैं। पुलिस ने दोनों के मोबाइल चैक किए तो क्रोम एप्लीकेशन में https://agent.ve&ch.net/profit पोर्टल पर क्रिकेट मैच सट्टे से संबंधित आईडी लॉगिन थी। आईडी में 2.32 लाख रुपए का बैलेंस था। उक्त आईडी के संबंध में आरोपी से पूछताछ की। उन्होंने क्रिकेट मैच का सट्टा खेलने व खिलाने की बात स्वीकार की।

**तीन मोबाइल जब्त, मोबाइल में लाखों रुपए के लेनदेन का हिसाब, दो आरोपी फरार**

### कमीशन पर ग्वालियर के रोहित से ली आईडी

जांच के दौरान चंदू निवासी कोच फैक्ट्री को पकड़ा। उसने अपना नाम हेमंत सिंह परिहार उर्फ चंदू पिता करन सिंह परिहार निवासी सिंधी विनायक कैम्पस ग्राम महोली थाना छोला मंदिर बताया। उससे अपराध के संबंध में पूछताछ कर उसके पास मिले मोबाइल को चैक किया। इसमें क्रोम एप्लीकेशन में क्रिकेट मैच सट्टे से संबंधित आईडी लॉगिन थी। आईडी में बैलेंस राशि 1.05 लाख रुपए थी। दीपक जाधव एवं विजय यदुवंशी के अलावा विनोद राजपूत निवासी कोच फैक्ट्री को आनलाइन क्रिकेट सट्टा के लिए मास्टर आईडी उपलब्ध कराना स्वीकार किया। उसने रोहित परिहार निवासी ग्वालियर से कमीशन पर आनलाइन क्रिकेट सट्टे की आईडी लेना बताया। मामले में फरार आरोपी रोहित परिहार एवं विनोद राजपूत की तलाश जारी है।

### गैलेक्सी होटल की जांच जारी

पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी दीपक जाधव द्वारा कोलार रोड स्थित गैलेक्सी होटल के नाम से होटल का संचालन किया जा रहा है, जिसकी आड़ में अवैध आनलाइन क्रिकेट सट्टा का कारोबार संचालित किए जाने की जानकारी सामने आई है। होटल की पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

# ज्योति टॉकीज के पास धंसी सड़क की मरम्मत शुरू

**बोर्ड ऑफिस से आने वाले चार पहिया वाहनों का रूट बदला**

**जागरण, भोपाल।** बोर्ड ऑफिस से ज्योति टॉकीज की ओर जाने वाले मार्ग पर यातायात व्यवस्था अस्थायी रूप से बदल दी गई है। ज्योति टॉकीज के पास धंसी सड़क की मरम्मत के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा कार्य शुरू किया जा रहा है। इसके चलते इस मार्ग से गुजरने वाले चार पहिया, भारी और सवारी वाहनों के लिए डायवर्जन लागू किया गया है। नगरीय यातायात पुलिस के मुताबिक, पीडब्ल्यूडी संधारण संभाग क्रमांक-2 द्वारा सड़क मरम्मत कार्य के लिए सूचना दी गई है। मरम्मत कार्य के दौरान सुरक्षा और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए बोर्ड ऑफिस से ज्योति टॉकीज की ओर जाने वाले वाहनों का मार्ग बदला गया है। डायवर्जन के तहत बोर्ड ऑफिस से ज्योति टॉकीज की ओर जाने वाले चार पहिया और भारी वाहन डीबी मॉल के सामने से दाहिने मुड़ेंगे। इसके बाद ये वाहन ठड्डाराम कॉम्पलेक्स मार्ग से होकर ज्योति टॉकीज की ओर जा सकेंगे। यह व्यवस्था मरम्मत कार्य पूरा होने तक लागू रहेगी।




**ट्रैफिक पुलिस की अपील** | यातायात पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित डायवर्जन मार्ग का उपयोग करें और यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। किसी भी प्रकार की जानकारी या असुविधा होने पर यातायात पुलिस के दूरभाष नंबर 0755-2677340 पर संपर्क किया जा सकता है।

**सुविधा** एम्स व काटजू में पहले से संचालित है मदर मिल्क बैंक, हर नवजात को मिलेगा का मां का दूध

# हमीदिया में खुलेगी शहर की तीसरी मदर मिल्क बैंक

**नगर संवाददाता, भोपाल।** हमीदिया अस्पताल में बहुत जल्द मदर मिल्क बैंक की शुरूआत होने जा रही है। यहां सुलतानिया अस्पताल के शिफ्ट होने के बाद से इसकी तैयारियां चल रही थीं। अब यह तैयारियां पूरी हो चुकी है, इसलिए बताया जा रहा है कि 17 मार्च को मदर मिल्क बैंक का शुभारंभ कर दिया जाएगा। एम्स और काटजू अस्पताल के बाद हमीदिया भोपाल का तीसरा अस्पताल होगा, जहां मदर मिल्क बैंक की सुविधा उपलब्ध होगी। हमीदिया अस्पताल प्रबंधन के अनुसार यहां सिविल वर्क तेजी से चल रहा है और अगले लगभग 10 दिनों में इसके पूरा होने की संभावना है। इसके बाद आवश्यक मशीनें और उपकरण स्थापित कर मिल्क बैंक को शुरू कर दिया जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक मार्च माह के भीतर इस सुविधा को शुरू करने की योजना है, जिससे नवजात शिशुओं को समय पर मां के दूध का लाभ मिल सकेगा।



### महिलाओं के दान से चलता है मदर मिल्क बैंक

मदर मिल्क बैंक में माताओं द्वारा दान किए गए दूध को सुरक्षित तरीके से संग्रहित किया जाता है। इसके लिए विशेष डीप फ्रीजर का उपयोग किया जाता है, जिसमें दूध को लगभग -30 डिग्री सेल्सियस तापमान पर सुरक्षित रखा जाता है। एक मिल्क बैंक में करीब 50 से 60 लीटर तक दूध संरक्षित किया जा सकता है। यहां मेकेनाइज्ड ब्रेस्ट पम्प, मिल्क स्टोरेज यूनिट और आधुनिक स्टरलाइजेशन सिस्टम जैसी सुविधाएं उपलब्ध होती हैं। इस बैंक में महिलाएं स्वेच्छा से अपना दूध दान कर सकती हैं, जिससे जरूरतमंद नवजात शिशुओं को पोषण मिल सके।

### क्यों इतना अहम है मां का दूध

विशेषज्ञों के अनुसार मां के दूध में प्राकृतिक एंटीबॉडी और पोषक तत्व भरपूर मात्रा में होते हैं। यही कारण है कि इसे नवजात शिशु का पहला टीका भी कहा जाता है। मां का दूध बच्चे की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करता है और उसे कई संक्रमणों से बचाता है। इसके अलावा यह बच्चे के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए भी बेहद जरूरी माना जाता है।

### 10 हजार डिलीवरी पर खोल सकते हैं बैंक


हमीदिया अस्पताल के अधीक्षक डॉ. सुनीत टंडन के अनुसार किसी भी अस्पताल में मदर मिल्क बैंक तभी खोला जा सकता है, जब उस अस्पताल में हर साल कम से कम 10 हजार से अधिक डिलीवरी होती हों। इसके लिए केंद्र स्तर से अनुमति मिलती है और अस्पताल के डॉक्टरों को विशेष प्रशिक्षण भी दिया जाता है। उन्होंने बताया कि हमीदिया अस्पताल में इन सभी प्रक्रियाओं को पूरा कर लिया गया है, इसलिए जल्द ही यहां मिल्क बैंक की सुविधा शुरू कर दी जाएगी।

### ऐसे बच्चों को मिलता है दूध

मदर मिल्क बैंक में संग्रहित दूध उन नवजात शिशुओं को दिया जाता है, जिन्हें किसी कारण से अपनी मां का दूध नहीं मिल पाता। यह दूध विशेष रूप से उन बच्चों के लिए उपयोगी होता है जो समय से पहले यानी प्री-मेच्योर पैदा होते हैं। इसके अलावा एसएनसीयू (स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट) में भर्ती बच्चों को भी यह दूध दिया जाता है। यदि किसी मां को गंभीर बीमारी के कारण आईसीयू में रखना पड़े और वह अपने बच्चे को स्तनपान नहीं करा सके, तब भी मिल्क बैंक का दूध नवजात के लिए जीवनदायी साबित होता है।

### महिला को ब्लैकमेल कर युवक ने किया दुष्कर्म

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** गौतम नगर इलाके में एक महिला को ब्लैकमेल कर दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी महिला का रिश्तेदार है। महिला ने उससे सुसराल की बुराई की तो उसने रिकार्ड कर लिया था। जिसे बाद में ससुराल पक्ष को बताने के नाम पर वह उसे धमकाने लगा। आरोपी की हरकतों से परेशान होकर महिला थाने पहुंची और उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई। गौतम नगर थाना प्रभारी महेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि 32 वर्षीय महिला शादीशुदा है और इलाके में रहती है। उसका रिश्तेदार अफसर खान है। महिला की उसकी बातें होती थी। भरोसे में आकर महिला ने उससे अपनी ससुराल की बुराई की। यह बातें उसने फोन में रिकार्ड कर ली। बाद में वह महिला को धमकाने लगा कि यदि मेरे साथ संबंध नहीं बनाए तो यह रिकार्डिंग ससुराल वालों को सुना देगा। इससे उसका घर टूट जाएगा। महिला ने काफी मिन्नतें कीं लेकिन आरोपी नहीं माना।



साहित्य और संगीत का

# जात कहां हो अकेले...

**केसरबाई केरकर को कठिन रागों को पूर्ण शुद्धता से गाने या संगीत से कोई समझौता न करने वाली महान गायिका के रूप में जाना जाता है। इकलौती भारतीय गायिका हैं, जिनकी आवाज अंतरिक्ष में सुरक्षित है...**

संगीतायन



चंदन तिवारी
वाराणसी



जयपुर- अतरौली घराने की केसरबाई ने खयाल गायकी में तब पहचान बनाई, जब पुरुष गायकों का ही वर्चस्व था। उन्होंने संगीत के मामले में कभी कोई समझौता नहीं किया। गोवा के केरी नामक छोटे से गांव में जन्मीं केसरबाई की संगीत - यात्रा बचपन में मंदिरों में भजन सुनने और गाने से हुई। पहले कोल्हापुर में उस्ताद अब्दुल करीम खान से सीखा, पर करीम खान साहब राजघराने के आमंत्रण पर राज दरबार चले गए। बाद में भी वह जिन गुरुओं के सान्निध्य में गईं, वहां भी ऐसा ही होता रहा। अंत में उनका पड़ाव बंबई (अब मुंबई) बना। उस्ताद अल्लादिया खान के पास उन्हें ठौर मिला, जिन्हें 'ज्ञानमहर्षि' कहा जाता था। वह सिखाने को जल्द तैयार नहीं होते थे। आखिरकार उन्होंने केसरबाई को शिष्या स्वीकार कर लिया। सख्त मिजाज उस्ताद अल्लादिया हर दिन दस घंटे रियाज करवाते।


एक समर्पित साधिका की तरह केसरबाई ने एक अच्छी शिष्या होकर दिखाया। खान साहब ने संगीत समारोहों में गायन का उन्हें अवसर दिया। अपने गुरु की तरह ही उन्होंने संगीत की मान-मर्यादा व गरिमा से समझौता नहीं किया। गायकी के प्रति वह इतनी ईमानदार रहीं कि जब उन्हें लगा कि उम्र की वजह से उनका गला अब पहले जैसा नहीं सध रहा, तो वह गायकी से अलग हो गईं। उस दौर में अनेक शीर्षस्थ गायक प्रयोग के नाम पर रागों की मौलिकता से छेड़छाड़ करने लगे थे, लेकिन केसरबाई ने शुद्धता बरकरार रखी। उनकी गायकी सुनकर गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर ने कहा था, 'मैं खुद को भाग्यशाली मानता हूं कि मुझे उनका गायन सुनने का मौका मिला।'

सिद्धेश्वरी देवी, बेगम अख्तर और एमएस सुब्बा लक्ष्मी जैसी गायिकाएं उनकी प्रशंसक थीं। उनकी आवाज की मिसाल दी जाती थी, मंद्र से लेकर तार सप्तक तक उनकी आवाज सहजता से यात्रा करती थी। अल्लादिया खां घराने की विशेषताएं, जैसे खयाल को विलंबित और मध्यम गति में प्रस्तुत करना, रागों का विविध लयबद्ध पैटर्न में स्वर - संयोजन का विस्तार और कठिन रागों को प्राथमिकता देना, आदि उनके गायन प्रतिबिंबित होती हैं। केसरबाई गीत के भाव और अर्थ पर जोर देने में विश्वास करती थीं, लेकिन उनके संगीत का आकर्षण उनके स्वर, ताल और बोल संयोजन की सटीकता में था। व्यवस्थित आलाप, सटीक तान और बोल-तान उनके वर्षों के कठिन अभ्यास को दर्शाते हैं। उनकी विविधतापूर्ण जोरदार तानों की तुलना फव्वारे की धारा से की जाती है, जो ऊपर की ओर जाती है और रंगों में बिखरकर नीचे आती है। बसंती - केदार, सावनी- नट, नट- बिलावल, सावनी - कल्याण जैसे दुर्लभ रागों को प्रस्तुत करने में उनकी विशेषज्ञता थी । मल्हार, नट, कणाद आदि रागों के विभिन्न प्रकारों के सूक्ष्म अंतरों को वे गायकी में प्रकट कर देती थीं। उनके निधन के बाद जब नासा ने यान वायजर - 1 अंतरिक्ष में भेजा तो उसमें 12 इंच की सोने की परत चढ़ी तांबे की डिस्क भेजी गई, जिसमें बीथोवन, बाख, मोजार्ट जैसे दुनिया के प्रसिद्ध संगीतकारों के साथ केसरबाई केरकर का गीत भी था।

विश्व साहित्य

**संस्कृतियों के बीच टकराव और व्यक्तियों के लिए अप्रत्याशित स्थानों में अर्थ खोजने की संभावना को उजागर करती एच. जी. वेल्स की विश्वप्रसिद्ध कहानी 'लार्ड आफ द डायनमो' के अनुवाद का अंश ....**

# बिजलीघर का देवता



**अजूमाजी के आने के बाद जल्दी ही होलराय ने उस बड़े जेनरेटर के बारे में अपना विद्वत्ता भरा भाषण उस पर उड़ेल दिया। उसे इस शेड में बहुत जोर लगाकर बोलना पड़ रहा था।**

कैंबरवेल में बना यह बिजलीघर, जिसमें भाप से घूमने वाले तीन जेनरेटर डायनमो लगे हैं, यार्कशायर से निकलने वाली इलेक्ट्रिक ट्रेनों के लिए बिजली बनाता है। इस बिजलीघर के काम की सारी देखरेख जो आदमी करता है, उसका नाम है- जेम्स होलराय। यह बंदा अपने काम में तो खैर उस्ताद था, लेकिन शराब इसकी कमजोरी थी। ऊबड़-खाबड़ दांत और बालों भरा जिस्म उसे एक बेवकूफ और जंगली आदमी जैसा पेश करते थे। उसे तकनीकी सिद्धांतों पर जितना भरोसा था, उसका रत्ती भर भी किसी ईश्वर पर नहीं था। उसने थोड़ा बहुत शेक्सपियर को पढ़कर इसलिए खारिज कर दिया था कि उसे शेक्सपियर रसायनशास्त्र में बिल्कुल कोरा लगा था। होलराय का एक सहायक भी था और वह भी लगता था, जैसे किसी रहस्यमयी दुनिया से लाया गया हो। उसका नाम तो था अजूमाजी, लेकिन उसका उस्ताद उसे पोह कहकर बुलाता था। उस्ताद होलराय को अपना यह हब्शी सहायक पोह दो कारणों से बहुत ठीक लगता था। एक तो यह कि वह हब्शी पोह अपने उस्ताद द्वारा की गई पिटाई को बिना चूं किए झेल जाता था, जो कि उस्ताद की आदत थी। दूसरा यह कि पोह को मशीनों में बारीक निगाह से ताक-झांककर सीखने-समझने का शौक नहीं था। इस नीग्रो हब्शी की उल्टी खोपड़ी में क्या फितूर पैदा हो सकता है, इसका अंदाज उस्ताद होलराय को बहुत बाद में हुआ।

अजूमाजी उर्फ पोह की फितरत को समझ पाना किसी भी मनुष्य प्रजाति के विज्ञानी के बस की बात नहीं थी। वह किसी भी हब्शी के मुकाबले कहीं ज्यादा हब्शियाना इंसान था, भले ही उसके बाल उतने ही घुंघराले थे और नाक वैसी ही उठी हुई। उसकी चमड़ी का रंग काला न होकर, बादामी था और उसकी आंख की पुतली के चारों और का हिस्सा, जो प्रायः सफेद होता है, वह पीला था। उसके चौड़ी हड्डीवाले गाल और नुकीली ठुड्डी, उसके चेहरे को ऐसा दिखाते थे, मानो वह सांप का सिर हो। उसका सिर भी पीछे की तरफ ज्यादा चौड़ा था और माथा सामने को झुका हुआ और संकरा था। ऐसा लगता था कि यूरोप के लोगों से इतर, ईश्वर ने उसका दिमाग मरोड़कर पीछे की तरफ फिट किया है। वह नाटे कद का आदमी था और उसकी अंग्रेजी बेहद चौपट थी। बातचीत के दौरान वह ऐसी बहुत सी आवाजें निकालता था, जिनका अंग्रेजी भाषा में कोई मतलब नहीं है। उसके अक्सर बोले जाने वाले शब्द अशुद्धि और भोंडेपन के भयंकर नमूने बनकर सामने आते थे। उसका उस्ताद होलराय, अकसर शराब पी लेने के बाद उसे उसके धार्मिक विचारों और अंधविश्वासों के खिलाफ भाषण देता था और जब भी पोह अपने देवी - देवताओं के खिलाफ सुनकर प्रतिवाद करता तो उस्ताद के हाथों उसकी पिटाई होती।

अजूमाजी जब पहले-पहल यहां पहुंचा था, तब उसके बदन पर पूरे कपड़े नहीं थे और जो भी थे, वह सफेद होने के बावजूद ऐसा लग रहा था कि वह जैसे लंदन से दूर की किसी कोयले की भट्टी से निकलकर आए हों। अजूमाजी ने अपने देश में रहते हुए बचपन में ही लंदन की शाही जिंदगी के किस्से सुन रखे थे, उसने सुना था कि लंदन में सभी औरतें गोरी और खूबसूरत होती हैं, सड़क के भिखारी तक भी गोरे ही होते हैं, बस इसी सब से प्रेरित होकर वह जेब में अपनी ताजा कमाई के कुछ सोने के सिक्के लेकर लंदन चला आया था कि वह यहां सभ्य देश के किसी देवालय में पूजा-पाठ करेगा। जब वह लंदन पहुंचा, वह एक बुरे मौसम वाला दिन था। आसमान बादलों से घिरा था और सड़क बारिश की फुहार से फिसलन भरी हो गई थी, लेकिन वह बिना किसी दुविधा के थका-मांदा सा, अपनी ओर से भले आदमी की तरह कपड़े पहने, जेब में बस जरूरत भर सिक्के लिए आगे जा रहा था और उसका भविष्य था कि वह एक गूंगे जानवर की तरह उस कैंबरवेल के बिजलीघर मैं जेम्स होलराय के सामने लात-घूंसे खाने पहुंच जाए और जेम्स होलराय के लिए यह पिटाई- ठुकाई प्यार करने का एक ढंग था।

बरवेल के उस बिजलीघर में तीन डायनमो जेनरेटर लगे थे। उनमें से दो छोटे वाले तो वहां शुरू से हुए थे और तीसरा बड़ा वाला वहां नया-नया लाया गया था। उन दो में से भी एक मशीन की कसाहट ढीली थी, जिससे पूरी मशीन में लगातार पूरे शेड को शोर से भर देनेवाला कंपन होता रहता था। बड़े वाले डायनमो जेनरेटर के हल्ले की तो बात ही मत पूछो। उसके लोहे की आवाज में तो इन बेचारे दोनों की आवाज डूब ही जाती थी। वह जगह ऐसी थी, जो किसी भी आने वाले के दिमाग को घुमाकर ही रख दे। धक-धक-धक इंजन की आवाज, बड़े चक्कों के लगातार घूमने की आवाज, उनके साथ मशीनी पुर्जों की टकराहट का शोर, ऊपर से बीच-बीच में तेजी से छूटता भाप का झोंका... अक्सर अचानक बड़ा जेनरेटर जोर से सीटी जैसी गहरे भेदने वाली आवाज भी निकालने लगता था, जो रुकती थी तो बस अपने आप ही रुकती थी । दरअसल, बडे जेनरेटर से आने वाली यह सीटी जैसी आवाज किसी तकनीकी खराबी की वजह से थी, लेकिन पौह इस आवाज को बिजलीघर के दैत्य की चिंघाड़ कहता था और शान से मानता था कि यह उसकी ताकत का सबूत है।

बाप रे, कितने तरह का शोर भरा था उस शेड में, ब्वायलर में लगातार बहती भाप की आवाज मानो कान को उखाड़कर हाथ में रख दे। मशीनों के पिस्टन, जो लगातार सिलेंडरों में आगे-पीछे होते हुए चीखते-चिल्लाते रहते थे, ड्रमों के ऊपर चमड़े के पट्टों का लगातार रगड़ना - पटकना, किसी पटाखे के शोर से कम नहीं था । सारी आवाजें पूरे शेड में इस कदर ठसाठस भरी हुई थीं कि कहीं भी जाओ, कानों के लिए जरा भी चैन की गुंजाइश नहीं थी। उस पर से जब बड़े जेनरेटर की तुरही बजने लगती, तब तो गजब ही होने लगता था । पूरे शेड में पांव तले की जमीन लगातार कांपती रहती थी। वह जगह किसी को भी बौखला देने के लिए काफी थी। उन दिनों वहां सीनियर इंजीनियरों की हड़ताल तीन महीनों से जारी थी। इस दौरान वह शैतानी लातवाला उस्ताद होलराय और काला हब्शी अजूमाजी यानी पोह ही वहां 24 घंटे की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। अजूमाजी के आने के बाद जल्दी ही होलराय ने उस बड़े जेनरेटर के बारे में अपना विद्वत्ता भरा भाषण उस पर उड़ेल दिया। उसे इस शेड में बहुत जोर लगाकर बोलना पड़ रहा था। उसने ललकारकर कहा, 'इसे देखो, बताओ, मिट्टी पत्थर के बने तुम्हारे कौन-कौन से देवता इस मशीन के सामने टिक सकते हैं?'

अजूमाजी कुछ देर बस खामोशी से उस मशीन को देखता रहा । फिर उसने उस्ताद को कहते हुए सुना- 'इस दुनिया में अगर 100 आदमी मरते हैं, तो उनमें से केवल 12 लोगों को छोड़कर बाकी सबकी मौत इन्हीं की ताकत का नतीजा होता है। अरे, यह मशीन तो भगवान से बढ़कर है।'

होलराय को इस बड़ी मशीन की हस्ती पर बड़ा गुमान था और वह गाहे-बगाहे अजूमाजी पर इस हस्ती का रौब झाड़ता रहता था, लेकिन बस तब तक जब तक कि अजूमाजी की घुंघराले बालों से ढकी खोपड़ी में नया फितूर कौंध नहीं गया!

**( प्रभात प्रकाशन की एच. जी. वेल्स की लोकप्रिय कहानियां से साभार )**

कविताएं



डॉ. ओम प्रकाश शुक्ल
भोपाल

## अब तो सब नीरस लगता है

उजला था जो ,
अब धुप्प अँधेरा है
जीवन के रंगों ने
बेमतलब बैर बढ़ाही है
अब तो वसंत भी नीरस लगता है
दृश्य वही है
फिर भी सब
मुरझाया सा लगता है
गर्मी की गर्म हवा से
बचने को
हाथों से झलने वाले पंखे
रिश्तों के रंगों से बनते थे
हाथों से अब वे छूट गए हैं
बरसातों में पगडण्डी पर
पैरों की छप-छप, धप-धप
अब नहीं सुनाई देती है ।
सावन में पेड़ों पर अब झूलें
नहीं दिखाई देते हैं
सब बदल गया है
तितर-बितर कर डाला है
जीकर भी मरने जैसा
खुद को कर डाला है ।

## बेटियां प्रज्वला बन रही हैं

बेटियाँ अब दरवाज़े से
निकल कर
ओसारे को लाँघते हुए
हम स्कूल चलें, निकल पड़ी हैं
बचपन में ब्याही नहीं जातीं
न ही अँधेरी कोठरी में
बेटे को जनने के लिए
जेठ और देवर के सामने
कोठरी में धकेली जाती हैं ।
आज माँ-बाप को
बेटी पर गर्व है
वंशज कहलाने लगीं हैं
वह अँधेरे और उजाले का
बख़ूबी फ़र्क़ जानती है
अबला से सबला
और गुमनामी से निकलकर
भारत माँ की तिलक
और आवाज़ बनती जा रहीं हैं
इस पावन धरा पर
अब बेटियां प्रज्वला
बनती जा रहीं हैं ।

# राजधानी

# रेप व देह व्यापार केस में आरोपी बहनें सिया समुदाय की, निकला ईरानी डेरा कनेक्शन

**20 साल पहले लखनऊ से आया था परिवार, पिता की मौत के बाद सेक्स रैकेट की सरगना बनीं**

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** काम की आड़ में युवतियों से रेप, देहव्यापार और धर्मांतरण केस में आरोपी बनीं दोनों बहनें सिया समुदाय की हैं। उनकी ईरानी डेरा कनेक्शन निकला है। पुलिस जांच में इस बात की पुष्टि हुई है कि दोनों का ईरानी डेरे से संबंध है। 20 साल पहले यह परिवार लखनऊ से भोपाल आया था। बागसेवनिया थाना पुलिस की जांच में सामने आया है कि पिता की मौत के बाद अमरीन सेक्स रैकेट की सरगना बन गई। वह स्पा सेंटर में काम करती और यहीं से लोगों को काम दिलाने के नाम पर उनका शोषण शुरू करती थी। मामले में पुलिस को आरोपी जाकिर, बिलाल और चानू की तलाश है। जाकिर अहमदाबाद का रहने वाला है। उसके न मिलने पर पुलिस की जांच अटक गई। जानकारी के



मुताबिक, बागसेवनिया पुलिस की गिरफ्त में आई आरोपी बहनें अमरीन और आफरीन फिलहाल जेल में हैं। 20 साल पहले दोनों बहनें परिवार के साथ लखनऊ से भोपाल आई थीं। परिवार वहीं के एक ईरानी कबीले से ताल्लुक रखता है। भोपाल आने के बाद पिता ने एक टेलर की दुकान में कारीगरी की। इससे परिवार का गुजारा बमुश्किल होता था। वर्ष 2020 में कोरोना काल में पिता की मौत हो गई। इसके बाद दोनों ने जॉब करने की ठानी। पहले अमरीन ने नर्मदापुरम के एक स्पा सेंटर में काम किया। उसी ने अपनी छोटी बहन आफरीन को भी एक स्पा में नौकरी दिलाई। यहां से दोनों बहनें कई हाई प्रोफाइल लोगों के संपर्क में आईं। स्वयं देहव्यापार से जुड़ीं। बाद में दूसरी लड़कियों को भी इस दलदल में धकेल दिया। ऐसी दो पीड़िताएं पुलिस को पास पहुंची थीं, जिन्होंने बताया कि काम दिलाने के नाम पर उनका शारीरिक शोषण किया गया। भोपाल से लेकर अहमदाबाद में उनके साथ दुष्कर्म किया गया। आरोपी बहनें अपने मुंहबोले भाइयों के सामने उनको परोस देती थीं। एफआईआर दर्ज कराने वाली दोनों पीड़िताओं का दावा है कि आरोपी बहनें करीब पांच-सात लड़कियों को देहव्यापार में धकेल चुकी हैं।

### काम दिलाने के नाम पर रेप

इस धंधे में लाने के लिए ये बहनें एक ही तरीका अपनाती थीं। पहले उन्हें बच्चा संभालने के नाम पर घर में नौकरी पर रखतीं। फिर साथ घुमाती-खिलातीं। हाई प्रोफाइल पार्टियों में ले जातीं। मौका पाकर चंदन, बिलाल, चानू उर्फ हाशिम रजा उनके साथ रेप करते थे। उनको छोटे कपड़े पहनने के लिए मजबूर किया जाता था। बाद में बदनामी का डर दिखाकर उन्हें धमकाया जाता था। अमरीन ने अहमदाबाद में भी स्पा सेंटर में काम किया है। यहां यासिर स्पा सेंटर में जॉब दिलाने के बहाने युवतियों को देहव्यापार के लिए मजबूर करता था। पुलिस यासिर, बिलाल और चानू की तलाश में जुटी है।

## भोपाल की लाइन अटेंडेंट नेहा को दिल्ली में मिला सम्मान

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यक्षेत्र में निर्धारित मापदंडों पर उच्च प्रदर्शन करने वाले तीन लाइनमैंनों का सम्मान विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा नई दिल्ली में आयोजित लाइनमैन दिवस समारोह में किया गया। सम्मानित होने वालों में भोपाल शहर वृत्त में कार्यरत वरिष्ठ लाइन अटेंडेंट नेहा चौरसिया, ग्वालियर शहर वृत्त में कार्यरत देवेन्द्र सिंह कुशवाह तथा जशरथ रैकवार को सम्मानित किया गया। छठवें लाइनमैन दिवस के अवसर पर ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, मप्र की तीनों वितरण कंपनियों के अध्यक्ष विशेष गढ़पाले तथा मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचाल ऋषि गर्ग ने बधाई दी है। विद्युत तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राच्य मंत्री श्रीपद येसो नाइक ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के दौरान मनाया जाने वाला लाइनमैन दिवस, बिजली क्षेत्र के उन फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं के समर्पण को मान्यता देता है जो देश भर में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करते हैं।



## बिलखिरिया में करंट लगने से युवक की मौत

**जागरण,भोपाल।** बिलखिरिया थाना क्षेत्र में युवक की करंट लगने से मौत हो गई। वह रिश्तेदार की शादी में शामिल होने आया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 20 वर्षीय अनिकेत कुशवाहा पिता सुरेश रायसेन का रहने वाला था। वह रिश्तेदार गणेश कुशवाह की शादी समारोह में शामिल होने आया था। मंगलवार तीन बजे अनिकेत पेड़ पर चढ़कर लोहे के डंडे से अमरूद तोड़ रहा था। इस दौरान हाईटेंशन बिजली की तार की चपेट में आ गया। जिससे वह बेसूध नीचे गिर पड़ा। परिजन तुरंत उसे हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा। बुधवार को शव का पीएम करवाया जाएगा।

**M.P. BUILDING DEVELOPMENT CORPORATION**
(An Agency of Govt. of M.P. Public Works Department)
16 – A, CEDMAP Building, Arera Hills, Bhopal (M.P.)-462011
Telephone No. : 0755-4853297, 0755-4853295
E-mail : einc-mpbdc@mp.gov.in, dgmhqmpbdc@gmail.com
MPBDC
NIT No. : 2001/GM/MPBDC/CW/26/NIT-78 Bhopal, Dated : 10.03.2026

**NOTICE INVITING TENDER**

Madhya Pradesh Building Development Corporation Limited (MPBDC) Bhopal invites Online Tenders for the following works :-

1. New Furniture for MPBDC office at Second Floor and Third Floor of CEDMAP Building Arera Hills, Bhopal **PAC :- Rs. 57.99 Lakhs**
2. Construction of Integrated aquapark and Research center at Bhadbhada Fisheries Area, Bhopal M.P. (3rd Call) **PAC :- Rs. 3,165.38 Lakhs**
3. Construction of new Building in Govt. College at Hanumana, Dist. Mauganj (M.P.) **PAC :- Rs. 1,348.85 Lakhs**
4. Construction of Government Law College Dist. Agar Malwa M.P. **PAC :- Rs. 1,555.24 Lakhs**
5. Construction of 50 bedded Boys and 50 Girls bedded Hostel at Sandeepani School Anjaniyan, Dist. Mandla M.P. **PAC :- Rs. 367.76 Lakhs**
6. Construction work of Kanya Shiksha Parisar at Pansemal, District Badwani M.P. **PAC :- Rs. 2,974.16 Lakhs**
7. Construction of Kanya Shiksha Parisar at Dhulkot, Dist. Khargone M.P. **PAC :- Rs. 2,974.16 Lakhs**
8. Construction work of Kanya Shiksha Parisar at Pandhana, District Khandwa M.P. **PAC :- Rs. 2,974.16 Lakhs**
9. Construction work of Kanya Shiksha Parisar at Punasa, District Khandwa M.P. **PAC :- Rs. 2,974.16 Lakhs**
10. Construction of Kanya Shiksha Parisar at Sardarpur, Dist. Dhar M.P. **PAC :- Rs. 2,974.09 Lakhs**
11. Renovation Upgradation and New Construction work at Govt. P.G. College, Dist. Katni M.P.(2nd Call) **PAC :- Rs. 439.34 Lakhs**
12. Renovation Upgradation and New Construction work at Govt. P.G. College Dist. Mandsaur M.P. (2nd Call) **PAC :- Rs. 449.16 Lakhs**
13. Construction of Indoor Hall and Boundary Wall at Dist. Narmadapuram M.P. **PAC :- Rs. 384.51 Lakhs**
14. Renovation Upgradation and New Construction work at Govt. ABV Arts and Commerce College, Dist. Indore M.P. **PAC :- Rs. 204.77 Lakhs**
15. Renovation Upgradation and New Construction work at Govt. P.G. College, Dist. Sehore M.P. **PAC :- Rs. 621.34 Lakhs**
16. Renovation Upgradation and New Construction work at Govt. P.G. College, Dist. Raisen M.P. **PAC :- Rs. 494.82 Lakhs**
17. Renovation Upgradation and New Construction work at Govt. P.G. College, Dist. Rajgarh M.P. **PAC :- Rs. 299.28 Lakhs**
18. Renovation Upgradation and New Construction work at Govt. P.G. College, Dist. Vidisha M.P. **PAC :- Rs. 458.2 Lakhs**
19. Renovation Upgradation and New Construction work at Govt. P.G. College, Dist. Datia M.P. **PAC :- Rs. 571.19 Lakhs**
20. Renovation Upgradation and New Construction work at Govt. P.G. College Dist. Seoni M.P. **PAC :- Rs. 850.74 Lakhs**
21. Renovation Upgradation and New Construction work at Govt. Hamidia College, Dist. Bhopal. **PAC :- Rs. 537.55 Lakhs**
22. Construction of Outdoor stadium at Bareli Dist. Raisen M.P. (**2nd Call**) **PAC :- Rs. 237.83 Lakhs**

Detailed NIT and tender documents can be viewed, downloaded and purchased online for from **16.03.2026 at 18:00 hrs. to 07.04.2026 at 15:30 hrs. (for S. No. 01 to 02), 13.03.2026 at 18:00 hrs. to 06.04.2026 at 15:30 hrs. (for S. No. 03 to 22) from website www.mptenders.gov.in The bidders have to submit the Bids online only** from Website **www.mptenders.gov.in**. PAC can vary at the time of uploading of tender document. Any amendment/corrigendum 'if any' will be published on website only, will not be published on newspapers.
M.P. Madhyam/124855/2026 **MANAGING DIRECTOR**

# कॉर्पोरेट इंस्टीट्यूट में विज्ञान दिवस पर उत्सव का आयोजन



**भोपाल।** कॉर्पोरेट इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय उत्सव का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य छात्रों में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति उत्साह तथा जागरूकता बढ़ाना था। इस दौरान कई रचनात्मक और शैक्षिक गतिविधियाँ आयोजित की गईं। कार्यक्रम की शुरुआत रंगोली प्रतियोगिता से हुई, जिसमें छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच को रंगों के माध्यम से सुंदर रूप में प्रस्तुत किया। इसके बाद भाषण और पोस्टर प्रस्तुति प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने विज्ञान, पर्यावरण और नवाचार जैसे विषयों पर अपने विचार प्रभावी ढंग से व्यक्त किए। इसके अतिरिक्त एक अतिथि व्याख्यान भी आयोजित किया गया, जिसमें उद्योग और विज्ञान क्षेत्र के विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया। उन्होंने अपने अनुभव और ज्ञान साझा कर छात्रों को प्रेरित किया तथा विज्ञान के व्यावहारिक महत्व को समझाया। कार्यक्रम के समापन पर पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें विजेता छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। निदेशक डॉ. भरत किशोर गुप्ता ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, विज्ञान केवल किताबों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा है।

# कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन

**जागरण, भोपाल।** श्री राम राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था अयोध्या धाम अंतरराष्ट्रीय महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन आयोजित किया गया । कार्यक्रम में संस्थापक कवि अशोक गोयल चक्रवर्ती और कवयित्री बीना गोयल ने अध्यक्षता की। कार्यक्रम का शुभारंभ चंद्रकला शर्मा द्वारा मां शारदे की वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम में दो वयोवृद्ध कवयित्रियों डॉ सुमन मल्होत्रा मुजफ्फरपुर और उषा सूद मुंबई को महादेवी वर्मा पुरस्कार 2026 से सम्मानित किया गया यह सम्मान बिहार, व को उनके हिंदी साहित्य में विशेष योगदान के लिए प्रदान किया गया। संचालन शशि कला पाण्डेय, दीपा शर्मा, व आशा शर्मा जी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। डॉ प्रभा जैन देहरादून, पुष्पा पालीवाल पुष्प कांकरोली राजसमंद, संगीता शुक्ला प्रयागराज,हिम्मत चोरडिया प्रज्ञा डॉ मधु स्वामी गाजियाबाद, रीता गुगलानी फरीदाबाद, डॉक्टर सुप्रीती चावला, डॉ चंद्रकला भागीरथी धामपुर, मंजू दलाल मंजरी नई दिल्ली, रश्मि पाण्डेय जबलपुर, आशा शर्मा,इंदौर चंद्रकला दुबे डिंडोरी मंशा शुक्ला अंबिकापुर, स्वर्ण रेखा मिश्रा हरदोई, मंजू गुप्ता नवी मुंबई, डॉ अंजना सिंह कोरबा छत्तीसगढ़, डॉ गीता पांडे अपराजिता, दीपा शर्मा उजाला फरीदाबाद, चंद्रकला शर्मा प्रधान पाठक छत्तीसगढ़, शशि कला पाण्डेय छत्तीसगढ़, सुमन वर्मा नजीबाबाद, रेखा शंखवार, सुनीता छाबड़ा गाजियाबाद, डॉ (कु.) शशि जायसवाल प्रयागराज, डॉ ममता सूद कुरुक्षेत्र, श्वेता कुमारी चौबे, सरिता श्रीवास्तव जोधपुर।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda
बैरसिया रोड शाखा भोपाल

**लॉकर धारकों के लिए सूचना**

लॉकर धारकों और बैंक के बीच निष्पादित सेफ डिपाजिट लॉकर एग्रीमेंट की शर्तों के अनुसार लॉकर किराए का भुगतान न किए जाने के परिणामस्वरूप, टर्मिनेशन नोटिस और ब्रेक ओपन नोटिस डाक के माध्यम से निम्नलिखित लॉकर धारकों की उनके पंजीकृत पते पर भेजे गए थे। हालांकि उक्त नोटिस अप्राप्य शाखा में वापस आ गए हैं और उक्त लॉकर एग्रीमेंट की शर्तों के अनुसार किए गए सभी अन्य प्रयासों के बावजूद, लॉकर धारकों ने न तो जवाब दिया है और न ही उनका पता लगाया जा सका है।

| लॉकर धारक का नाम एवं पता | नोटिस की तिथि | लॉकर संख्या | अतिदेय किराया |
|---|---|---|---|
| सीता शर्मा पत्नि एम पी शर्मा<br>21, छोला नाका, भोपाल | 24.04.2024<br>21.10.2024<br>17.06.2025 | 7848AX0124 | ₹ 15930/-<br>+अन्य खर्चे |
| मोहम्मद इशाक<br>म नं. 79, मंगलवारा, भोपाल | 24.04.2024<br>21.10.2024<br>17.06.2025 | 7848AX0100 | ₹ 15930/-<br>+अन्य खर्चे |
| रमेश चंद जैन<br>लोहा बाजार, भोपाल | 24.04.2024<br>21.10.2024<br>17.06.2025 | 7848AX0090 | ₹ 21653/-<br>+अन्य खर्चे |

उपरोक्त लॉकर एग्रीमेंट के प्रावधानों के अनुसार, हम आपको सूचित करते हैं कि यदि लॉकर को सरेंडर नहीं किया जाता है और लॉकर की चाबी इस नोटिस की तारीख से 3 महीने की अवधि के भीतर वापस नहीं की जाती है, तो हम दिनांक **12.06.2026** को दोपहर **12.00** बजे आपके लॉकर को तोड़ने की कार्रवाई शुरू करेंगे, चाहे आप उपस्थित रहें या नहीं। और लॉकर को तोड़ते समय लॉकर से बरामद सामग्री की एक सूची, यदि कोई हो, तैयार की जाएगी।
इसके अलावा, अतिदेय किराया, जुमार्ना, शुल्क, लॉकर तोड़ने का शुल्क और अन्य खर्च आपसे वसूल किए जाएंगे तथा लॉकर में रखी सामग्री के साथ निष्पादित लॉकर एग्रीमेंट और कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।
कृपया ध्यान दें कि उपरोक्त संबंध में बैंक द्वारा की गई कोई भी कार्रवाई बैंक के अधिकारों के अनुरुप और अविवादित होगी और इसकी लागत और जोखिम की जिम्मेदारी पूरी तरह आपकी होगी और बैंक किसी भी तरह से उत्तरदायी नहीं होगा।
दिनांक : 11.03.2026
स्थान: भोपाल
शाखा प्रमुख/प्राधिकृत अधिकारी
बैंक ऑफ बड़ौदा

## संक्षिप्त खबरें

### विशेष कार्यक्रम में महिलाओं को बताया स्वस्थ जीवनशैली का महत्व



**जागरण, भोपाल।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में पश्चिम मध्य रेल, भोपाल मंडल द्वारा नर्मदा क्लब में महिला कर्मचारियों के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य, आत्म-सशक्तिकरण तथा जागरूकता को बढ़ावा देना था। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि योग गुरु महेश अग्रवाल उपस्थित रहे। उन्होंने मेडिटेशन (ध्यान), संतुलित आहार, नियमित व्यायाम तथा स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर विस्तृत जानकारी देते हुए महिला कर्मचारियों को व्यावहारिक सुझाव प्रदान किए। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वस्थ महिला ही एक सशक्त परिवार और समृद्ध समाज की मजबूत नींव होती है, इसलिए महिलाओं को अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान महिला कर्मचारियों को प्रेरणादायक विषय पर आधारित एक विशेष शॉर्ट फिल्म भी प्रदर्शित की गई, जिसने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को सकारात्मक संदेश दिया। उक्त कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी श्री विजय सिंह के मार्गदर्शन एवं सहायक कार्मिक अधिकारी (यातायात) के नेतृत्व में किया गया।

### सवा करोड़ शिवलिंग निर्माण एवं भागवत कथा का आयोजन 12 से

**जागरण, भोपाल।** देव प्रभाकर शास्त्री, दद्दाजी की स्मृति में 137वें सवा करोड़ शिवलिंग निर्माण महारुद्राभिषेक एवं श्रीमद भागवत कथा का विशाल आयोजन 12 मार्च से 18 मार्च तक दशहरा मैदान, बिट्टन मार्केट, भोपाल में होने जा रहा है, जिसमें कलश यात्रा बुधवार को दोपहर 3.00 बजे बिट्टन मार्केट चौराहे से आरम्भ होकर यज्ञ स्थल तक पहुंचेगी। आयोजन समिति के अनुसार, यहां सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण में पूरे भारत वर्ष से भक्त शामिल होंगे। पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं महा रुद्राभिषेक के लिए विशाल पंडाल, जल व्यवस्था, विद्युत सज्जा एवं सुरक्षा के पूरे इंतजाम किए गए हैं। प्रतिदिन लाखों श्रद्धालुओं के लिए पार्थिव शिवलिंग निर्माण हेतु बैठक व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। श्रीमद्भागवत कथा का वाचन गोलोकवासी गृहस्थ सन्त पंडित देव प्रभाकर शास्त्री दद्दाजी के च्येष्ठ पुत्र प्रसिद्ध कथावाचक अनिल प्रभाकर शास्त्री के मुखारविंद से किया जाएगा।

### श्री साईं आयुर्वेदिक रिसर्च एंड मेडिसिन में नारी शक्ति का शंखनाद



**भोपाल।** सा विद्या या विमुक्तये के ध्येय वाक्य के साथ, मानसरोवर कैंपस स्थित श्री साईं इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेदिक रिसर्च एंड मेडिसिन में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय नारी शक्ति - सम्मान, स्वाभिमान और सशक्तिकरण रहा, जिसमें छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। कार्यक्रम में आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रंगों के माध्यम से नरी शक्ति के कई स्वरूप प्रस्तुत किए। वहीं वाद-विवाद और मंथन में कुल 10 चयनित टीमों ने पक्ष और विपक्ष में अपने प्रभावशाली तर्क रखे। प्रतियोगिता का संचालन डॉ. अश्विनी ठाकुर, डॉ. सारी रामचंद्रन और डॉ. संतोष विश्नोई के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण कैरेक्टर रोल प्ले प्रतियोगिता रही। जिसमें भारत की महानतम महिलाएं प्रतियोगिता में झांसी की रानी लक्ष्मी बाई, नीरजा भनोट आदि शसक्त महिलाओं के चरित्र को मंच पर छात्राओं ने जीवंत कर दिया।

### लोगों के लिए स्मार्ट मीटर वरदान दिन के टैरिफ में 20 प्रति. की छूट

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को दिन के टैरिफ में 20 प्रतिशत की छूट प्रदान की जा रही है। स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए यह सभी छूट अथवा प्रोत्साहन की गणना सरकारी सब्सिडी (यदि कोई हो) को छोड़कर की जा रही है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटरिंग पहल के अंतर्गत, माह फरवरी 2026 के दौरान कुल 6, 13, 877 उपभोक्ताओं को उनके मासिक विद्युत बिल में टाइम ऑफ डे छूट का लाभ प्रदान किया है, जिसकी कुल राशि 03 करोड़, 68 लाख 01 हजार रूपए है। स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को उनकी खपत के आधार पर ये छूट दी गई है। कंपनी ने बताया कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए जिसमें घरेलू, गैर घरेलू, सार्वजनिक जल कार्य और स्ट्रीट लाइट और निम्नदाब औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए सोलर ऑवर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक की अवधि के दौरान उपभोग की गई ऊर्जा के लिए ऊर्जा प्रभार की सामान्य दर पर 20 प्रतिशत की छूट 10 किलोवाट तक स्वीकृत लोड / अनुबंध मांग वाले उपभोक्ताओं को ही दी जा रही है।

### भगवान ऋषभदेव के जन्मकल्याण पर आज से 17 तक होंगे कई आयोजन

**नगर संवाददाता, भोपाल।** जैन धर्म के प्रथम तीर्थकर श्री ऋषभ देव भगवान (आदिनाथ जी) के जन्म कल्याण महोत्सव पर 11 से 17 मार्च तक राष्ट्रीय जिन शासन एकता संघ द्वारा राजधानी में विभिन्न आयोजन किये जा रहे हैं। संघ के पंकज प्रधान और अंशुल जैन ने बताया कि सर्वप्रथम 11 मार्च को सुबह 10 बजे जवाहर लाल कैंसर हॉस्पिटल में भोजन वितरण होगा। मुख्य कार्यक्रम 12 मार्च को जैन धर्मशाला मंगलवारा में दोपहर 2 बजे से होगा, जिसमें एक विचार गोष्ठी आयोजित कि गई है। जिसमें आरएसएस के वरिष्ठ शशि भाई सेठ, विधायक भगवान दास सबनानी, मलय जैन आदि वक्ता अपने विचार व्यक्त करेंगे, चेम्बर कॉमर्स के अध्यक्ष गोविन्द गोयल, हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी, दिगंबर समाज के अध्यक्ष पंकज सुपारी आदि अतिथि रहेंगे। इसके बाद 13 मार्च को शाम 4 बजे चार इमली स्थित गौ शाला में गौ सेवा कार्यक्रम होगा। 14 मार्च को सभी जैन पाठशालाओं में शाम 7 बजे से दीप अर्चना और भक्ति के कार्यक्रम होंगे। 15 मार्च को प्रातः 8 बजे से जैन धर्मशाला मंगलवारा में जैन भक्त सम्मेलन का आयोजन होगा।

---

बुजुर्ग महिलाओं को टारगेट कर चेन स्नैचिंग करने वाले दो गिरफ्तार, जोमेटो डिलीवरी बॉय बनकर करते थे रैकी

# 140 सीसीटीवी कैमरे खंगालकर तीन किमी किया पीछा, जूते से हुई पहचान

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** बुजुर्ग महिलाओं को टारगेट कर चेन स्नैचिंग करने वाले दो शातिर लुटेरे को अयोध्या नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 140 से अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगालकर तीन किमी तक आरोपियों का पीछा किया। आरोपियों की जूते से पहचान हुई। पांच महीने में सात चेन लूट और एक वाहन चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने 8 घटनाओं का खुलासा कर उनसे 17 लाख का माल बरामद किया है। लुटेरे जोमेटो डिलीवरी बॉय बनकर रैकी करते थे। उन्होंने लूट की चेन मुथूट फायनेंस में गिरवी रखी और कुछ चेन ज्वैलर्स को बेच दी थी। पुलिस ने ज्वैलर्स को भी आरोपी बनाया है। तीन दिन रिमांड पर लेने के बाद पुलिस ने जेल भेज दिया है।

**आकाश बोला- रीवा में लूट की, आजतक नहीं पकड़ा गया:** आरोपियों की पहचान मूलतः इंदौर निवासी निखिल शर्मा (28) पिता दिनेश शर्मा और मूलतः रीवा निवासी आकाश उर्फ अभिमन्यु सिंह



(22) पिता रागेंद्र सिंह के रूप में हुई। दोनों यहां भानपुर मल्टी छोला मंदिर में किराए से एकसाथ रहते थे। निखिल चोरी के मामले में जेल में गया था। जहां उसकी मुलाकात एक आरोपी से हुई। जेल से बाहर आने के बाद एक पार्टी में उसे आकाश मिला। आकाश ने बताया कि तुम चोरी मत किया करो इसमें कुछ नहीं है। मैंने रीवा में 2-3 लूट की वारदात की और आजतक पुलिस मुझे नहीं पकड़ पाई। लूट में ज्यादा पैसा है। निखिल उसकी बातों में आ गया। दोनों एकसाथ लूट करने लगे। अक्टूबर 2025 से दोनों 2 मार्च तक चेन स्नैचिंग की।

### पांच महीने में की 7 लूट, एक वाहन चोरी, 8 घटनाओं का खुलासा, 17 लाख माल बरामद



### चेन मुथूट फायनेंस में गिरवी रखीं

वह दोपहर तीन बजे लूट के लिए निकलते थे और रात 9 बजे तक लूट करके वापस लौट आते थे। उन्होंने चार लूट अयोध्या नगर और तीन लूट बागसेवनिया इलाके में की थीं। एक्टिवा गाड़ी उन्होंने बागसेवनिया में एम्स के सामने से चोरी की थी। दोनों सूखा नशा के आदी हैं। लूटी गई कुछ चेन उन्होंने रीवा में मुथूट फायनेंस में गिरवी रखी थीं और कुछ चेन मीनाल स्थित एक ज्वैलर्स को बेच दी थी। इस मामले में पुलिस ने ज्वैलर्स भुवन सोनी (52) पिता संतोष सोनी निवासी ओल्ड मीनाल रेसीडेंसी को भी आरोपी बनाया है।

### अयोध्या नगर में लूट कर मीनाल के गेट नंबर 4 व 5 से निकलते थे

अयोध्या नगर थाना प्रभारी महेश लिल्हारे ने बताया कि अक्टूबर 2025 से लगातार इलाके में चेन स्नैचिंग की घटनाएं सामने आईं। फरवरी में वाणिज्यकर अधिकारी की मां से चेन लूट हुई। फुटेज खंगाले जा रहे थे। फुटेज में ए काले रंग की स्प्लेंडर बाइक संदेह के घेरे में आई। ठंड में आरोपी जैकेट पहने थे। बाइक चलाने वाला हेलमेट लगाए था और पीछे बैठे युवक का मुंह बंधा था। ठंड कम हुई तो जैकेट बदली शर्ट, लोअर सामने आया, लेकिन जूते एक जैसे दिखाई दे रहे थे। यह बाइक सवार मीनाल के गेट नंबर 4 और 5 से निकलते थे। सीसीटीवी फुटेज की ट्रेल बनाई। करीब 140 से अधिक कैमरे देखे। करीब तीन किमी तक पीछा किया। तब पुलिस आरोपियों के ठिकाने भानपुर मल्टी छोला मंदिर पहुंची। दोनों नई उम्र के लड़के थे। अपने आपको जोमेटो डिलीवरी बॉय बताया। उनके घर में मुथुट फायनेंस की रसीदें मिली, इससे उनकी पोल खुल गई।

---

सीनियर प्रोफेसरों की सूची पर विवाद

### जिन्हें छह साल पहले दर्जा मिला उनका भी नाम जोड़ा

**नगर संवाददाता, भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा मंगलवार को जारी की गई सहायक प्राध्यापकों की अंतरिम वरिष्ठता सूची ने प्रदेश के कॉलेजों में बड़ा विवाद खड़ा कर दिया है। विभाग ने विषयवार यह सूची 1 अप्रैल 2012 की स्थिति के आधार पर प्रकाशित की है, लेकिन सूची में कई गंभीर गड़बड़ियां सामने आने का दावा किया जा रहा है। कॉलेज प्रोफेसरों का कहना है कि इस सूची में करीब 800 ऐसे शिक्षकों को सहायक प्राध्यापक (असिस्टेंट प्रोफेसर) के रूप में दर्शाया गया है, जिन्हें वर्ष 2006, 2007 और 2009 में प्रोफेसर पदनाम दिया जा चुका था। यानी जिन शिक्षकों को छह साल पहले प्रोफेसर का दर्जा मिल चुका था, उन्हें वरिष्ठता सूची में फिर से असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में दिखा दिया गया है। शिक्षकों के अनुसार यह केवल पदनाम की गलती नहीं है, बल्कि इससे उनकी वरिष्ठता और भविष्य की पदोन्नति पर भी असर पड़ सकता है। जिन शिक्षकों को सूची में असिस्टेंट प्रोफेसर बताया गया है, उनमें से कई अधिकारी अतिरिक्त संचालक (एडी), विश्वविद्यालयों में रजिस्ट्रार और यहां तक कि कुलपति जैसे महत्वपूर्ण पदों पर भी काम कर चुके हैं या कर रहे हैं। उच्च शिक्षा विभाग ने सूची जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि यह अंतरिम वरिष्ठता सूची है।

---

# मई में रद्द रहेगी भोपाल-जोधपुर ट्रेन

**नॉन इंटरलाकिंग कार्य: बदले रूट से चलेगी जबलपुर-अजमेर एक्सप्रेस**



**नगर संवाददाता, भोपाल।** उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मंडल अंतर्गत कनकपुरा स्टेशन पर यार्ड में प्रस्तावित नॉन इंटरलाकिंग कार्य के चलते मई महीने में भोपाल मंडल से संचालित और भोपाल होकर गुजरने वाली कुछ ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा। इस कार्य के कारण कुछ ट्रेनों के ट्रिप निरस्त किए गए हैं, जबकि कुछ रेल सेवाएं आंशिक रूप से संचालित की जाएंगी। रेलवे द्वारा जारी सूचना के अनुसार गाड़ी संख्या 14814 भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस भोपाल से 3, 4, 5, 8, 12, 13 और 14 मई को कुल 7 ट्रिप निरस्त रहेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 14813 जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस जोधपुर से 2, 3, 4, 7, 11, 12 और 13 मई को 7 ट्रिप निरस्त की गई है। इन तिथियों में यात्रियों को इस रेल सेवा की सुविधा उपलब्ध नहीं हो सकेगी।

**ट्रेनों का आंशिक संचालन और रूट में बदलाव:** इसके अलावा कुछ ट्रेनों को आंशिक रूप से संचालित किया जाएगा। गाड़ी संख्या 12181 जबलपुर-अजमेर एक्सप्रेस 3 से 5 मई, 8 मई तथा 11 से 14 मई तक कुल 8 ट्रिप में केवल जयपुर तक ही चलेगी। इस दौरान यह रेल सेवा जयपुर और अजमेर के बीच निरस्त रहेगी। वहीं गाड़ी संख्या 12182 अजमेर-जबलपुर एक्सप्रेस 4 से 6 मई, 9 मई तथा 12 से 15 मई तक अजमेर के स्थान पर जयपुर से ही प्रस्थान करेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 22175 नागपुर-जयपुर एक्सप्रेस 14 मई को नागपुर से चलकर केवल अजमेर तक ही संचालित होगी, जबकि गाड़ी संख्या 22176 जयपुर-नागपुर एक्सप्रेस 15 मई को जयपुर के बजाय अजमेर से चलाई जाएगी। इस दौरान जयपुर और अजमेर के बीच इन ट्रेनों का संचालन नहीं होगा। रेल प्रशासन ने यात्रियों से होने वाली असुविधा के लिए खेद व्यक्त करते हुए सहयोग की अपील की है। अधिकारियों के अनुसार यह कार्य भविष्य में रेलवे संचालन की सुरक्षा, गति और सुविधा को बेहतर बनाने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

### शीतला माता की पूजा



राजधानी के फतेहगढ़ स्थित शीतला माता मंदिर में मंगलवार को बड़ी संख्या में महिलाएं पूजा करने के लिए पहुंची।

---

### मासूम से रेप-हत्या के दोषी की फांसी पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

**जागरण, भोपाल।** शाहजहांनाबाद में पांच साल की मासूम से दुष्कर्म और हत्या के मामले में दोषी अतुल निहाले की फांसी की सजा पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। शीर्ष अदालत ने आरोपी की याचिका पर सुनवाई करते हुए डेथ सेंटेंस को अमल करने पर स्टे दे दिया है। अब मामले में दोष सिद्धि और सजा से जुड़े पहलुओं पर सुप्रीम कोर्ट विस्तृत सुनवाई करेगा। यह आदेश सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यीय पीठ ने दिया, जिसमें न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया शामिल हैं, बेंच ने फिलहाल फांसी की सजा के अमल पर रोक लगाते हुए मामले की आगे सुनवाई तय की है। अदालत अब निचली अदालतों के फैसले और दोनों पक्षों की दलीलों के आधार पर यह तय करेगी कि मामले में किसी तरह के हस्तक्षेप की आवश्यकता है या नहीं। इस जघन्य मामले में भोपाल की विशेष पॉक्सो कोर्ट ने 18 मार्च 2025 को आरोपी अतुल निहाले को तीन अलग-अलग धाराओं में फांसी की सजा सुनाई थी। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) लागू होने के बाद मध्यप्रदेश में यह पहला मामला था, जिसमें किसी दोषी को अलग-अलग धाराओं में तीन बार मृत्युदंड दिया गया था।

**हाईकोर्ट ने भी बरकरार रखी थी सजा:** स्पेशल कोर्ट के फैसले को आरोपी ने मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। जबलपुर स्थित हाईकोर्ट की डबल बेंच ने सुनवाई के बाद निचली अदालत के फैसले को सही ठहराते हुए फांसी की सजा को बरकरार रखा था।

### 3डी रंगोली में जीवंत हुए छत्रपति शिवाजी छात्राओं ने मेहंदी में परंपराओं को उकेरा

**महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में अभिरंग-2026 का कलात्मक शुभारंभ**



**जागरण, भोपाल।** शिवाजी नगर स्थित महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में पांच दिवसीय वार्षिक उत्सव अभिरंग-2026 की भव्य शुरुआत हुई। प्राचार्य डॉ. केवी राव ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पहले ही दिन छात्राओं ने अपनी सृजनात्मकता से साबित कर दिया कि वे रचनात्मकता, परंपरा और आधुनिक तकनीक में माहिर है। इस बार रंगोली प्रतियोगिता की थीम 3डी रंगोली रही, जहाँ 39 छात्राओं ने रंगों के माध्यम से सजीव कलात्मक भ्रम पैदा किया।

- प्रथम स्थान (दीक्षा खादोतिया)- रंगोली में छत्रपति शिवाजी महाराज के तेज और वीरता को उकेरा, जो आकर्षण का केंद्र रही।
- द्वितीय स्थान (संगीता विश्वकर्मा)- नारी शक्ति पर आधारित रंगोली में एक सशक्त संदेश के साथ रंगों का बेहतरीन तालमेल दिखा।
- तृतीय स्थान (मुस्कान हरसन)- राधे-कृष्ण की मनमोहक छवि को रंगों से उकेरा।

### सधी हुई लय, ताल से गूंजा- मोपे रंग ने डारो सांवरिया...




**जागरण, भोपाल।** मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय द्वारा 10 से 12 मार्च, 2026 तक महिलाओं की सृजनात्मकता का उत्सव इंद्राणी समारोह का आयोजन किया जा रहा है। सायं 6.30 बजे से आयोजित इस तीन दिवसीय समारोह में मंगलवार को नादलय रंजनी पंच वाद्य- रंजनी वेंकटेश एवं साथी- कर्नाटक, बुन्देली जस गायन सौम्या बुधोलिया एवं साथी- सागर, चिल्लौरी नृत्य कोरकू जनजातीय- जमुनाबाई एवं साथी- हरदा, महारी नृत्य अभिप्सा दास एवं साथी- ओडिसा, ढोलूकुनिथा नृत्य पुष्पलता एवं साथी- आंध्रप्रदेश द्वारा प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रच्जवलन इस दौरान में मुख्य अतिथि पद्मश्री प्राप्त दुर्गा बाई व्याम उपस्थित रहीं। स्वागत निदेशक, जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी, डॉ धर्मेंद्र पारे द्वारा किया गया। प्रस्तुति के आरंभिक चरण में ही कलाकारों ने अपनी सधी हुई लय, ताल और वाद्य संयोजन से वातावरण को भक्तिमय और ऊर्जावान बना दिया। राग गंभीरनाट की गरिमा और ताना वणर्म् की लयात्मकता को पंच वाद्य के सामंजस्यपूर्ण प्रयोग के साथ प्रस्तुत करते हुए कलाकारों ने कर्नाटक संगीत की समृद्ध परंपरा का प्रभावशाली परिचय दिया। अगले क्रम में बुन्देली जस गायन की प्रस्तुति सुश्री सौम्या बुधोलिया एवं साथी, सागर ने प्रस्तुति दी। उन्होंने मोरी मैया विराजो..., अंगना पधारो महारानी..., मैया खोल भवन के द्वार..., मोपे रंग ने डारो सांवरिया..., केसरिया रंग डारे..., जैसे जस गीत और फाग गीतों की प्रस्तुति दी।

**कोरकू जनजातीय चिल्लौरी नृत्य:** मध्यप्रदेश में निवासरत कोरकू जनजातीय द्वारा मुख्य रूप से फसल की कटाई बुवाई, विवाह और खुशियों के अवसर पर नृत्य किए जाते हैं। जिसे चिल्लौरी कहते हैं।

### कॉलेज परिसर को श्वान व गाय से मुक्त रखने की जिम्मेदारी प्राचार्य को

**नगर संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश के सभी कॉलेज परिसरों में आवारा पशुओं और कुत्तों की समस्या से निपटने के लिए अब सीधे प्राचार्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। उच्च न्यायालय के आदेश के पालन में उच्च शिक्षा विभाग ने यह व्यवस्था लागू की है। विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार राज्य के सभी सरकारी और प्राइवेट कॉलेजों में प्राचार्य या प्रभारी प्राचार्य को परिसर में आवारा पशुओं और कुत्तों की रोकथाम, सुरक्षा व्यवस्था, निगरानी और समन्वय के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी होगी कि परिसर में छात्रों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं तथा संबंधित स्थानीय निकायों के साथ समन्वय कर आवारा पशुओं की समस्या का समाधान किया जाए।

---

**जनसुनवाई** शिकायत लेकर कलेक्टर के पास पहुंचा पति, भानपुर-केकड़िया के रहवासियों को बायपास पर आपत्ति

# प्रसूता को बिना जांच के ही डॉक्टर ने अस्पताल से भगाया, पति ने वेतन से मांगा प्रसूति पर हुआ खर्चा

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** साहब मेरी पत्नी को लेबर पेन हो रहा था। ऐसे में मैं उसे लेकर इंदिरा गांधी महिला एवं बाल्य गैस राहत अस्पताल लेकर पहुंचा था, लेकिन ड्यूटी पर मौजूद डॉ. पूजा तिवारी ने हम दोनों के साथ अभद्रता की और अस्पताल में सर्जिकल आइटम की कमी बताकर हमीदिया अस्पताल ट्रांसफर कर दिया। मंगलवार को जनसुनवाई में यह शिकायत लेकर चांदबड़ 80 फिट रोड निवासी प्रशांत कुशवाहा पहुंचे और कलेक्टर से डॉ. तिवारी की शिकायत करते हुए कलेक्टर से डॉक्टर का वेतन काटकर पत्नी की डिलीवरी पर खर्च हुई राशि की मांग की। प्रशांत ने कलेक्टर को शिकायत करते हुए बताया कि वे 22 फरवरी 2025 को सुबह 8 बजे अपनी पत्नी पूजा कुशवाहा को डिलीवरी के लिए इंदिरा गांधी अस्पताल लेकर पहुंचे थे, लेकिन मौके पर मौजूद डॉ. पूजा तिवारी ने बिना जांच किए ही जच्चा बच्चा को जान का खतरा बता दिया और हमें हमीदिया अस्पताल जाने को भेज दिया। उन्होंने अस्पताल में सिजेरियन व सर्जिकल उपकरणों की कमी बता दी। ऐसे में पत्नी की नाजुक स्थिति को देखकर वे उन्हें तुरंत निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां सिजेरियन डिलीवरी पर 80 हजार से ज्यादा की राशि खर्च हो गई। नतीजतन मैंने किसी




से उधार लेकर अस्पताल का बिल चुकाया है। ऐसे में शासन की तमाम योजनाओं के बाद भी यदि हम गरीब लोगों को ऐसे ही कर्जदार बनाया गया तो इसके दोषी पूजा तिवारी जैसे चिकित्सक हैं। उनके कारण ही वे कर्जदार हुए हैं। इस कारण उनके वेतन से 80 हजार रुपए की राशि काटकर उन्हें दी जाए, ताकि वे सिजेरियन पर खर्च हुई राशि चुकाकर कर्ज मुक्त हो सकें। मामले की सुनवाई करते हुए कलेक्टर ने मामले की जांच सीएमएचओ (गैस राहत) को सौंपी है।

### पश्चिमी बायपास के निर्माण पर आदिवासी परिवार की आपत्ति

भोपाल में बनाए जा रहे 4 लेन पश्चिमी भोपाल बायपास को लेकर ग्राम पंचायत भानपुर केकड़िया के एक आदिवासी परिवार ने आपत्ति जताई है। आदिवासी परिवार ने जनसुनवाई में शिकायत करते हुए बताया है कि जिस जगह से होकर बायपास निकल रहा है। वहां की 0.675 हेक्टयर शासकीय भूमि पर एक आदिवासी परिवार कई दशकों से खेती करते हुए जीवन यापन करता आ रहा है। ऐसे में यदि यह जमीन बायपास निर्माण के उपयोग में आ जाती है, तो इस परिवार पर जीवन यापन का संकट खड़ा हो जाएगा। ऐसे में या तो बायपास का मार्ग बदला जाए या फिर परिवार को दूसरी जगह पर खेती के लिए जमीन उपलब्ध कराई जाए, ताकि परिवार खेती कर जीवन यापन कर सके।

### सफाईकर्मी ने दरोगा पर लगाया वेतन से हर माह छह हजार की वसूली का आरोप

जहांगीराबाद निवासी अनिता गोहर ने शिकायती आवेदन देकर कलेक्टर का बताया कि वे वार्ड 42 में 25 दिवसीय सफाई कर्मी के रूप में काम करती आ रही हैं। लेकिन नौकरी पर बने रहने के लिए उन्हें हर माह वेतन से 6 हजार रुपए दरोगा को देने होते थे। जबसे उन्होंने 6 हजार रुपए देना बंद किए हैं, तो दरोगा ने उनकी पगार आईडी बंद कर दी है और नौकरी से भगाने की धमकी देता है। अनिता ने बताया कि वे पहले ही परिवार का पालन पोषण नहीं कर पाती थीं। अब तो राशन खरीदी भी मुश्किल हो गई है। मामले में कलेक्टर ने अपर आयुक्त, नगर निगम को जांच सौंपी है।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## विरोधाभासी बयानों से जनता के बीच दहशत

*राजधानी दिल्ली, उप्र, बिहार, मप्र राज्यों के कई शहरों में पेट्रोल पंपों पर वाहनों की भीड़ दिखाई दे रही है। लोग पेट्रोल-डीजल को लेकर आशंकित हैं, लिहाजा हड़बड़ी में हैं कि जितना भी तेल मिल जाए, उतना तो जमा कर लिया जाए। ग्रामीण और किसान अलग किस्म की दहशत में हैं, क्योंकि तेल का संकट गहराएगा, तो उनकी खेती प्रभावित होगी। हालांकि भारत में पाकिस्तान जैसे 'लॉकडाउन' हालात नहीं हैं। वहां एक लीटर पेट्रोल 336 रुपए और डीजल 321 रुपए में बेचा जा रहा है। आशंका है कि पाकिस्तान में कभी भी 'लॉकडाउन' घोषित किया जा सकता है। कुछ जगहों पर तो गोलियां भी चल चुकी हैं। बांग्लादेश और श्रीलंका में भी तेल-गैस का संकट गंभीर रूप ले चुका है। बहरहाल भारत काफी हद तक आश्वस्त है, लेकिन विरोधाभासी बयान डरा रहे हैं। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने कहा है कि भारत में तेल-गैस, ईंधन की कोई कमी नहीं है। घबराने की जरूरत नहीं है। तेल के दाम भी नहीं बढ़ेंगे। भारत के पास कच्चे तेल, पेट्रोलियम उत्पाद, गैस का 25 दिनों का भंडार है। मंत्री जी के बयान के अगले दिन ही तेल कंपनियां घरेलू एलपीजी (रसोई गैस) के दाम 60 रुपए प्रति सिलेंडर बढ़ा देती हैं और कमर्शियल सिलेंडर 114.50 रुपए महंगा कर दिया जाता है। अब औसत घर को रसोई गैस का सिलेंडर 900-1000 रुपए से भी ज्यादा महंगा मिलेगा। यह कौनसा सच है, मंत्री जी? बेशक 'उज्ज्वला' योजना के करीब 10.5 करोड़ लाभार्थियों को बढ़े दामों से अलग रखा गया है। उन्हें तो प्रति सिलेंडर 300 रुपए की सबसिडी भी मिलती है। इस तरह देश में 23 करोड़ उपभोक्ता इस महंगाई के शिकार होंगे। कच्चे तेल, पेट्रोलियम उत्पाद और गैस के भंडारण पर अलग-अलग बयान आ रहे हैं। कतर एलएनजी की 'महाशक्ति' है। वह 40 फीसदी से अधिक एलएनजी भारत को सप्लाई करता रहा है, लेकिन ईरान के लगातार हमलों के बाद कतर ने तेल-गैस का उत्पादन ही बंद कर दिया है। कतर के ऊर्जा मंत्री ने आगाह किया है कि कच्चे तेल की कीमतें 150 डॉलर तक उछल सकती हैं। युद्ध के कारण कच्चे तेल के दाम 95 डॉलर प्रति बैरल तक तो पहुंच चुके हैं। भारत करीब 85 फीसदी एलपीजी मध्य-पूर्व के देशों से ही आयात करता है और वह सप्लाई होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग से ही होती रही है। ईरान के लड़ाकों ने यह मार्ग बंद कर रखा है, जाहिर है कि हमारा 50 फीसदी तेल-गैस बाधित है। एक बयान आया है कि देश में 25 करोड़ बैरल से अधिक कच्चे तेल का भंडार है, गैस भी पर्याप्त है, कुल मिला कर 7-8 सप्ताह का भंडार है, लेकिन विशेषज्ञों के भी बयान आ रहे हैं कि भारत में कुल 10 करोड़ बैरल ही कच्चा तेल है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी लगातार बयानबाजी कर रहे हैं कि तेल और गैस का संकट बढ़ रहा है। कीमतें बढ़ने लगी हैं और सरकार ने देश की संप्रभुता और विदेश नीति अमरीका को बंधक रख दी है। अमरीकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने एक बयान दिया था कि ईरान युद्ध के मद्देनजर अमरीका भारत को रूसी तेल खरीदने की, 30 दिन की, 'अस्थायी छूट' देता है। हालांकि ऐसे बयान के कोई मायने तब निकलते हैं, जब भारत सरकार ने ऐसी 'छूट' की मांग की हो अथवा हमने रूस से कच्चा तेल लेना बंद कर दिया हो। फरवरी, 2026 में भी भारत ने 10 लाख बैरल से अधिक कच्चा तेल रूस से आयात किया है। अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप के 'बड़बोले' बयानों के बावजूद भारत रूस से तेल खरीदता रहा है और अब गैस का आयात भी बढ़ाएगा। जनवरी, 2026 में भारत ने रूस से 1.98 अरब डॉलर मूल्य का कच्चा तेल आयात किया था। रूस आगामी 30 दिनों में करीब 95 लाख बैरल तेल भारत को भेज सकता है। यह प्रक्रिया शुरू भी हो गई है। यह भी वैश्विक संकट का दौर है, जैसा कि कोरोना महामारी के दौरान था। तब भी देश ने सरकार पर भरोसा किया था और अब भी कोई चारा नहीं है। सियासत तो शांतिकाल में भी जारी रह सकती है।*

नेपाल चुनाव

### नेपाली जनता का धैर्य और विश्वास पुराने नेताओं पर से टूट चुका था

## मतदाताओं ने मत पत्रों से दी मौन सजा

पुष्परंजन

नेपाली मनःस्थिति हम भारतीयों से भिन्न नहीं है। जितनी जल्दी हम हतोत्साहित होते हैं, उसी त्वरा से हम उत्साहित भी महसूस करते हैं। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (रास्वापा) जिसका जन्म 2017 में हुआ था, जो अपने जन्म के छह महीने के भीतर आम चुनाव में चौथी पार्टी के रूप में उभरी थी। अब यही राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी अभूतपूर्व जीत के साथ अति उत्साह में है।

हाल ही में, नेपाली राजनीतिक हलकों में एक शब्द वायरल हुआ, 'पॉप्युलिज्म'। लोकलुभावनवाद कोई नया शब्द नहीं है। यह शब्द लैटिन में इस्तेमाल, 'पॉपुलस' से आया है, जिसका अर्थ है, 'लोग'। 18वीं शताब्दी के मध्य में रूस के ज़ार को उखाड़ फेंकने के लिए हुए 'नरोदनिकी आंदोलन' ने 'लोकलुभावनवाद' शब्द को एक राजनीतिक रूप दिया। रूसी में 'नरोद' का अर्थ है, 'आदमी'। हालांकि, यह माना जाता है कि अमेरिका में इस शब्द का राजनीतिक विस्तार अमेरिकन पीपुल्स पार्टी द्वारा किया गया था, जिसकी स्थापना 1890 में हुई थी।

मोनाश यूनिवर्सिटी, ऑस्ट्रेलिया के प्रोफेसर बेंजामिन मोफिट की पुस्तक 'द ग्लोबल राइज ऑफ पॉपुलिस्म', 2016 में स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी द्वारा प्रकाशित की गई थी। इसके प्रकाशन के समय विश्व राजनीति ध्रुवीकरण की अवधि से गुजर रही थी, जिसे ब्रिटेन में ब्रेक्सिट, अमेरिका में डोनाल्ड ट्रम्प का उदय और यूरोप, लैटिन अमेरिका में दक्षिणपंथी व वामपंथी ताकतों के प्रारम्भ और पतन द्वारा चिन्हित किया गया था। लेखक बेंजामिन मोफिट ने राजनीति को ग्लैमर या शैली के रूप में वर्णित किया है, जिसकी पसंद लगभग नेपाली राजनीतिक हस्तियों के समान है। शैली, स्वाद, भोजन, चलने, बोलने या समग्र लोकलुभावन कल्पना के अनुरूप।

इस हिमालयी देश में चुनावों ने एक तरह से स्पष्ट जनादेश दिया है, अब केवल घोषणापत्र के वादों को लागू करना बाकी है। नेपाली मतदाताओं ने मुख्यधारा के दलों के भविष्य को लगभग सील कर दिया है। समाजवादी टोपी हर किसी के लिए उपयुक्त है, लेकिन लोकलुभावन टोपी हर किसी के लिए उपयुक्त नहीं हो सकती है। बालेन, रवि और गगन की तरह हर कोई लोकप्रिय होना चाहता है। क्योंकि, डिजिटल फ्रेम की लोकप्रियता ने जीवन की गुणवत्ता को स्क्रीन के अनुकूल बना दिया है। नेपाली मनःस्थिति हम भारतीयों से भिन्न नहीं है। जितनी जल्दी हम हतोत्साहित होते हैं, उसी त्वरा से हम उत्साहित भी महसूस करते हैं। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (रास्वापा) जिसका जन्म 2017 में हुआ था, जो अपने जन्म के छह महीने के भीतर आम चुनाव में चौथी पार्टी के रूप में उभरी थी। अब यही



राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी अभूतपूर्व जीत के साथ अति उत्साह में है। इनके शैदाई, 'राम राज्य' के सपने में डूबे हुए हैं।

विवादों से घिरे भूतपूर्व पत्रकार रबी लामिछाने और रैपर से राजनेता बने बालेन शाह की जोड़ी ने सोचा नहीं होगा कि संसद में इतनी सीटें आ जाएंगी कि सरकार गठन के लिए किसी दल-जमात की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। नेपाल की राजनीति के तीनों 'बिग बी', नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष गगन थापा, नेकपा एमाले के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली और नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के चेयरमैन प्रचंड ने भी नहीं सोचा था कि निचले सदन 'प्रतिनिधि सभा' में केवल 17, सात, और आठ सीटें क्रमशः मिलेंगी।

नेपाल के विश्लेषक इसे 'नयां शक्ति' बोलते हैं। एक तरफ रवि लामिछाने द्वारा बनाया गया रास्वापा है, जिसमें उनका संगठनात्मक प्रभाव है। दूसरी ओर, बालेन की क्रेजिक अभूतपूर्व जीत, रास्वपा की एक उन्मादी लहर पर है। दोनों महत्वाकांक्षी हैं। वैसी स्थिति में रवि-बालेन संबंध कब तक, कितना निभेगा? बड़ा सवाल है। नेपाली जनता ने इस पार्टी के पक्ष में वोट क्यों दिया? बहुत साफ है, कि मतदाता का धैर्य और विश्वास पुराने नेताओं पर से टूट चुका था। सोशल मीडिया पर विराजे कुछ तुक्केबाज कयास लगाते हैं कि यह चीन का किया धराया है। कुछ को शक अमेरिका पर है। लेकिन, सच यह है कि नेपाल के मतदाताओं ने मत पत्र के जरिये मौन सजा दी है। यह उन्होंने दुनिया भर में दर्ज कराया है, कि बैलेट पेपर पर भरोसा कीजिये।

यह पहली बार नहीं है, जब नेपाली राजनीति में एक वैकल्पिक शक्ति की खोज की गई। हर बार जब कोई राजनीतिक बदलाव होता है, तो लोग उत्साहित होते हैं। लेकिन, जब उन अपेक्षाओं को पूरा नहीं किया जाता है तो यह असंतोष और निराशा में रूपांतरित हो जाता है। 2007 से कांग्रेस परिवर्तन के साधन के रूप में उभरी है। 2008 में राजशाही खत्म कर दी गई थी, और तब से नेपाल में पुरानी लिबरल नेपाली कांग्रेस के साथ माओवादी गुटों के अलग-अलग गठबंधन के ज़रिए पार्लियामेंट्री सरकार रही है। लेकिन, परिणाम क्या निकला? बार-बार सत्ता में आने का अवसर मिलने के बावजूद, कांग्रेस-कम्युनिस्ट जनता की उम्मीदों पर खरे नहीं उतर सके। बजाय इसके, उन्होंने बेरोजगारी और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया, अर्थव्यवस्था चौपट कर दी। इस बीच राजावादियों को लगा कि वो मौके पर चौका मार सकते हैं। लेकिन, इस आंधी में वो भी नहीं टिक पाए।

ओली का इस तरह से जाना, कहीं न कहीं चीनी कूटनीति की हार भी मानी जाएगी। ओली कुछेक महीने चुप रहे, मगर उनका पिछला ट्रैक रिकार्ड भारत विरोध वाला रहा है। कुछ वैसा ही रुख प्रचंड का रहा था। ये लोग जब-जब घरेलू मोर्चे पर विफल रहे, भारत विरोध का ब्रह्मास्त्र चला देते थे। चीन के बार-बार कहने के बावजूद, नेपाली वामपंथी एक होकर भी नहीं रहे। बाबूराम भट्टाराई ने माओवादियों को छोड़कर एक 'नई शक्ति' बनाने की कोशिश की। लेकिन, वह भी जमीन पर नकार दिए गए। नेपाल में वामपंथ की राजनीति में टूट, विलय बहुतों बार हुआ है। तराई के नेता कब किसके संग सौदेबाजी कर लें, उनका कोई भरोसा नहीं था। तो, पब्लिक कब तक बर्दाश्त करती?

इस बार नेपाली संसद में युवा प्रतिनिधियों की संख्या 38 प्रतिशत हुई है। आप चाहें, इसे जेन-जी का कमाल समझें। 59 युवा सांसदों में से 51 आरएसपी के हैं। इस आयु वर्ग में नेपाली कांग्रेस के चार प्रतिनिधि हैं, जबकि सीपीएन-यूएमएल के दो प्रतिनिधि हैं। राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के उम्मीदवार ने भी जीत हासिल की है। 2022 में निर्वाचित सांसदों में, सबसे बड़ा प्रतिनिधित्व 51-60 आयु वर्ग से आया था, जबकि केवल 11 प्रतिशत सदस्य 40 वर्ष से कम आयु के थे। इसी तरह, 2017 के चुनावों से चुने गए सदन में केवल 13 प्रतिशत सदस्य थे, जो 40 वर्ष से कम उम्र के थे।

35 साल के बालेन शाह, सबसे कम उम्र के निर्वाचित प्रधानमंत्री होंगे। नेपाल पहली बार इस तरह का नजीर पेश कर रहा है। बालेन शाह भावनात्मक उबाल की उपज हैं। नेपाली समाज बालेन के बारे में बहुत कम जानता है। दिल्ली और पेइचिंग के लिए भी पहेली है बालेन शाह। युवाओं के बीच रैपर के रूप में चर्चित, काठमांडू के महापौर के रूप में बालेन शाह कितने सफल रहे? कोई वस्तुनिष्ठ अनुसंधान और विश्लेषण नहीं है। दूसरी ओर, उनके शुभचिंतक इस बात की सराहना नहीं करते कि उन्होंने काठमांडू का चेहरा बदल दिया। आलोचकों ने उन्हें एक 'भगोड़ा' कहा है, जो जिम्मेदारी से बचता है।

खुला मंच

## राजा की क्लास और टीवी वाले दरबारी

अनूप मणि त्रिपाठी

राजा बैठा सबकी क्लास ले रहा था। तुम क्या करोगे! राजा ने एक टीवी चैनल वाले से पूछा।

महाराज, जैसा कि आपने समझाया, जब अपने यहाँ प्याज महंगे होने लगे, तब हम पड़ोसी देश के महंगे होते टमाटर दिखाने लगेंगे। जैसे क्लास में किसी बच्चे को प्रश्न का उत्तर मालूम होता है, तो वह सबसे पहले हाथ खड़ा करता है। कुछ ऐसे ही भाव थे उसके चहेरे पर। राजा ने दूसरा प्रश्न उछाला, युवा लोग आंदोलन करने लगे तब ? दूसरे चैनल वाला बोला - तो हम तुरंत ही देशद्रोही घोषित कर देंगे...! बाकी आपका आई टी सेल तो मसाला उपलब्ध ही करा देगा न महाराज! तीसरे वाला बोला, जिस राष्ट्र की बेरोजगारी दर अधिक होगी, उसे दिखाने लगूँगा ! हैडिंग कैसी होगी? अब भीख मांगेगा पड़ोसी देश!!! कटोरा लेकर दर-दर घूमता पड़ोसी!!! बहुत विनम्रता से बताई प्रस्तुति पर सभी लोगों ने तालियाँ बजायीं, सिवाय राजा के।

चुप हो जा भाई! मंत्री ने टोका। हमें जनता का भी तो सोचना है! ऐसे सिचवेशन में आप चाहे तो युद्ध का कोई वीडियो गेम भी चला सकती हैं! मंत्री अपने अनुभव का शानदार प्रदर्शन करते हुए बोला।

श्योर सर! दिस इज फैंटास्टिक आइडिया!!! चैनल बाला खुशी से उछलते हुए बोली।

राजा और मंत्री एक दूसरे को देखकर मुस्कुराए।

अगर हमारे विरोधी ... राजा ने आधा वाक्य ही बोला, मगर वहाँ पर उपस्थित चैनल वालों को इसका पूरा का पूरा अर्थ समझ में आ गया। सब एक स्वर में बोले, ऐसी निगेटिव खबर दिखाना ही क्यों!

मगर एक चैनल वाला खामोश रहा। राजा ने पूछा- और तुम क्या करोगे? महाराज मैं दन से एक नया सर्वे चला दूँगा! वह बोला। कैसा सर्वे बे? मंत्री ने पूछा।, महाराज की पॉपुलरटी का...और क्या!

इस बार राजा ने भी तालियां बजायीं।

अब जाकर राजा की क्लास पूरी हुयी। राजा सन्तुष्ट हुआ। मंत्री आश्वस्त हुआ। चैनल वाले आभारी और पहले से कुछ ज्यादा 'भारी' होकर चले गए।

उसी दिन रात को राजा ने अचानक मंत्री को अपने शयनकक्ष में बुलाया- आज की क्लास कैसी रही? राजा ने गम्भीर स्वर में पूछा।

बहुत शानदार महाराज! आपकी सत्ता बरसों बरस निर्बाधरूप से चलेगी! मंत्री जोश में बोला।

जब तक हमारे कब्जे में टेलीविजन रहेगा, तब तक देश का वही विजन होगा, जो हमारा रहेगा! मंत्री ने बहुत घमंड से यह बात कही।

तुम्हारी इस बात से जी कुछ हल्का हुआ! राजा गहरी सांस छोड़ते हुए बोला।

प्रसंगवश

## स्वाभाविक विश्व चैम्पियन है नई पीढ़ी की टीम इंडिया

*दरअसल क्रिकेट की टीम इंडिया ही विश्व चैंपियन है। चाहे टी-20 क्रिकेट हो या महिलाओं की एकदिनी क्रिकेट हो अथवा अंडर-19 की दोनों लैंगिक क्रिकेट हो या दृष्टिबाधित महिला टी-20 विश्व खिताब हो और अंततः चैम्पियंस ट्रॉफी का खिताब हो, टीम इंडिया ही क्रिकेट की स्वाभाविक विश्व चैम्पियन है। ये तमाम वैश्विक खिताब टीम इंडिया की झोली में हैं। बेशक यह टीम करिश्माई और कमाल की है। टीम इंडिया ने टी-20 विश्व कप लगातार दूसरी बार जीता है। वह इकलौती टीम है। अपनी घरेलू जमीन पर, मेजबानी करते हुए, वह एकमात्र विश्व विजेता है। टी-20 के कुल तीन विश्व खिताब (2007, 2024, 2026) जीतने वाली टीम इंडिया ही इकलौती टीम है। विश्व चैम्पियन रही टीमों को धराशायी इसी टीम ने किया। विश्व कप फाइनल का अभी तक का सर्वोच्च स्कोर, 255/5 रन, भी टीम इंडिया के हिस्से दर्ज हो गया। 'प्लेयर ऑफ दि टूर्नामेंट' संजू सैमसन रहे, जिन्होंने 321 रन बनाए। लगातार तीन अर्द्धशतक ठोंके। 'प्लेयर ऑफ दि मैच' बुमराह रहे, जिन्होंने टूर्नामेंट में कुल 14 विकेट उखाड़े। बुमराह ने फाइनल में सिर्फ 15 रन देकर न्यूजीलैंड के स्थापित 4 बल्लेबाजों को आउट किया और विरोधी टीम को घुटनों पर ला दिया। बुमराह वरुण चक्रवर्ती के साथ 'सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज' रहे। यकीनन बुमराह ही बुमराह है, जो टीम इंडिया को ईश्वर का 'अप्रतिम तोहफा' हैं। उन्हें खेलने का मतलब है कि आप धुरंधर बल्लेबाज हैं। बहरहाल टी-20 का लगातार दूसरी बार विश्व चैम्पियन बनकर टीम इंडिया ने कई 'मील-पत्थर' पार किए हैं और स्थापित भी किए हैं। टी-20 विश्व कप में टीम इंडिया के बल्लेबाज इस तरह खेले मानो कोई वीडियो गेम खेल रहे हों! बल्लेबाजों ने टूर्नामेंट में कुल 106 छक्के उड़ाए, ऐसा करने वाली टीम इंडिया ही है। यकीनन अद्वितीय खेल, अतुलनीय हुनर, शानदार छक्के! वाकई यह मुख्य कोच गौतम गंभीर समेत सभी कोचों की रणनीति और 'शांत' कप्तान सूर्यकुमार यादव के सटीक और सार्थक फैसलों की अद्भुत, अविस्मरणीय, अतुलनीय और बेशकीमती जीत है। देश जश्न में है, नाच रहा है, मिठाइयां खाई जा रही हैं और टीम के हुनर, जज्बे पर गर्व महसूस कर रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी समेत असंख्य हस्तियों ने बधाइयां दी हैं। यह विश्व चैम्पियन बनना इसलिए भी बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह नई पीढ़ी की युवा टीम इंडिया है।*



*इसमें विराट कोहली, रोहित शर्मा, रवींद्र जडेजा, श्रेयस अय्यर, शुभमन गिल सरीखे विख्यात खिलाड़ी नहीं थे। संजू सैमसन, इशान किशन, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, रिंकू सिंह आदि खिलाड़ी कई मैचों तक पेवेलियन की कुर्सियों पर बैठे रहे। उनका चयन अंतिम एकादश में नहीं किया जाता था। वे 'वैकल्पिक खिलाड़ी' थे। संजू को 4 मैच बैठे रहना पड़ा। अंततः विश्व कप में उन्हें मौका मिला, तो उन्होंने गेंद के धुएं उड़ा दिए। चौकों-छक्कों की बौछार से सजी पारियां खेलीं। अभिषेक टूर्नामेंट में लगातार तीन बार शून्य पर आउट हुए, लेकिन फाइनल में 18 गेंद पर अर्द्धशतक जड़ दिया। बेशक ये नौजवान खिलाड़ी टीम इंडिया के 'नगीने' हैं, लिहाजा इन्हें सजा कर रखना चाहिए। संजू ने 8 छक्कों की 89 रन की पारी फाइनल में खेली, जो विश्व कप क्रिकेट का सर्वोच्च, सर्वश्रेष्ठ निजी स्कोर है। उन्होंने महान विराट कोहली के 77 और 76 रनों के विश्व कप फाइनल के कीर्तिमानों को भी बेहतर किया। यहां सवाल कोच, चयनकर्ताओं और प्रबंधकों की निष्पक्षता, ईमानदारी, पूर्वाग्रही मानसिकता पर है। इस विश्व विजयी उपलब्धि के साथ ही यह सब कुछ बदलना, खत्म होना चाहिए, क्योंकि टीम इंडिया हमारी राष्ट्रीय पहचान भी है। आज टी-20 क्रिकेट में हम दुनिया की 'नंबर वन' टीम हैं। यह सर्वोच्चता बरकरार रहनी चाहिए। टीम इंडिया के ये विश्व चैम्पियन खिलाड़ी भी गली-मुहल्ले की क्रिकेट खेल कर इस स्तर तक पहुंचे हैं। आज क्रिकेट से 'अजेय' रहने की राष्ट्रीय अपेक्षाएं ऐसी हैं, जैसी ब्राजील वाले अपनी फुटबॉल टीम से करते थे कि उसे खेल में 'नंबर दो' भी नहीं होना है। बहरहाल यह ज्यादती और अतिशयोक्ति है, क्योंकि खेल में जीत और हार अपरिहार्य हैं। आज भारत ऐसा देश है, जिसमें क्रिकेट के विश्व चैम्पियनों की पूरी फौज है। उन्हें सलाम और शाबाश! टीम इंडिया को बधाइयों का तांता लग गया है। देशभर में इस जीत पर जश्न मनाए जा रहे हैं।*

युद्ध विभीषिका

### अगर एक-दूसरे के परमाणु केन्द्रों पर हमले हुए तो परमाणु रिसाव शुरू हो सकता है

## मानवता चुका रही है भीषण युद्ध की कीमत

सुरेश सेठ

वैश्विक शक्तियां अगर एक-दूसरे के परमाणु केन्द्रों पर हमले करेंगी तो परमाणु रिसाव शुरू हो सकता है। अगर रेडियो-एक्टिव रिसाव शुरू हो गया तो तबाही से घबराकर बड़े शहरों को खाली करने की गंभीर स्थिति पैदा हो सकती है।

अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच जो भीषण युद्ध छिड़ गया है, उसके बीच संवाद की कोई गुंजाइश नजर नहीं आती। बल्कि हर रोज युद्ध का विस्तार बढ़ता जा रहा है। एक ओर ईरान है और उसकी जुनूनी सैनिक ताकत, जो अपने शिया सुप्रीमो खामेनेई की मौत का बदला खून की आखिरी बूंद तक लेना चाहती है। दूसरी ओर है अमेरिका की महाशक्ति और मध्यपूर्व का चेहरा इस्राइल, जो कहने को तो ईरान के परमाणु शक्ति बनने पर अंकुश लगाने के लिए युद्ध में कूदा है। लेकिन उसके निरंकुश मंसूबे किसी से छिपे नहीं हैं। दुनिया में शांति के नाम पर तबाही का पहाड़ा पढ़ा जाने लगा। जहां-जहां भी यह पहाड़ा शुरू हुआ, चाहे यह यूक्रेन और रूस के बीच हो या अब नये युद्ध केन्द्र पाकिस्तान और अफगानिस्तान या संभावित युद्ध केन्द्र चीन और ताइवान, यह पहाड़ा तबाही का सबब बन रहा है।

बहरहाल, ईरान और अमेरिका-इस्राइल संघर्ष दुनिया के युद्धरत और दूसरे देश भी संभावित तबाही के भय से कांप रहे हैं। जिस तरह से यह युद्ध आतंकवाद को नियंत्रित करने के नाम पर लेबनान और ब्रिटिश बेसों वाले साइप्रस तक फैल गया है, उससे सबकी चिंता और भी बढ़ गई है। सोचा गया था कि इतनी शक्तियां मिलकर इस युद्ध को कुछ दिन में निपटा देंगी। जिस तेजी से परेशानियां बढ़ रही हैं, उस तेजी से युद्ध निपटने के अवसर भी हैं। लेकिन जहां बड़ी ताकतें अपनी ताकत से मदमत्त हों, वहां हर दिन शांति की



गुंजाइश कम होती है और युद्ध की भीषणता की आशंका बढ़ती है।

लेकिन इस संभावना में एक और खतरनाक बात भी सामने आ रही है। संयुक्त राष्ट्र की परमाणु एजेंसी आईआईए के न्यूक्लियर वॉच डॉग ने एक और चेतावनी जारी की है कि परमाणु शक्तियों सावधान हो जाओ! जिस तरह से भीषण जंग हो रही है, परमाणु बम चलाए बिना परमाणु तबाही हो सकती है। यह सही है कि अभी तक ऐसी तबाही नहीं हुई है लेकिन परमाणु एजेंसी के मुखिया राफेल ग्रामसी कहते हैं कि चाहे बम नहीं चलाओगे, लेकिन एक-दूसरे को पस्त करने के लिए वैश्विक शक्तियां अगर एक-दूसरे के परमाणु केन्द्रों पर हमले करेंगी तो परमाणु रिसाव शुरू हो सकता है। अगर रेडियो-एक्टिव रिसाव शुरू हो गया तो तबाही के भय से घबराकर बड़े शहरों को खाली करने की गंभीर स्थिति पैदा हो सकती है। इसलिए राफेल ग्रामसी ने कहा कि जल्द से जल्द इस युद्ध को संवाद की सहायता से रोकिए। वैसे अभी तक रेडिएशन का स्तर सामान्य है, लेकिन यह सामान्य रहेगा, इसकी क्या गारंटी है?

वैसे तबाही तो कई और आयामों से भी झांक रही है। इस लड़ाई में तेल आपूर्ति का सामान्य समुद्री मार्ग, जिसमें से तेल टैंकरों की बीस प्रतिशत आवाजाही है, वह ध्वस्त हो गया है। सऊदी अरब स्थित दुनिया की सबसे बड़ी तेल रिफाइनरी ड्रोन हमले की शिकार हो गई है। उसे अस्थाई रूप से बंद कर दिया गया है। कतर एनर्जी ने एलएनजी का उत्पादन बंद करने की घोषणा कर दी। पहले झटके में यूरोप में तेल और गैस की कीमतें उछल गई हैं। तीसरी दुनिया के देश और भारत कब तक बचेंगे? पूरा विश्व परेशान हो रहा है।

अमेरिका को उम्मीद थी कि अगर ईरान में से खामेनेई और उनके साथी साफ कर दिए जाते हैं तो बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और महंगाई से संत्रस्त जेन-जी युवा विरोध में सड़कों पर उठ खड़े होंगे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ बल्कि वहां सत्ता पर खामेनेई समर्थकों का ही वर्चस्व है और वे करो या मरो के अंदाज में लड़ाई लड़ रहे हैं। दूसरी ओर ट्रम्प अभी परेशान है कि ब्रिटेन और फ्रांस मौन समर्थन दे रहे हैं, युद्ध में कूदे क्यों नहीं? दूसरी ओर रूस और चीन का भी मूक समर्थन ईरान के साथ है। चीन ने अभी फिर अमेरिका द्वारा ईरान पर हमला करने पर नाराजगी जताई है।

इस समय संघर्ष में बड़े हमले हो रहे हैं। अरब देश जंग में एक या दूसरा पक्ष लेने के लिए मजबूर हो रहे हैं। ऐसी हालत में भारत का स्टैंड यही है कि बंद करो ये मौत का पागलपन, और अपनी लड़ाई को संवाद से रोको। लेकिन यहां तो अमेरिका व इजराइल का लक्ष्य यह है कि ईरान में सत्ता बदलेगी, तभी संवाद शुरू करेंगे।

ऐसे में मौत का यह तांडव कैसे नियंत्रित होगा जबकि संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना के लिए कमजोर शक्ति सिद्ध हो चुका है। अमेरिका द्वारा बनाया गया पीस बोर्ड वजूद में आए, इससे पहले ही यह भयानक जंग शुरू हो गई। इसलिए यह एक सामूहिक तबाही का युद्ध साबित हो सकता है। भारत जैसे विकासशील देश जो अहिंसा की राह पर चलते हुए वसुधैव कुटुम्बकम् का सपना देख रहे थे, उनके लिए एक मुश्किल इम्तिहान पैदा हो गया। उनके आसमान में तबाहियों के ये मशवरे हर ओर लहराने लगे। इससे बचकर पूरी दुनिया में शांति स्थापना का बिगुल कैसे बजाया जाए, आज तीसरी दुनिया के देशों का नेतृत्व करने वाले भारत के सामने यही चुनौती है।

जीवन दर्शन

## शांत मन से समझ सकते हैं प्रभु के प्रकाश को

प्रभु का जो प्रकाश हमारे अंदर है उसे समझने के लिए हमें अपने शरीर और मन को शांत करना पड़ता है किसी न किसी रूप में सभी पिता-परमेश्वर की पूजा करते हैं। हर धर्म की अपनी-अपनी उपासना पद्धति होती है और सबका मूल उद्देश्य केवल प्रभु का ध्यान करना है। ज्यादातर लोग पूजा के स्थानों पर जाकर सेवाओं में भाग लेते हैं और पिता-परमेश्वर को याद करते हैं। विभिन्न धर्मों और शास्त्रों के अध्ययन से पता चलता है कि अपने अंदर जाकर ही इंसान को प्रभु को पाने का रास्ता मिलता है। इसके लिए हमें अपने शरीर और मन को शांत करना पड़ता है।

प्रभु का अनुभव हम ध्यान-अभ्यास के जरिए कर सकते हैं। मन को स्थिर रखने के लिए हम प्रभु के नामों का जाप करते हैं। ध्यान-अभ्यास की इस कला को सीखने के लिए किसी पूर्ण गुरु की जरूरत होती है।

इसके लिए बाहर से ध्यान हटाने की जरूरत है। पिता-परमेश्वर आनंद, चेतनता और प्रेम के महासागर हैं। और इसका अनुभव तब होता है, जब हम ध्यान-अभ्यास में बैठते हैं और अपने अंतर में प्रभु के साथ बात करते हैं। ध्यान-अभ्यास करने के लिए हम कोई शांत जगह ढूंढकर आराम से बैठते हैं, जिससे हम ज्यादा देर तक स्थिर रह सकें। हम अपनी आंखें बंद करते हैं और अपना ध्यान दो भौंहों के बीच 'शिवनेत्र' पर एकाग्र



करते हैं, जिसे तीसरी आंख या दिव्य-चक्षु भी कहा जाता है। मन को स्थिर रखने के लिए हम प्रभु के नामों का जाप करते हैं।

ध्यान-अभ्यास की इस कला को सीखने के लिए किसी पूर्ण गुरु की जरूरत होती है। पूर्ण गुरु वही हैं जो हमें अपने अंदर प्रभु की ज्योति और श्रुति का अनुभव कराते हैं। इस अनुभव को प्राप्त करने के बाद ही हम अपने अंतर में आध्यात्मिक यात्रा की शुरुआत करके प्रभु के अंतरीय मंडलों का पता लगा सकते हैं। जब भी हम कुछ नया सीखना चाहते हैं तो हम शिक्षक के पास जाते हैं। कर्म का भुगतान हमें हर हाल में करना पड़ता है, इस विधान को हमें समझना चाहिए। ठीक उसी प्रकार यदि हमें आध्यात्मिक विद्या में निपुण होना है तो हमें किसी पूर्ण गुरु के चरण-कमलों में जाना ही होगा।

प्रभु के दिव्य प्रकाश का जो अनुभव गुरु हमें देते हैं, उसे किसी ग्रंथ या साहित्य से नहीं पाया जा सकता। प्रभु के प्रति सच्चे प्यार, चिंतन और ध्यान-अभ्यास के जरिए ही हमें उन्हें पाना है। प्रतिदिन ध्यान-अभ्यास में समय देने से हमें अपने सच्चे स्वरूप यानी आत्मा के बारे में जानने में मदद मिलती है।

जब हम अपने भीतर प्रवेश करते हैं तो पता चलता है कि हमारे अंदर प्रभु का प्रकाश ही प्रकाश है। उसके बाद ही अनुभव होता है कि प्रभु का जो प्रकाश हमारे अंदर है, वही दूसरों में भी है तो हमें दूसरे भी पराए नहीं लगते। इस दुनिया के बाहरी मतभेद जो इंसान को इंसान से अलग करते हैं। हम सभी लोगों से प्रेमपूर्वक व्यवहार करते हैं और उनके भीतर भी प्रभु के प्रकाश को देखते हैं। प्रभु के चिंतन का अर्थ है सभी लोगों से प्यार करना और हर एक के प्रति दयालुता का व्यवहार करना और एक नैतिक जीवन जीना, जिसमें हम किसी को भी चोट न पहुंचे। सभी को प्रभु के एक ही परिवार के सदस्यों के रूप में प्यार करें और निस्वार्थ भाव से दूसरों की सेवा करें। आइए! हम प्रभु से प्यार करें और उनका चिंतन करें। ध्यान-अभ्यास के जरिए प्रभु के प्रकाश को अपने भीतर खोजना है। अगर हम ऐसा करेंगे तो निश्चित रूप से अपने भीतर ही प्रभु को पाएंगे।

**संत राजिन्दर सिंह**

॥ गीता ज्ञान ॥



**श्लोक**

नित्यसत्त्वस्थः शुद्धात्मा विजितात्मा जितेन्द्रियः।
सर्वभूतात्मभूतात्मा कुर्वन्नपि न लिप्यते॥

**भावार्थ**

जो सदा सत्वगुण में स्थित रहता है, जिसकी आत्मा शुद्ध होती है, जिसने मन पर विजय प्राप्त कर ली है, तथा जिसने इंद्रियों को वश में कर लिया है—वह समस्त जीवों के आत्मा को आत्मस्वरूप में देखता है। ऐसा व्यक्ति कर्म करता हुआ भी कर्म के बंधन में नहीं बंधता।

# टेक्सटाइल प्रोसेस के कच्चे माल की दरों में वृद्धि होने से महंगा होगा कपड़ा

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** भले ही इरान के साथ अमेरिका एवं इजराइल युद्ध का भारत में असर नहीं होने का दावा किया जा रहा हो, लेकिन दस दिन के भीतर ही अनेक चीजों पर इसका प्रभाव देखने को मिल रहा है। खासतौर पर डीजल, पेट्रोल एवं रसोई गैस को लेकर न केवल सरकारें बल्कि आम नागरिक चिंतित हैं, वहीं कपड़ा कारोबार भी इससे प्रभावित हुए बिना नहीं रहेगा। टेक्सटाइल प्रोसेस के कच्चे माल की दरों में 30 से 40 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो गई है, ऐसे में आने वाले समय में जहां इसके महंगा होने की आशंका है, वहीं माल की डिलेवरी में भी बाधा उत्पन्न होने से इंकार नहीं किया जा सकता। मध्यक्षेत्र में चल रहे युद्ध और विशेष रूप से इरान-इजरायल और यूनाईटेड स्टेट्स के बीच तनाव का असर विश्व व्यापार पर दिखाई देने लगा है। इस संघर्ष का कारण गल्फ क्षेत्र में समुद्री मार्गों पर अनिश्चितता बढ़ गई है, जिससे कंटेनर शिपिंग सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। अंतरराष्ट्रीय माल परिवहन की गति धीमी पड़ गई है। इस स्थिति का सीधा प्रभाव कपड़ा उत्पादक नगरों मुंबई, सूरत, अहमदाबाद, बड़ोदा एवं भीलवाड़ा के औद्योगिक क्षेत्रों, विशेष रूप से टेक्सटाइल उद्योग पर भी पड़ने लगा है। टेक्सटाइल प्रोसेस में उपयोग होने वाला कच्चा माल जैसे डाइज, केमिकल्स और अन्य औद्योगिक मटेरियल जो चायना से आयात किया जा रहा है, वह प्रभावित होने लगा है क्योंकि कोई भी देश युद्ध के कारण किसी अन्य देश में कंटेनर शिपिंग सेवाएं देने से कतरा रहा है।

### शादियों का सीजन

उल्लेखनीय है कि आगामी अप्रैल माह से लेकर जून 15 तक शादियों का सीजन है, उसके बाद दीपावली एवं उसके पश्चात भी इस बार अधिक संख्या में शादियां हैं और थोक कारोबारी छह आठ माह पहले से ही इसकी तैयारी कर लेते हैं। इतना ही नहीं संत हिरदाराम नगर जिसकी गिनती इंदौर के बाद प्रदेश के अग्रणी कपड़ा कारोबारियों में की जाती है, जहां अकेले 400 थोक एवं 200 फुटकर कपड़े की दुकाने हैं, जहां साल में लगभग 25 हजार करोड़ रुपए का कारोबार किया जाता है, लेकिन व्यापारियों को इस बात का टेंशन है कि आने वाले दिनों के लिए देश के जिन नगरों में कपड़े का उत्पादन होता है, अगर संकट जारी रहा तो वे आर्डर नहीं लेंगे, ऐसे में माल नहीं आने के कारण ग्राहकी पर बहुत ही बुरा असर पड़ सकता है, क्योंकि मई और जून माह के बाद दीपावली में होने वाली शादियों की खरीदी भी प्रारंभ हो गई है। ऐसे में स्टाक शार्ट हुआ तो कारोबार तहस-नहस हो जाएगा। दाम बढ़ने से भी ग्राहकों को संतुष्ट रख पाना मुश्किल हो जाएगा।

## कंटेनर शिपिंग सेवाएं प्रभावित, युद्ध पर व्यापारियों ने चिंता जताई




### कच्चे माल में गंभीर बाधा

सूरत, मुंबई, अहमदाबाद, कानपुर, बड़ोदा, भीलवाड़ा, खानपुर के कारोबारी बताते हैं कि युद्ध के कारण कच्चे माल की सप्लाई में गंभीर बाधा उत्पन्न हो गई है, इससे नया माल समय पर नहीं मिल पा रहा है। बाजार में उपलब्ध सीमित स्टाक के दामों में 30 से 40 प्रतिशत की बढ़ोतरी रिकार्ड की गई है। इसके अलावा गैस सप्लाई को लेकर भी संकट की स्थिति बनी हुई है। पेट्रोलियम आधारित उत्पादों जैसे प्लास्टिक बैग्स, जिनका उपयोग टेक्सटाइल प्रोसेसिंग, धागा निर्माण और विभिन्न इकाईयों में पैकेजिंग तथा अन्य प्रक्रियाओं में किया जाता है, उनके दामों में भी अधिकतम 40 फीसदी तक की बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। व्यापारियों का कहना है कि टेक्सटाइल मैन्यूफैक्चरिंग कंपनियों, प्रोसेस हाउस और संबंधित उद्योगों के लिए यह समय अत्यंत ही चुनौतीपूर्ण एवं कठिन बन गया है। उद्योग जगत को उम्मीद है कि केंद्र सरकार शीघ्र ही गंभीर स्थिति पर ध्यान देते हुए आवश्यक कदम उठाएगी, ताकि कच्चे माल की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके और उद्योग को राहत मिल सके। वर्तमान में सूरत में कारोबार कर रहे कपड़ा एसोसिएशन के सचिव अमित बिनवानी बताते हैं कि पेट्रोलियम पदार्थों के दामों में वृद्धि से रेट बढ़ने लगे हैं, इसका असर संत हिरदाराम नगर के कपड़ा कारोबार पर भी पड़ेगा।

"अगर युद्ध लंबा खिंचा तो कपड़ा कारोबार बुरी तरह से प्रभावित होगा। माल आना बंद होने लगा है, उत्पादक बोलते हैं कि मोबाइल लगाकर रेट पूछें, उसके बाद भी माल दे पाएंगे।
- **दिनेश वाधवानी**, महासचिव, कपड़ा एसोसियेशन

"बड़े शहरों के उत्पादकों ने बुकिंग बंद कर दी है, जो वर्तमान में रेट है, उस पर माल उठाने की शर्त लगा रहे हैं, अगर हालात नहीं सुधरे तो आगे कठिनाई बढ़ सकती है।
- **नरेन्द्र लालवानी**, थोक वस्त्र व्यवसाई

## अल्प प्रवास पर आए पीसीसी चीफ जीतू पटवारी



**जागरण, औबेदुल्लागंज।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के नगर आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान उनके साथ पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे, किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान का औबेदुल्लागंज नगर के विशनखेड़ा टोल प्लाजा पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर कांग्रेस ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष इमारत सिंह दरबार भी मौजूद थे।

## SUDOKU 171

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 9 | | 6 | | | 7 |
| 7 | | 3 | 1 | | | | | 9 |
| 1 | | | | | | | | |
| 2 | | 9 | | 4 | | | 3 | |
| | 6 | | | | | | 4 | |
| | 1 | | | 5 | | 6 | | 8 |
| | | | | | | | | 3 |
| 9 | | | | | 3 | 8 | | 5 |
| 5 | | | 7 | | 2 | | | |

## SOLUTIONS 170

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 3 | 8 | 2 | 5 | 6 | 4 | 1 | 7 |
| 7 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 6 | 9 |
| 1 | 6 | 5 | 9 | 7 | 4 | 3 | 8 | 2 |
| 4 | 1 | 7 | 5 | 3 | 2 | 8 | 9 | 6 |
| 2 | 9 | 3 | 8 | 6 | 1 | 7 | 4 | 5 |
| 8 | 5 | 6 | 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 |
| 3 | 4 | 9 | 1 | 2 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 2 | 3 | 4 |
| 6 | 8 | 2 | 7 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 |

Rules : The 3x3 sub-grids are called regions. Number already filled in the grid are called givens. The goal of the player is to fill the blank grids of every row, every column and every 3x3 box with the numbers 1,2,3,4,5,6,7,8,9 However, All rows, colums and regions (3x3) should contain numbers 1 to 9 without repeating.

## राशिफल

**मेष** :क्रोध के अतिरेक से बचें। इस समय बड़े फैसले आपको बाद में दिक्कत में डाल सकते हैं। इसिलए शांत रहकर काम करें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। इसका सही इस्तेमाल करें।

**वृष** : मन प्रसन्न रहेगा, लेकिन आपकी लवलाइफ में आज परेशानी रहेगी। आत्मविश्वास से काम लें। नौकरी में बदलाव के योग बन रहे हैं।

**कर्क** : मन परेशान हो सकता है,लेकिन आपको अपना काम अच्छे से करना हैष नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है, इसलिए अलर्ट रहें।

**मिथुन** : समय अच्छा है। आपको इस समय ऑफिस में और पर्सनल लाइफ में ईगो को बाहर रखना है। आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** : मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। इस समय आर्थिक फैसले लेते समय खास ध्यान रखें। पिता की सेहत का ध्यान रखें। परिवार का साथ मिलेगा।

**कन्या** : अच्छी खबर मिल सकती है, लेकिन आपको आत्मसंयत रहें। बेकार के क्रोध से बचें। इस समय कारोबार में जो भी बदलाव हो रहे हैं।

**तुला** : आज का दिन अच्छा है। आपको मन प्रसन्न रहेगा, लवलाइफ रोमांटिक रहेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**धनु** : आत्मविश्वास में कमी रहेगी। इस समय चंद्रमा की स्थिति अच्छी रहेगी, मन में उतार-चढ़ाव भी हो सकते हैं। माता की सेहत का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** :आपको ऑफिस में ऐसा मौका मिलेगा, जिसमें आप अपनी काबिलियत साबित कर सकते हैं। धैर्यशीलता बनाए रखने का प्रयास करें।

**मकर** : यह समय आर्ट में अच्छा रहेगा, आपको नए काम मिल सकते हैं। रोमांस के सितारे मजबूत हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** : लोगों का दिन आज आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। घर में धार्मिक कार्य हो सकते हैं, जिसके लिए आपको पैसा देना पड़ सकता है।

**मीन** : आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। इस समय पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**आज का पंचांग: 11 मार्च बुधवार 2026। दिशाशूल :** उत्तर **आज का पर्व एवं त्योहार :** श्री शीतला अष्टमी **विशेष :** गुरु मार्गी विक्रम संवत 2082 शके 1948 उत्तरायण, दक्षिणगोल, शिशिर ऋतु, चैत्र मास कृष्ण पक्ष की अष्टमी 28 घंटे 20 मिनट तक तत्पश्चात नवमी, ज्येष्ठा नक्षत्र तत्पश्चात मूल नक्षत्र, वज्र योग तत्पश्चात सिद्धि योग, वृश्चिक में चंद्रमा 22 घंटे 01 मिनट तक तत्पश्चात धनु में।

## 7 माह से आवास की किस्त के लिए चक्कर लगा रही महिला



**जागरण, बैरसिया।** जनपद पंचायत की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले नलखेड़ा गांव की निवासी सरोज बाई पिछले करीब 7 महीनों से प्रधानमंत्री आवास योजना की किस्त पाने के लिए लगातार जनपद पंचायत के चक्कर काट रही हैं, लेकिन अब तक उन्हें कोई राहत नहीं मिल सकी है। जानकारी के मुताबिक, आर्थिक रूप से कमजोर सरोज बाई कई बार जनपद पंचायत सीईओ देवेश सराठे और प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़े अधिकारियों से मिल चुकी हैं। हर बार उन्हें जल्द भुगतान का आश्वासन देकर वापस भेज दिया जाता है, लेकिन उनकी समस्या जस की तस बनी हुई है। लगातार दफ्तरों के चक्कर लगाने से महिला काफी परेशान और निराश नजर आ रही हैं।

**नियम क्या कहते हैं:** सरकारी नियमों के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में स्वीकृत लाभार्थियों को निर्माण कार्य की प्रगति के आधार पर किस्तें सीधे उनके बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से भेजी जाती हैं। यदि किसी तकनीकी या प्रशासनिक कारण से भुगतान रुका हो, तो संबंधित अधिकारी को समय सीमा में उसका निराकरण करना आवश्यक होता है। इसके अलावा मप्र लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत नागरिकों को निर्धारित समय सीमा में सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है।

## वीडियो वायरल होने के महीनेभर बाद स्टाफ नर्स बैरसिया अटैच

**जागरण, नजीराबाद।** रुनाहा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्टाफ नर्स रेखा कुशवाह का करीब महीनेभर पहले एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था। वीडियो में स्टाफ नर्स प्रसूता के परिजनों से जबरन पांच हजार रुपए की मांग करती और पैसे लेती दिखाई दे रही थीं। मामले में सीएमएचओ ने जांच के आदेश दिए थे। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने पांच सदस्यीय जांच दल गठित कर जांच कराई। जांच में स्टाफ नर्स रेखा कुशवाह को प्रथम दृष्टया दोषी पाया गया। इसके बाद स्टाफ नर्स को 7 मार्च को आदेश जारी करते हुए बैरसिया संजीवनी क्लीनिक मौलाना आजाद अटैच कर दिया गया।

## गुरू के स्मरण और ध्यान में बड़ी शक्ति है : संत चमनजीत

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** गुरू के स्मरण व ध्यान में बहुत बड़ी शक्ति है, ऐसा करने मात्र से ही गुरू की विशेष कृपा बरस जाती है। भले ही भगवान हमसे दूर हों, लेकिन अगर उनका पूरे समर्पण भाव से ध्यान व स्मरण किया जाए, तो हमारे दुख दर्द दूर हो जांएगे। यह कहना है भाई चमनजीत सिंह लाल (दिल्ली वाले) का। वे अल्प समय के लिए संत हिरदाराम नगर मिनी मार्केट स्थित साध्वी स्व. द्रोपदी देवी धनवानी के दरबार में पहुंचे थे। बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं के बीच उन्होंने न केवल सत्संग कर वाहे गुरू की धुनि लगाई बल्कि प्रवचन भी दिए। उन्होंने कहा कि हम दुनियादारी करते हैं, पूरा दिन माया के झंझट में पड़े रहते हैं, पर अगर शाम को समय निकालकर गुरू का ध्यान करें, सत्संग करें, स्मरण करें, गुरूमंत्र का जाप करें, तो माया के झंझट एवं दुखों से दूर हो सकते हैं। गुरू के मंत्र में इतनी शक्ति है कि हमारे सारे दुख दूर हो जाएंगे। जो गुरू का मंत्र करेगा, उस पर माया का जहर कभी असर नहीं करेगा। इस अवसर पर उन्होंने द्रोपदी देवी धनवानी का स्मरण किया और कहा कि उन्होंने गुरू भक्ति का जो मार्ग दिखाया, उस पर चल हम अपना व दूसरों का जीवन सफल कर सकते हैं।



**स्व. साध्वी द्रोपदी धनवानी के दरबार में किया सत्संग**

# श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ, निकली कलश यात्रा

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** संत नगर में धार्मिक आस्था और भक्ति का अद्भुत वातावरण देखने को मिल रहा है। यहां ओल्ड डेयरी फार्म मैदान में श्रीमद् भागवत कथा आयोजित की जा रही है। कथा के शुभारंभ अवसर पर क्षेत्र में भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं और श्रद्धालुओं ने भाग लिया। श्रद्धालु सिर पर कलश धारण कर भजन-कीर्तन और जयकारों के साथ यात्रा में शामिल हुए, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। इस सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में कथावाचक आचार्य कृपाशंकर महाराज आध्यात्मिक प्रवचनों से श्रद्धालुओं को कथा का रसपान करा रहे हैं। आचार्य कृपाशंकर महाराज अपने प्रवचनों में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, धर्म, भक्ति, संस्कार और मानव जीवन के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाल रहे हैं। उनके प्रवचन सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा स्थल पहुंच रहे हैं। धार्मिक आयोजन का नेतृत्व राहुल राजपूत, अध्यक्ष संस्था मातृभूमि द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन श्रीमद् भागवत कथा आयोजन समिति के सहयोग से किया गया है। कार्यक्रम में कई गणमान्य नागरिक विशेष रूप से उपस्थित रहे। इनमें सुशील वासवानी, कमल विधानी, राम बंसल, मनीष बागवानी, राजकुमार अग्रवाल, हेमंत उपाध्याय, सोनू मेघानी, सूरज यादव, जीतू कटारिया, गुड्डू मेहरा, हेमंत अग्रवाल, राहुल अबोले, वृंदावन गर्ग, पियूष गिरी, किशोर पहलाजानी, नरेंद्र बिष्ट, कुनाल गोहर, विजय मालवीय व बालचंद नागर आदि शामिल हैं।



AU SMALL FINANCE BANK चलो आगे बढ़े

## एयू स्मॉल फाइनेन्स बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)

रजिस्टर्ड ऑफिसः 19-ए, धूलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर-302001(CIN: L36911RJ1996PLC011381)

**परिशिष्ट IV-A नियम 8 ( 6 ) के लिए देखें अचल सम्पत्तियों के विक्रय के लिए विक्रय सूचना**

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एंव पूनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के शर्तं व सपठित नियम 8( 6 ) के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियों की ई-नीलामी विक्रय सूचना

आमजन को साधारणतया तथा ऋणी, सहऋणी व जमानतदार को विशेष रूप से एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित बन्धक अचल सम्पत्तियों का भौतिक कब्जा एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के नाम से ज्ञात जो कि आगे एयू एस एफ बी सन्दर्भित किया जावेगा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया था को "जैसे है जहाँ है" एवं जो भी है जैसा भी है के आधार पर ई-नीलामी द्वारा निम्न तालिका मेंदर्शित बकाया राशि एवं भविष्य का व्याज, लागत व शुल्क की वसूली हेतु विक्रय किये जाने का निर्णय लिया गया है। यह सूचित किया जाता है कि ई-नीलामी वेबसाइट https://sarfaesi.auctiontiger.net के माध्यम से आयोजित की जावेगी।

| ऋण खाता संख्या/ऋणी/ सह-ऋणी/जमानतदार/ बंधककर्ता का नाम | 13 ( 2 ) नोटिस की दिनांक व राशि | कब्जा दिनाक | सम्पत्ति का विवरण | सम्पत्ति का आरक्षित मूल्य | ईएमडी राशि | नीलामी की तिथि एवं समय | ई-निविदा जमा कराने की तिथि | ई-निविदा खोलने, जमा कराने का स्थान | सम्पर्क सूत्र व संपत्ति विजिट दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060714353053, मनोज कुमार सोलंकी पुत्र/पत्नी/पुत्री रमेश ( ऋणी ), रमेश चंद पुत्र/पत्नी/पुत्री किशन लाल ( सहऋणी ), अनिल सोलंकी पुत्र/पत्नी/पुत्री रमेश ( सहऋणी ), विद्या सोलंकी पुत्र/पत्नी/पुत्री रमेश चंद्र ( सहऋणी ), उदय सिंह पुत्र/पत्नी/पुत्री सिद्धू सिंह ( गारंटर ) | 10 जुलाई 21 17,05,170/- सत्रह लाख पांच हजार एक सौ सत्तर रुपए मात्र, 07 जुलाई 21 तक | 10 जनवरी 24 | संपत्ति स्थित प्लॉट नं. 428, ग्राम मेतवाड़ा, वार्ड नं. 9, तहसील जावर, जिला सीहोर ( म.प्र. ), दस्तावेज अनुसार संपत्ति क्षेत्रफल 1060 वर्ग फीट, परंतु भौतिक रूप से उपलब्ध 940 वर्ग फीट | 16,10,000/- सोलह लाख दस हजार रुपए मात्र | 1,61,000/- एक लाख इकसठ हजार रुपए मात्र | 08-अप्रैल-2026 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 06 अप्रैल 26 तक | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, शाखा पता: थर्ड फ्लोर, मेपल हाइट स्ट्रीट, आशिमा मॉल के सामने, होशंगाबाद रोड, भोपाल- 462010, मप्र | गोपाल दास बैरागी 7610210556 9773358234 auctions@ aubank.in 03-अप्रैल-26 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060715520369, जितेंद्र सिंह राजपूत पुत्र सूरत सिंह राजपूत ( ऋणी ), भूपेंद्र राजपूत पुत्र सूरत सिंह राजपूत ( सहऋणी ), नोट: डीआरटी एसए, जबलपुर, केस नं. S-A_62/2024, केस शीर्षक जितेंद्र सिंह राजपूत बनाम एयूएसएफबी | 16 अगस्त 22 29,76,854/- उनतीस लाख छिहत्तर हजार आठ सौ चौवन रुपए मात्र, 12 अगस्त 22 तक | 08 जनवरी 25 | संपत्ति स्थित पटवारी हल्का नं. 29, वार्ड नं. 14, सुल्तानपुर, तहसील गोहरगंज, जिला रायसेन, मध्य प्रदेश, क्षेत्रफल 1530 वर्ग फीट | 15,00,000/- पंद्रह लाख रुपए मात्र | 1,50,000/- एक लाख पचास हजार रुपए मात्र | 15-अप्रैल-2026 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 13 अप्रैल 26 तक | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, शाखा पता:एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक, होशंगाबाद रोड, आशिमा मॉल के सामने, भोपाल, रायसेन, मध्य प्रदेश | गोपाल दास बैरागी 7610210556 9773358234 auctions@ aubank.in 10-अप्रैल-26 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060122934217, घनश्याम डांगी पुत्र राम चरण डांगी ( ऋणी ), श्रीमती कला बाई पत्नी घनश्याम ( सहऋणी ), श्रीमती सुगन बाई पत्नी राम चरण डांगी ( सहऋणी ) | 17 मई 23 4,15,823/- चार लाख पंद्रह हजार आठ सौ तेईस रुपए मात्र, 15 मई 23 तक | 23 दिसम्बर 25 | संपत्ति स्थित पटवारी हल्का नं. 09, मकान नं. 31, ग्राम-पडोनिया, तहसील-ब्यावरा, जिला-राजगढ़, मध्य प्रदेश, क्षेत्रफल 517.2 वर्ग फीट | 6,90,000/- छः लाख नब्बे हजार रुपए मात्र | 69,000/- उनहत्तर हजार रुपए मात्र | 22-अप्रैल-2026 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 20 अप्रैल 26 तक | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, शाखा पता: गुना नाका के पास, ओल्ड एबी रोड, ब्यावरा, जिला-राजगढ़, मध्य प्रदेश 465674 | विश्वेश चंदेल 9713666603 auctions@ aubank.in 17-अप्रैल-26 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001070427305704, शुभम साहू पुत्र जयराम साहू ( ऋणी ), श्रीमती जया साहू ( सहऋणी ) | 11 अगस्त 23 8,45,416/- आठ लाख पैंतालीस हजार चार सौ सोलह रुपए मात्र, 10 अगस्त 23 तक | 22 जनवरी 25 | संपत्ति स्थित पटवारी हल्का नं. 07, सेटलमेंट नं. 406/1, सर्वे नं. 263/1/1/1/1, ग्राम- हसलपुर, तहसील- आमला, जिला- बैतूल, मध्य प्रदेश, क्षेत्रफल 0. 014 हेक्टेयर | 7,20,000/- सात लाख बीस हजार रुपए मात्र | 72,000/- बहत्तर हजार रुपए मात्र | 08-अप्रैल-2026 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 06 अप्रैल 26 तक | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, शाखा पता: ग्राउंड फ्लोर, प्लॉट नं. 6/8, 3/2 गणेश वार्ड बेतूल, आभा श्री होटल, सिविल लाईंस, बैतूल, म.प्र. 460001 | गोपाल दास बैरागी 7610210556 9773358234 auctions@ aubank.in 03-अप्रैल-26 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060128386504, गुर्जर एजेंसी ( ऋणी ), प्रेम नारायण भायरे पुत्र लखन लाल ( सहऋणी ), श्रीमती सरला बाई भायरे ( सहऋणी ), सुमित प्रेम नारायण भायरे ( सहऋणी ) | 15 जुलाई 24 6,71,984/- छः लाख इकहत्तर हजार नौ सौ चौरासी रुपए मात्र, 11 जुलाई 24 तक | 20 जनवरी 26 | संपत्ति स्थित खसरा नं. 286/7, 286/8, 287/8, 287/9 तथा सीएलआर नं. 11023780828, पटवारी हल्का नं. 19, ग्राम-मसानगांव, SH15 के अंदर, तहसील व जिला- हरदा, मध्य प्रदेश, क्षेत्रफल 7211.82 वर्ग फीट | 11,10,000/- ग्यारह लाख दस हजार रुपए मात्र | 1,11,000/- एक लाख ग्यारह हजार रुपए मात्र | 22-अप्रैल-2026 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 20 अप्रैल 26 तक | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, शाखा पता: खसरा नं. 63/30, फर्स्ट फ्लोर, माया सेंट्रल कुल्हाड़ा, हरदा, मध्य प्रदेश 461331 | अमित शर्मा 7247743814 9773358234 auctions@ aubank.in 17-अप्रैल-26 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060840310262 एवं L9001060131636475, मैसर्स एस एस कंस्ट्रक्शन ( ऋणी ), संतोष पटेल ( सहऋणी ), नीलू पटेल ( सहऋणी ) | 17 अप्रैल 25 2,47,892/- दो लाख सैंतालीस हजार आठ सौ बानवे रुपए मात्र एवं 8,22,523/- आठ लाख बाईस हजार पांच सौ तेईस रुपए मात्र, 15 अप्रैल 25 तक | 29 दिसम्बर 25 | संपत्ति स्थित खसरा नं. 449/13, पटवारी हल्का नं. 16/31, ग्राम- दमोह खास, मगंज, वार्ड नं. 4, जिला- दमोह, मध्य प्रदेश, क्षेत्रफल 1250 वर्ग फीट | 10,00,000/- दस लाख रुपए मात्र | 1,00,000/- एक लाख रुपए मात्र | 15-अप्रैल-2026 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 13 अप्रैल 26 तक | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, शाखा पता: फर्स्ट फ्लोर, ब्रजवासी रेस्टोरेंट के सामने, बस स्टैंड रोड, टंडन बगीचा, दमोह, मध्य प्रदेश 470661 | अमित कुशवाहा 9257085660 9773358234 auctions@ aubank.in 10-अप्रैल-26 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060736314498 एवं L9001060142741730, नव्या किराना एंड पार्लर ( ऋणी ), श्रीमती रूपाली गुप्ता ( सहऋणी ), जितेंद्र गुप्ता ( सहऋणी ) | 18 जनवरी 25 5,93,762/- पांच लाख तिरानवे हजार सात सौ बासठ रुपए मात्र एवं 2,33,099/- दो लाख तैंतीस हजार निन्यानवे रुपए मात्र, 10 जनवरी 25 तक | 01 दिसम्बर 25 | संपत्ति स्थित सर्वे नं. 826, पटवारी हल्का नं. 18, मकान नं. 161, वार्ड नं. 13, ग्राम- गिंदोरहाट, तहसील- सुठालिया, जिला- राजगढ़, मध्य प्रदेश, क्षेत्रफल 1116 वर्ग फीट | 8,90,000/- आठ लाख नब्बे हजार रुपए मात्र | 89,000/- नवासी हजार रुपए मात्र | 15-अप्रैल-2026 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 13 अप्रैल 26 तक | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, शाखा पता: गुना नाका के पास, ओल्ड एबी रोड, ब्यावरा, जिला-राजगढ़, मध्य प्रदेश 465674 | धनेश नंदवंशी 9057806267 9773358234 auctions@ aubank.in 10-अप्रैल-26 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060140283098, राकेश ट्रेडर्स ( ऋणी ), राकेश कुमार ( सहऋणी ), गंगाराम पुत्र गोपीलाल ( सहऋणी ), श्रीमती लीलाबाई पत्नी गंगाराम ( सहऋणी ) | 13 दिसम्बर 24 6,31,867/- छः लाख इकतीस हजार आठ सौ सड़सठ रुपए मात्र, 11 दिसम्बर 24 तक | 01 दिसम्बर 25 | संपत्ति स्थित मकान नं. 161, वार्ड नं. 03, पटवारी हल्का नं. 22, ग्राम- गोर्धनपुरा, मेन रोड, जनपद पंचायत ब्यावरा, तहसील- सुठालिया, जिला- राजगढ़, मध्य प्रदेश, क्षेत्रफल 2530 वर्ग फीट | 8,75,000/- आठ लाख पचहत्तर हजार रुपए मात्र | 87,500/- सत्तासी हजार पांच सौ रुपए मात्र | 22-अप्रैल-2026 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 20 अप्रैल 26 तक | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, शाखा पता: गुना नाका के पास, ओल्ड एबी रोड, ब्यावरा, जिला-राजगढ़, मध्य प्रदेश 465674 | आकाश बैस 6269993657 auctions@ aubank.in 17-अप्रैल-26 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001070441620539, राशिद खान ( ऋणी ), श्रीमती सईदा बी ( सहऋणी ) | 16 अक्टूबर 25 9,69,586/- नौ लाख उनहत्तर हजार पांच सौ छियासी रुपए मात्र, 10 अक्टूबर 25 तक | 29 दिसम्बर 25 | संपत्ति स्थित सर्वे नं. 18-11-1-1 एस, पुराना नं. 180-5-एस-2-1, प्लॉट नं. ए-05, उषा प्रभा कॉलोनी, ग्राम खजूरी कलां, जिला भोपाल, मध्य प्रदेश 462021, क्षेत्रफल 550 वर्ग फीट | 26,50,000/- छब्बीस लाख पचास हजार रुपए मात्र | 2,65,000/- दो लाख पैंसठ हजार रुपए मात्र | 15-अप्रैल-2026 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 13 अप्रैल 26 तक | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, शाखा पता: थर्ड फ्लोर, मेपल हाइट स्ट्रीट, आशिमा मॉल के सामने, होशंगाबाद रोड, जिला- भोपाल, म.प्र. 462010 | गोपाल दास बैरागी 7610210556 9773358234 auctions@ aubank.in 10-अप्रैल-26 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001070444282508, राहुल कुशवाह ( ऋणी ), श्रीमती कंचन ( सहऋणी ) | 27 जून 25 10,85,456/- दस लाख पिचासी हजार चार सौ छप्पन रुपए मात्र, 27 जून 25 तक | 15 सितम्बर 25 | संपत्ति स्थित प्लॉट नं. 20, सर्वे नं. 169/2/3, मुगलियाकोट, पटवारी हल्का नं. 28, आरएनएम 02, ग्राम- हुजूर, जिला- भोपाल, मध्य प्रदेश, क्षेत्रफल 1147 वर्ग फीट | 8,00,000/- आठ लाख रुपए मात्र | 80,000/- अस्सी हजार रुपए मात्र | 08-अप्रैल-2026 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 06 अप्रैल 26 तक | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, शाखा पता: थर्ड फ्लोर, मेपल हाइट स्ट्रीट, आशिमा मॉल के सामने, होशंगाबाद रोड, जिला- भोपाल, म.प्र. 462010 | गोपाल दास बैरागी 7610210556 9773358234 auctions@ aubank.in 03-अप्रैल-26 |

ई-निलामी बिक्री के नियम और शर्तः


1. बंधक परिसंपत्ति की ई-नीलामी बिक्री AUSFB सुरक्षित लेनदार द्वारा "जैसा है, जहां है," जैसा है वैसा, "जो कुछ भी है और" नो रिकोर्स के आधार पर की जायेगी उक्तसम्पत्ति पर कोई ज्ञात प्रभार नहीं है।
2. ऑनलाइन ई-निलामी की बिक्री में भाग लेने के लिए, बोली दस्तावेज, पैन कार्ड की प्रतियां, कम्पनी और फोटो आईडी, कम्पनी के मामले में बोर्ड रिजोल्यूशन, पते का प्रमाण पत्र ईमएडी के साथ, जो आरटीजीएस/एनईएफटी/डीडी के माध्यम से देय है एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड **MSME AUCTION POOL ACCOUNT** के नाम, चालू खाता संख्या 1921201121711599 **AU SMALL FINANCE BANK LIMITED** पांचवी एवं छठी मंजिल, सनी बिग जंक्शन एसटीसी खसरा नं. 64 से 67, ग्राम सुखईपुरा, न्यू आतिश मार्केट जयपुर 302020 **IFSC** कोड : **AUBL0002011** में जमा करना आवश्यक है, एक बार ऑनलाइन बोली सबमिट करने के बाद, उसे वापस नहीं लियाजा सकता है। आगे बोलीदाता द्वारा प्रस्तुत किसी भी ईएमडी को निम्नलिखित ईमेल आईडी यानी **auctions@aubank.in** पर रद्द किए गए चेक की कॉपी के साथ आरटीजीएस/एनईएफटी/डीडी की यूटीआर/रेफरेन्स नंबर/डीडी नंबर भेजने की आवश्यकता होगी।
3. सभी इच्छुक प्रतिभागियों/बोलीकर्ताओं से अनुरोध किया जाता है कि ई-निलामी की बिक्री की कार्यवाही में भाग लेने, जानकारी और शर्तों के लिए वेबसाईट **https://sarfaesi.auctiontiger.net & https://www.aubank.in/bank-auction** अवश्य देखें। और अधिक जानकारी के लिए ई-मेल auctions@aubank.in पर संपर्क करें।

**नोटः**-यह सूचना पत्रऋणी/जमानती/बंधककर्ता के लिये नियम 8(6) सहपठित नियम 9(1) के अधीन 15 दिवस व 30 दिवस का सूचना पत्र माना जायेगा। यदि बैंक को देय राशि की अदायगी उनके द्वारा इस अवधि में नहीं की जाती है तो उक्त संपत्ति निविदा द्वारा उपरोक्त दिनांक पर विक्रय की जाएगी।

**दिनांकः 10.03.2026** **स्थानः भोपाल, मप्र** **प्राधिकृत अधिकारी एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**

## मौसम अपडेट

### प्रदेश के चार महानगरों का तापमान




### देश के चार महानगरों का तापमान

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 35.5 | 18.8 |
| मुंबई | 40.0 | 21.6 |
| चेन्नई | 36.0 | 19.0 |
| कोलकाता | 31.1 | 25.1 |

सूर्यास्त 6:27 PM
सूर्योदय 6:35 AM
चन्द्रोदय 12:00 AM
चन्द्रास्त 10:34 PM

# कार ने बाइक को रौंदकर 50 फीट तक घसीटा, चार युवकों की मौत

## कार सवार पांच में से चार लोगों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल किया रेफर

**जागरण, कटनी।** जिले के बड़वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत कटनी-शहडोल राष्ट्रीय राजमार्ग पर रेलवे पुलिया के पास सोमवार-मंगलवार की मध्यरात्रि को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार चार युवकों की मौत हो गई। जबकि कार सवार पांच लोग घायल हो गए। घायलों में से चार की हालत गंभीर है, जिन्हें प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर किया है। वहीं पुलिस ने कार चालक को हिरासत में ले लिया है। उसके खिलाफ केस दर्ज किया है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसा इतना भीषण था कि कार ने बाइक सवारों को करीब 50 फीट तक घसीटा है। वहीं कार से भी 20 मीटर दूर पर क्षतिग्रस्त बाइक मिली है। दुर्घटना बड़वारा थाना क्षेत्र में देर रात नेशनल हाईवे- 43 पर हुआ। बाइक सवार चार युवक कटनी से उमरिया की ओर जा रहे थे। मृतकों की पहचान धीरेंद्र सिंह, रामकिशोर सिंह, रामदास सिंह और इंद्रभान सिंह के रूप में हुई है, जो उमरिया के मानपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले थे। वहीं कार सवार संपत बाई, सोनू सिंह, मदन लाल सिंगा, कैलाश तेवर और प्रेम सिंह को गंभीर चोटें आई हैं। ये सभी राजगढ़ के रहने वाले हैं, जो अनूपपुर में अपने परिजनों से मिलने गए थे।



### दोस्तों को लेने स्टेशन गया था

परिजनों के अनुसार, रामकिशोर, रामदास और इंद्रभान सोमवार को ही महाराष्ट्र से मजदूरी कर वापस लौटे थे। धीरेंद्र सिंह उन्हें लेने बाइक से कटनी रेलवे स्टेशन गया था। स्टेशन से घर लौटते समय जगतपुर उमरिया गांव के पास चपहनी मोड़ पर विपरीत दिशा (उमरिया) से आ रही तेज रफ्तार कार (एमपी 13 सीसी 4342) से उनकी सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक चकनाचूर हो गई।

### घंटेभर एनएच पर लगा रहा जाम

टक्कर की आवाज इतनी जोरदार थी कि आसपास के ग्रामीण और राहगीर तत्काल मौके पर जमा हो गए। हादसे के बाद नेशनल हाईवे पर एक घंटे तक जाम लग गया। सूचना मिलते ही बड़वारा थाना पुलिस और 108 इमरजेंसी वाहन मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी को तत्काल बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने चारों बाइक सवारों को मृत घोषित कर दिया।

# अशोकनगर में विस अध्यक्ष के काफिले की गाड़ियां टकराईं

## निर्माणाधीन सड़क पर गिट्टी से हादसा

**जागरण, अशोकनगर।** प्रदेश के अशोकनगर-देहरदा मार्ग पर जंघार गांव के पास मंगलवार शाम को विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के काफिले की दो गाड़ियां आपस में टकरा गईं। यह हादसा निर्माणाधीन सड़क के किनारे पड़े गिट्टी के ढेर की वजह से हुआ, जिसमें पीएसओ और फॉलो वाहन क्षतिग्रस्त हो गए हैं। हादसे में विस अध्यक्ष सुरक्षित हैं लेकिन एएसआई प्रकाश बुनकर और पीएसओ को चोट आई है, जिनका इलाज ईशागढ़ के अस्पताल में किया गया। घटना के समय काफिला ईसागढ़ से देहरदा मार्ग पर आगे बढ़ रहा था। रास्ते में निर्माणाधीन सड़क का काम चल रहा था। इसी दौरान काफिले में पीछे चल रही पीएसओ की गाड़ी सड़क किनारे पड़े गिट्टी के ढेर से अनियंत्रित होकर टकरा गई। पीएसओ की गाड़ी के अचानक रुकने से उसके ठीक पीछे आ रही फॉलो गाड़ी भी आगे वाली गाड़ी से जा भिड़ी। हादसा उस वक्त हुआ जब विधानसभा अध्यक्ष का काफिला महुअन गांव से वापस लौट रहा था। नरेंद्र सिंह तोमर महुअन गांव में पूर्व विधायक स्वर्गीय राव राजकुमार सिंह यादव को श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे थे। हादसे के दौरान विस अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर जिस मुख्य गाड़ी में सवार थे, वह काफिले में सबसे आगे चल रही थी। हादसे वाली जगह से उनकी गाड़ी पहले ही आगे निकल चुकी थी, इसलिए वे और उनका वाहन पूरी तरह से सुरक्षित रहे।



### दुर्घटना में पीएसओ और एएसआई को आई चोट

# जमीन खाली कराने पहुंची पुलिस और प्रशासन की टीम पर पथराव



**जागरण, ग्वालियर।** शहर के गिरवाई इलाके में जमीन खाली कराने के लिए गई पुलिस और प्रशासन की टीम पर मंगलवार को भीड़ ने पथराव कर दिया। इसके बाद पुलिस ने बल प्रयोग करते हुए भीड़ को खदेड़ा। इसका वीडियो अब सामने आया है। जानकारी के अनुसार तहसीलदार न्यायालय ने एक जमीन पर बेदखली का आदेश जारी किया था। इसका पालन कराने पुलिस और प्रशासन की टीम जेसीबी लेकर मौके पर पहुंची थी। बताया जा रहा है कि जमीन पर कुछ लोग मकान बनाकर रह रहे थे, जब प्रशासन की टीम अतिक्रमण हटाने पहुंची तो वहां मौजूद लोगों ने इसका विरोध शुरू कर दिया। विरोध के दौरान विवाद बढ़ गया और भीड़ ने पुलिस और प्रशासन की टीम पर पथराव कर दिया। इसके बाद पुलिस ने स्थिति नियंत्रित करने बल प्रयोग किया। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में भीड़ और पुलिसकर्मियों को एक-दूसरे के साथ मारपीट करते हुए देखा जा सकता है। शनिवार को भी धार जिले की धरमपुरी तहसील के सिरसोदिया में अतिक्रमण हटाने पहुंचे अमले पर ग्रामीणों ने पथराव कर दिया था। इस दौरान धामनोद थाना प्रभारी प्रवीण ठाकरे सहित कुछ अन्य लोग घायल हो गए थे। इसके अलावा पथराव में सरकारी वाहनों के कांच भी टूट गए। इसके दो दिन बाद प्रशासन ने दल-बल के साथ अतिक्रमण हटा दिया था।

# सीमेंट कंपनी के विरोध में किसानों ने घेरा कलेक्ट्रेट



**जागरण, सतना।** जिले के रामपुर बाघेलान क्षेत्र में प्रस्तावित डालमिया सीमेंट कंपनी के लिए भूमि लीज पर लेने के विरोध में किसानों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को किसान यूनियन के बैनर तले सैकड़ों किसानों ने ट्रैक्टर रैली निकालकर जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया और कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव कर प्रशासन को ज्ञापन भी सौंपा। दरअसल, रामपुर बघेलान तहसील की 3600 एकड़ उपजाऊ कृषि भूमि को डालमिया सीमेंट कंपनी को 40 साल की लीज पर देने की प्रक्रिया चल रही है। इस निर्णय के विरोध में क्षेत्र के किसान लामबंद हो गए हैं। किसानों का कहना है कि उनकी पुश्तैनी और उपजाऊ जमीन को उद्योग के लिए लीज पर देना उनके भविष्य के साथ अन्याय है। मंगलवार को बड़ी संख्या में किसान ट्रैक्टर, चार पहिया वाहनों और बाइक के साथ रैली के रूप में शहर पहुंचे। किसानों ने नारेबाजी करते हुए भूमि लीज का विरोध जताया और प्रशासन से इस निर्णय को वापस लेने की मांग की। रैली कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंची, जहां किसानों ने प्रदर्शन कर अपना ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व राष्ट्रीय किसान यूनियन के शैलेंद्र सिंह चौहान ने किया।

# गृहप्रवेश कार्यक्रम में हर्ष फायरिंग, युवती की मौत

## भाई के साथ कार्यक्रम में शामिल होने आई थी

**जागरण, सीधी।** प्रदेश के सीधी जिले में चुरहट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मवई में अपने बहन के बेटे के गृहप्रवेश कार्यक्रम के दौरान हुई हर्ष फायरिंग में एक युवती की जान चली गई। अचानक हुई वारदात से हड़कंप मच गया। घटना से जुड़ा वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में गांव का ही एक युवक बंदूक लहराते दिख रहा है, उसके कुछ देर बाद ही गोली चलने की आवाज आती है। गोली युवती के पेट में लगती है। परिजन गंभीर हालत में उसे रीवा के संजय गांधी मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृतक युवती की पहचान रितिका सिंह निवासी ग्राम पिपरा थाना गोविंदगढ़ जिला रीवा के रूप में हुई। रितिका के भाई उदय सिंह ने बताया कि उसकी बहन स्वाति सिंह को बेटा हुआ था। मवई में भांजे के गृहप्रवेश का कार्यक्रम में शामिल होने उदय अपनी बहन रितिका के साथ आया हुआ था। कार्यक्रम में गांव का रहने वाला ऋषि



सिंह बंदूक लहराकर चल रहा था। इसी दौरान अचानक गोली चलने की आवाज हुई। गोली रितिका के पेट में लगी और वह घटनास्थल पर ही रितिका गिर गई। परिजन आनन-फानन में उसे रीवा के संजय गांधी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के दौरान रितिका को मृत घोषित कर दिया। उदय ने आरोप लगाया कि उसकी बहन की जानकार हत्या की गई है। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया है और पुलिस उसकी तलाश कर रही है। चुरहट थाना प्रभारी दीपक सिंह बघेला ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर यह पता लगाया जा रहा है कि गोली किसने और किस हथियार से चलाई।

# जहर मिला खाना खाने से मासूम की मौत

**जागरण, सतना।** जिले के रामपुर बघेलान थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। पारिवारिक विवाद के चलते एक ही परिवार के चार लोगों ने जहरीला भोजन खा लिया। इस दर्दनाक घटना में एक मासूम बच्चे की मौत हो गई, जबकि माता-पिता और दूसरा बच्चा गंभीर हालत में अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहे हैं। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम बांधा निवासी कुंदन शर्मा पत्नी ज्योति शर्मा और दो बेटों के साथ रहता था। बताया जा रहा है कि मंगलवार शाम 7 बजे पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। आरोप है कि इसके बाद पत्नी ने घर में खाना बनाया और उसमें कुछ मिला दिया। परिवार के चारों सदस्यों ने उसे खा लिया। कुछ देर बाद परिवार के सदस्य अचेत होने लगे। इस दौरान सबसे छोटे बच्चे अभिषेक ने किसी तरह पड़ोसियों को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो घर के अंदर कुंदन शर्मा, उसकी पत्नी ज्योति शर्मा, बड़ा बेटा आकाश शर्मा और छोटा बेटा अभिषेक अचेत हालत में पड़े मिले।


# कर्ज से परेशान पति ने पत्नी की हत्या कर फांसी लगाकर की आत्महत्या

## घर में फंदे पर लटकता मिला पिता, मां की लाश भी पड़ी मिली

**जागरण, इंदौर।** प्रदेश में इंदौर के परदेशीपुरा इलाके में मंगलवार सुबह एक ही घर से पति-पत्नी की लाश मिली है। दंपति के नाबालिग बेटे जब दूध लेकर घर लौटे तो उन्होंने पिता को फंदे पर लटका देखा, जबकि दूसरे कमरे में मां मृत पड़ी थी। शुरुआती जांच में आशंका है कि शेयर बाजार में नुकसान, आर्थिक तंगी और कर्ज से परेशान पति ने पहले पत्नी की हत्या की और फिर खुद फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक की पहचान एकनाथ वाघ और उनकी पत्नी रोहिणी के रूप में हुई है। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह के मुताबिक आस-पड़ोस के लोगों और रिश्तेदारों से भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस को रोहिणी के शव के पास टूटी चूड़ियां मिली हैं। इससे आशंका जताई जा रही है कि दंपति के बीच संघर्ष हुआ होगा। शुरुआती जांच में माना जा रहा है कि एकनाथ ने पहले पत्नी की हत्या की और बाद में खुद फांसी लगा ली।

**रात में सामान्य था माहौल, कोई विवाद नहीं हुआ:** पुलिस के मुताबिक मकान मालिक नीचे रहते हैं, लेकिन रात में किसी बाहरी व्यक्ति के आने-जाने की जानकारी नहीं मिली। आशंका है कि घटना के दौरान आवाज बाहर न जाए, इसलिए एकनाथ ने मुंह में कपड़ा ठूंस लिया होगा। बच्चों के मुताबिक रात में घर का माहौल सामान्य था और उनके सामने कोई विवाद नहीं हुआ था।

### दूध लेकर लौटे बच्चों ने देखा तो पिता फंदे पर लटके थे


मृतक पति एकनाथ वाघ


मृतक पत्नी रोहिणी

सुबह करीब 8 बजे एकनाथ ने दोनों बेटों मोहित (17) और मयंक (13) को दूध लेने भेजा था। करीब 20 मिनट बाद जब वे घर लौटे तो पिता को फंदे पर लटका पाया, उस समय उसके मुंह में कपड़ा ठूंसा हुआ था। परिजनों के मुताबिक एकनाथ पहले मैकेनिक का काम करता था, लेकिन कुछ समय से शेयर मार्केट में काम कर रहा था। करीब डेढ़ साल से वह परदेशीपुरा में किराए के कमरे में रह रहा था, उसके दो भाई अलग-अलग रहते हैं, जबकि पिता रामनगर में रहते हैं। परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहा था। एकनाथ ने जीवन की फेल स्थित मकान 9 लाख रुपए में और एमआर-10 का दूसरा मकान 6 लाख रुपए में बेच दिया था। इसके बावजूद कर्ज का दबाव बना रहा। परिजनों के अनुसार एकनाथ पहले से ही कर्ज में था। शेयर मार्केट में लगाया हुआ उसका बचत का पैसा भी डूब गया था, जिससे आर्थिक परेशानी और बढ़ गई थी।

# जंगल में लकड़ी बीनने गए परिजनों पर बाघ का हमला, चाचा की मौत



**जागरण, बालाघाट।** जिले के लामता क्षेत्र में सोमवार शाम बाघ के हमले में एक 55 वर्षीय आदिवासी की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक अपने भतीजे के साथ जंगल में लकड़ी लेने के लिए गया था। इसी दौरान घात लगाए बैठे बाघ ने अचानक उस पर हमला कर दिया और गले पर वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत है। सूचना मिलने पर वन विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और पंचनामे की कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।जानकारी के अनुसार घटना वन विकास निगम की लामता रेंज के पाद्रीगंज सर्किल अंतर्गत दक्षिण मोहगांव बीट के जंगल में हुई। मोहगांव निवासी इंकारसिंह सैयाम सोमवार शाम अपने भतीजे पुनेश के साथ साइकिल से विस्थापित वनग्राम मलधर के पास जंगल में लकड़ी लेने गए थे। ग्रामीणों के अनुसार दोनों अक्सर जंगल से सूखी लकड़ियां लाकर घरेलू उपयोग के लिए इकट्ठा करते थे। बताया जा रहा है कि दोनों जंगल में अलग-अलग स्थानों पर सूखी लकड़ियां इकट्ठा कर रहे थे। इसी दौरान झाड़ियों में छिपे बाघ ने अचानक इंकारसिंह पर हमला कर दिया। बाघ ने झपट्टा मारते हुए सीधे उनके गले को दबोच लिया। हमला इतना तेज और अचानक था कि इंकारसिंह को संभलने का मौका ही नहीं मिला। प्रत्यक्षदर्शी भतीजे पुनेश ने बताया कि उसने अचानक झाड़ियों से निकलकर बाघ को हमला करते देखा।

### इंदौर के देवगुराडिया क्षेत्र में तेंदुए का मूवमेंट

**जागरण, इंदौर।** देवगुराडिया क्षेत्र में तेंदुए की मौजूदगी से इलाके में दहशत फैल गई है। एक कार सवार ने सड़क किनारे तेंदुए को चलते हुए देखा और उसका वीडियो बना लिया, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और तेंदुए की तलाश शुरू कर दी। अधिकारियों ने आसपास के लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

**समाज का कड़ा फैसला**

# डीजे और प्री-वेडिंग शूट पर पूर्ण प्रतिबंध

**जागरण, हरदा।** कुर्मी क्षत्रिय गौर समाज के भवन में बुंदेलखंडीय कुर्मी क्षत्रिय गौर समाज का त्रैवार्षिक अधिवेशन संपन्न हुआ, जिसमें समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने और फिजूलखर्ची पर अंकुश लगाने के लिए कई ऐतिहासिक कदम उठाए गए। समाज के विभिन्न गांवों से आए प्रतिनिधियों और प्रबुद्धजनों ने गहन विचार-विमर्श के बाद कुल 17 प्रमुख फैसले लिए हैं। बैठक में स्पष्ट किया गया कि वर्तमान दौर में शादियों में हो रहा दिखावा मध्यमवर्गीय परिवारों पर आर्थिक बोझ बढा रहा है, जिसे रोकना समाज हित में अनिवार्य है। अधिवेशन में सबसे महत्वपूर्ण निर्णय शादियों में होने वाले शोर-शराबे और फिजूलखर्ची को लेकर लिया गया। समाज ने अब विवाह कार्यक्रमों में डीजे बजाने और बारात में डीजे ले जाने पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया है। साथ ही आधुनिकता के नाम पर होने वाले प्री-वेडिंग वीडियो शूट को भी प्रतिबंधित किया गया है।

# ननि की सूची में स्व. सिंधिया का नाम, 33.32 लाख टैक्स बकाया

## ग्वालियर में बड़े बकायादारों की सूची जारी

**जागरण, ग्वालियर।** शहर में नगर निगम ने संपत्ति कर वसूली अभियान तेज कर दिया है, इसी बीच बड़े बकायादारो के जो नाम सामने आए हैं,उसमें निगम ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के पिता स्व. माधवराव सिंधिया के नाम भी 33 लाख रुपए से अधिक का संपत्ति कर बकाया दिखाया है। कांग्रेस इस बहाने केंद्रीय मंत्री सिंधिया पर टैक्स जमा करते हुए असली जन सेवक साबित होने की बात कह रही है। दरअसल ग्वालियर नगर निगम मार्च क्लोजिंग से पहले संपत्ति कर अभियान के जरिए ज्यादा से ज्यादा कर वसूली करना चाहता है। इसे लेकर बड़े बकायादारों की सूची सामने आई है, इनमें एक नाम ऐसा है, जिसके सामने आने पर कांग्रेस राजनीतिक तंज कस रही है, यह नाम केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के पिता स्व. माधवराव सिंधिया का है, नगर निगम की संपत्ति कर आईडी नंबर में प्रॉपर्टी मलिक के नाम से माधवराव सिंधिया का नाम दर्ज है, जिनकी 197 नंबर कटोरा ताल के सामने की संपत्ति का साल 1998 से 33 लाख 38 हजार 617 रुपए का संपत्ति कर बकाया है। ग्वालियर नगर निगम कमिश्नर संघ प्रिय का कहना है कि मार्च क्लोजिंग को देखते हुए संपत्ति कर वसूली तेज की गई है। बड़े बकयादारो से भी वसूली की जा रही है। इस मामले में कांग्रेस मीडिया विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष आरपी सिंह का कहना है कि नगर निगम अपने कर वसूली के जरिए शहर विकास का काम करती है। ऐसे में यदि कर वसूली नहीं होगी तो शहर का विकास ठप हो जाएगा, लिहाजा जो बड़े बकायादार है उन्हें संपत्ति कर जमा करना चाहिए। खासकर जो जनप्रतिनिधि खुद को जनसेवक बताते हैं वह संपत्ति कर जमा करके असली जन सेवक होने का फर्ज भी निभाए।



**बिजनेस प्लस**

# डब्ल्यूसीएल में 'नारी गौरव सम्मान' कार्यक्रम आयोजित

**नागपुर।** वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में 10 मार्च मंगलवार को वीमेन इन पब्लिक सेक्टर द्वारा 'अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस' के उपलक्ष्य में 'नारी गौरव सम्मान' कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में आईपीएस रश्मिता राव, पुलिस उपायुक्त (जोन-IV), नागपुर तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में आईपीएस लोहित मतानी, पुलिस उपायुक्त (ट्रैफिक एवं साइबर), नागपुर, निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे, निदेशक (योजना एवं परियोजना) संदीप परांजपे एवं सीवीओ अजय मधुकर म्हेत्रे उपस्थित रहे। कार्यक्रम में झंकार महिला मंडल की उपाध्यक्ष रीना पांडे एवं श्रुति परांजपे तथा WIPS की जनरल सेक्रेटरी (अपैक्स) एवं मुख्य प्रबंधक (मानव संसाधन) अनुपमा टेमुर्निकर की भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि रश्मिता राव, पुलिस उपायुक्त (जोन-IV), नागपुर ने अपने संबोधन में देश के विकास में महिलाओं की भागीदारी के महत्व को बताया। उन्होंने कई कामयाब महिलाओं के उदाहरण देते हुए कहा कि आज की नारी हर क्षेत्र में प्रगति कर रही है। WCL के निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे ने अपने संबोधन में कहा कि आज का यह दिवस, महिलाओं द्वारा हासिल की गई सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक उपलब्धियों का सम्मान करने का है। उन्होंने इस बार की थीम Rights,



Justice, Action for all Women & Girls पर अपनी बात रखी। कार्यक्रम के दौरान WCL के क्षेत्रों और खदानों में विभिन्न कार्यों में कार्यरत महिलाओं को उनके कार्यक्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए 'नारी गौरव सम्मान' से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्वागत संबोधन WIPS की जनरल सेक्रेटरी (अपैक्स) अनुपमा टेमुर्निकर तथा संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन WIPS Co-ordinator रितु सिंह, प्रबंधक (मानव संसाधन) ने किया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में डॉ. रश्मि वालेकर, विभागाध्यक्ष (एआई एवं साइबर सुरक्षा), रामदेवबाबा विवि द्वारा 'मानवीय मूल्यों और बुद्धिमान प्रणालियों के बीच समन्वय', नम्रत्ता तिवारी, प्रधान महाप्रबंधक, बीएसएनएल द्वारा 'आत्मविश्वास के साथ कार्य', सीमा शारदा द्वारा 'प्राणिक हीलिंग' विषय पर तथा फ्लाइट लेफ्टिनेंट शिवाली देशपांडे (सेवानिवृत्त) द्वारा विशेष सत्र का आयोजन किया।

# बैंक ऑफ बड़ौदा ने पेश किया बॉब वूमेन सफायर बचत खाता

**मुंबई।** बैंक ऑ बड़ौदा ने महिलाओं के लिए एक विशेष प्रीमियम बचत खाता बॉब वूमेन सफायर बचत खाता का शुभारंभ करने की घोषणा की। यह खाता 10 लाख तक की कैंसर देखभाल कवरेज योजना, परिवार के छह सदस्यों के लिए निःशुल्क ऑनलाइन चिकित्सकीय परामर्श तथा दवाओं एवं पैथोलॉजी टेस्ट पर रियायतों सहित सेहत से जुड़े कई लाभ प्रदान करता है। यह खाता श्रेष्ठ बैंकिंग और जीवन शैली से जुड़े लाभ भी प्रदान करता है। इसके साथ ही, खाताधारक को बॉब भूमि रुपे सेलेक्ट डेबिट कार्ड प्रदान किया जाएगा जो घरेलू हवाई अड्डे पर लाउंज एक्सेस, निःशुल्क जिम सदस्यता, स्वास्थ्य जांच, स्पा/सैलून सत्र तथा ओटीटी सब्स्क्रिप्शन जैसे प्रीमियम लाइफस्टाइल सुविधाओं के साथ आता है। खाताधारकों को एक प्रीमियम, महिला-केंद्रित क्रेडिट कार्ड, बॉबकार्ड टियारा क्रेडिट कार्ड पर रिवॉर्ड पॉइंट के रूप में प्रथम वर्ष के सदस्यता शुल्क में 50 प्रतिशत रियायत भी मिलेगी। इसके अलावा, बॉब वूमेन सफायर बचत खाताधारकों को लॉकर प्रभार में रियायत, गृह ऋण प्रोसेसिंग शुल्क पर 50 प्रतिशत की छूट, अन्य बैंकिंग सुविधाओं की एक विस्तृत रेंज का लाभ मिलेगा। बैंक ऑ बड़ौदा के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. देबदत्त चांद ने कहा कि बॉब वूमेन सफायर बचत खाता सार्थक, महिला-केंद्रित वित्तीय समाधान उपलब्ध कराने के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# शादी के 25 दिन बाद प्रेमी संग पति को उतारा मौत के घाट, तीन गिरफ्तार

**जागरण, सिंगरौली।** सरई थाना क्षेत्र में हुई सनसनीखेज अंधी हत्या की गुत्थी को पुलिस ने महज 48 घंटे में सुलझा लिया है। चौंकाने वाली बात यह है कि इस हत्याकांड की साजिश किसी और ने नहीं बल्कि मृतक की नवविवाहिता पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर रची थी। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दरअसल 8 मार्च को सरई थाना क्षेत्र के रजनिया कटरा जंगल में अजय वैश्य का शव उसकी बाइक के नीचे दबा मिला था। प्रथम दृष्टया मामला सड़क दुर्घटना का लग रहा था, लेकिन पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जब मामले की गहराई से जांच की गई और पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आई, तो मामला हत्या का निकला। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि अजय वैश्य की हत्या गला घोंटकर की गई थी और उसके सिर पर भारी पत्थर से वार किया था। हत्या के बाद आरोपियों ने इसे सड़क हादसा दिखाने शव के ऊपर बाइक गिरा दी थी।



**पूछताछ में पत्नी ने किया साजिश का खुलासा :** जांच के दौरान पुलिस ने मृतक की पत्नी उमा वैश्य से पूछताछ की। सख्ती से पूछताछ करने पर उसने पूरी साजिश का खुलासा कर दिया। उमा ने बताया कि उसकी शादी 12 फरवरी को अजय वैश्य से हुई थी, लेकिन वह अपने पुराने प्रेमी अमर बहादुर के साथ रहना चाहती थी। इसी वजह से उसने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या की योजना बनाई। योजना के तहत 7 मार्च को उमा ने अजय को फोन कर मायके बुलाया और रास्ते की सटीक लोकेशन प्रेमी अमर बहादुर को दे दी। इसके बाद अमर बहादुर ने अपने साथी चंद्रप्रताप के साथ सुनसान रास्ते में अजय को रोककर उसकी हत्या कर दी। वारदात के दौरान आरोपियों ने मेडिकल ग्लव्स का इस्तेमाल किया, ताकि सबूत न छूटे।

# हनुमान मंदिर परिसर में फिल्म मेकर टीम ने बनाया चिकन-मटन

## बजरंग दल का विरोध

**जागरण, सीहोर।** जिले के इछावर में एक मंदिर परिसर में फिल्म मेकर टीम की ओर से मांसाहारी भोजन बनाने से विवाद खड़ा हो गया है। बताया जा रहा है कि 'फौज' वेब सीरीज की शूटिंग के लिए आई टीम पिछले तीन दिनों से नगर में ठहरी हुई है और मंदिर परिसर में ही रुकी हुई है। इसी परिसर में एक हनुमान मंदिर भी है। बजरंग दल कार्यकर्ताओं को सूचना मिली थी कि शूटिंग टीम को भोजन में अंडा और मांस परोसा जा रहा है। इसके बाद कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और उन्होंने इसका विरोध जताया। बजरंग दल के सौरभ मकरेया ने बताया कि संगठन को जानकारी मिली थी कि मंदिर परिसर में रुकी फिल्म मेकर टीम के लिए मांसाहारी भोजन बनाया जा रहा है। बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। कार्यकर्ताओं का कहना है कि मौके पर अंडे और चिकन की सब्जी मिली। इसके बाद उन्होंने इसका विरोध दर्ज कराया।

## बाजार पर नजर



शेयर बाजार में आज

640 ▲ 78,206

**Nifty 50 Top Gainers**

| Scrip | High | %Gain |
|---|---|---|
| Power Finance | 414.90 | 4.93% |
| MOTHERSON | 123.83 | 4.60% |
| CG Power | 731.95 | 4.39% |
| TVS Motor | 3,793.10 | 4.34% |
| ABB India | 6,250.00 | 4.05% |

**Nifty 50 Top Losers**

| Scrip | Close | %Loss |
|---|---|---|
| Solar Ind | 341.45 | -1.72% |
| BPCL | 32,850.00 | -1.59% |
| IOC | 24,600.00 | -0.79% |
| Avenue Supermar | 162.15 | -0.49% |
| Varun Beverages | 333.20 | -0.29% |

**फोरेक्स रेट**

| मुद्रा | बिक्री |
|---|---|
| $ डॉलर | 91.8100 |
| € यूरो | 106.97 |
| ¥ येन | 0.5820 |
| £ पौंड | 123.56 |

# तेल संकट के बीच भारत ने पाइपलाइन से बांग्लादेश भेजा 5,000 टन डीजल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत और बांग्लादेश के बीच हुए पाइपलाइन समझौते के तहत डीजल की आपूर्ति शुरू हो गई है। दोनों देशों के बीच ऊर्जा सहयोग को मजबूत करने की दिशा में ये द्विपक्षीय समझौता किया गया था। इसके तहत 5,000 टन डीजल की पहली खेप बांग्लादेश पहुंच चुकी है। बांग्लादेश पेट्रोलियम कॉरपोरेशन के चेयरमैन मोहम्मद रेजानुर रहमान ने इस खेप के पहुंचने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि हमारा भारत के साथ एक समझौता है। उस समझौते के मुताबिक, भारत पाइपलाइन के माध्यम से हर साल बांग्लादेश को 1,80,000 टन डीजल की आपूर्ति करेगा। रेजानुर रहमान ने आगे बताया कि भारत से अभी जो 5,000 टन डीजल पहुंचा है, वो इसी वार्षिक समझौते का एक हिस्सा है। समझौते की शर्तों के मुताबिक, शुरुआती छह महीनों के भीतर बांग्लादेश को कम से कम 90,000 टन डीजल का आयात करना होगा। बीपीसी चेयरमैन ने भविष्य की योजना साझा करते हुए कहा, आज पहुंचने वाली खेप 5,000 टन की है। हमें उम्मीद है कि अगले दो महीनों के भीतर, हम पूरे छह महीनों के लिए निर्धारित कुल डीजल की मात्रा को देश में ले आएंगे।




**1,80,000**

**टन डीजल की हर साल आपूर्ति करेगा भारत**

**बांग्लादेश के लिए किफायती ये सप्लाई:** भारत से पाइपलाइन के जरिए होने वाली ये डीजल सप्लाई बांग्लादेश के लिए काफी किफायती और समय बचाने वाली साबित होगी। इससे न सिर्फ परिवहन लागत में कमी आएगी, बल्कि बांग्लादेश के उत्तरी हिस्सों में डीजल की उपलब्धता भी आसान हो जाएगी। ये पाइपलाइन परियोजना भारत की नेबरहुड फर्स्ट नीति का एक अहम हिस्सा है। ये दिखाता है कि भारत अपने पड़ोसी देशों की बुनियादी जरूरतों और विकास कार्यों में सक्रिय रूप से मदद कर रहा है। भारत ने ये मदद ऐसे समय में की है जब मिडिल-ईस्ट वॉर के चलते दुनिया भर में तेल संकट का खतरा गहरा गया है।

# रूसी तेल से बैन हटाएगा अमेरिका, ट्रंप ने दिए संकेत

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी युद्ध ने ग्लोबल टेंशन को बढ़ाया है और कच्चे तेल को लेकर दुनिया में हाहाकार मचा हुआ है। हमलों के बीच कतर, कुवैत और इराक जैसे बड़े तेल उत्पादक देशों ने प्रोडक्शन में कटौती का फैसला लेकर चिंता बढ़ाई, तो वहीं ईरान की ओर से होर्मुज स्ट्रेट में रुकावट डालने ये और भी बढ़ गई। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ने तेल की किल्लत को रोकने के लिए बड़े संकेत दिए हैं और कहा है कि वे कुछ देशों पर लगे प्रतिबंध हटा रहे हैं। ऐसे में ये चर्चाएं भी तेज हैं कि क्या रूसी तेल पर लगा बैन भी अमेरिका हटा रहा है?




**तेल की बढ़ती कीमतें रोकने की मुहिम**

रिपोर्ट की मानें, तो क्रूड आइल कीमतों में वृद्धि को रोकने के लिए ट्रंप रूस पर लगे तेल प्रतिबंधों में ढील देने पर विचार कर रहे हैं और वे रूसी तेल पर लगे प्रतिबंध अस्थाई रूप से हटा सकते हैं। इसमें कहा गया है कि ट्रंप प्रशासन ईरान के साथ अमेरिका-इजराइल के युद्ध के कारण वैश्विक ऊर्जा कीमतों में तेज बढ़ोतरी को रोकने के लिए रूसी तेल पर लगे प्रतिबंधों में ढील देने पर विचार कर रहे हैं।

### दुनिया में तेल की कमी नहीं होगी

डोनाल्ड ट्रंप ने फ्लोरिडा में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि उनका प्रशासन तेल बाजार को स्थिर करने के प्रयास कर रहा है और इसके तहत कुछ देशों पर लगे प्रतिबंध हटा रहा है। उन्होंने कहा कि हमने कुछ देशों पर प्रतिबंध लगा रखे हैं, जिन्हें होर्मुज स्ट्रेट में शांति बहाल होने तक प्रतिबंध हटा रहे हैं। इस कदम का उद्देश्य पश्चिम एशिया युद्ध के कारण तेल आपूर्ति में आई बाधाओं के बीच ग्लोबल तेल सप्लाई को बढ़ावा देना है। ट्रंप के मुताबिक, दुनिया में वे तेल की कमी नहीं होने देंगे।

### ट्रंप के संकेतों से तेल फिसला

बता दें कि बीते कारोबारी दिन सोमवार को क्रूड आइल तूफानी तेजी के भागते हुए 25 फीसदी से अधिक उछल गए थे और साल 2022 के बाद पहली बार 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंचा था। ये 115 डॉलर प्रति बैरल से ज्यादा हो गया था, लेकिन ट्रंप के ईरान युद्ध को लेकर दिए गए बयान के बाद इसमें अचानक तेज गिरावट देखने को मिली और ये 91 डॉलर प्रति बैरल के आसपास आ गया।

# गेहूं का उत्पादन रिकॉर्ड 12.02 करोड़ टन रहने का अनुमान

**नई दिल्ली, जेएनएन।** फसल वर्ष 2025-26 में भारत का गेहूं उत्पादन रिकॉर्ड 12 करोड़ 2.1 लाख टन रहने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष के 11 करोड़ 79.4 लाख टन से दो प्रतिशत अधिक है। सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। गेहूं, जो एक प्रमुख रबी (गर्मी) की फसल है, की कटाई शुरू हो गई है और उम्मीद है कि आने वाले सप्ताहों में प्रमुख गेहूं उत्पादक राज्यों में इसमें तेज़ी आएगी। कृषि मंत्रालय ने अपने दूसरे अग्रिम अनुमान में बताया कि कुल रबी फसल उत्पादन वर्ष 2025-26 में 3.16 प्रतिशत बढ़कर 17 करोड़ 45.1 लाख टन होने का अनुमान है, जो एक साल पहले 16 करोड़ 91.6 लाख टन था। दलहनों का उत्पादन वर्ष 2025-26 के रबी मौसम में सात प्रतिशत बढ़कर एक करोड़ 62.4 लाख टन होने का अनुमान है, जो एक साल पहले एक करोड़ 52.3 लाख टन था। ऐसा इसलिए है क्योंकि देश मांग और आपूर्ति के बीच के उस अंतर को कम करने की कोशिश कर रहा है जिसके कारण उसे आयात पर निर्भर रहना पड़ रहा है। चने का उत्पादन पिछले वर्ष के एक करोड़ 11.1 लाख टन के मुकाबले थोड़ा अधिक, एक करोड़ 17.9 लाख टन रहने का अनुमान है, जबकि मसूर का उत्पादन 16.5 लाख टन के मुकाबले 17.3 लाख टन रहने का अनुमान है।



### 10% से कम हिस्सेदारी पर बिना मंजूरी निवेश सुविधा

# पड़ोसी देशों के लिए फॉरेन इन्वेस्टमेंट के नियम बदले

**नई दिल्ली, जेएनएन।** केंद्र सरकार ने चीन समेत भारत के साथ बॉर्डर शेयर करने वाले यानी पड़ोसी देशों से आने वाले फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट के नियमों में ढील दी है। पीएम मोदी की अध्यक्षता में मंगलवार (10 मार्च) को हुई कैबिनेट मीटिंग में प्रेस नोट 3 यानी एफडीआई पॉलिसी के नियमों में बदलाव को मंजूरी दी गई। नए नियमों के तहत अब उन निवेश प्रस्तावों को ऑटोमैटिक मंजूरी मिल जाएगी, जिनमें पड़ोसी देश के निवेशक की हिस्सेदारी 10 प्रतिशत से कम हो और उसका कंपनी पर कोई कंट्रोल न हो। इसके साथ ही, स्ट्रैटेजिक मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में निवेश के लिए 60 दिनों की समय सीमा तय कर दी गई है।

**स्टार्टअप्स और डीप टेक कंपनियों को फायदा-** सरकार के इस फैसले का सबसे बड़ा असर भारतीय स्टार्टअप्स और डीप टेक सेक्टर पर पड़ेगा। सरकार का कहना है कि इन बदलावों का उद्देश्य ग्लोबल फंड्स से निवेश हासिल करना और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देना है। अब तक प्रेस नोट 3 की वजह से कई ग्लोबल प्राइवेट इक्विटी और वेंचर कैपिटल फंड्स को निवेश करने में परेशानी हो रही थी, क्योंकि उनमें पड़ोसी देशों के निवेशकों का छोटा हिस्सा भी शामिल होता था। अब 10 प्रतिशत की सीमा तय होने से फंड का फ्लो आसान हो जाएगा।



### 60 दिन में निवेश पर फैसला

कैबिनेट ने मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के लिए एक फास्ट ट्रैक अप्रूवल सिस्टम को भी हरी झंडी दी है। अब स्पेशल मैन्युफैक्चरिंग सेक्टरों में निवेश के प्रस्तावों पर सरकार को 60 दिनों के भीतर फैसला लेना होगा। इससे भारतीय कंपनियों को विदेशी कंपनियों के साथ मिलकर टेक्नोलॉजी पार्टनरशिप करने और जॉइंट वेंचर बनाने में मदद मिलेगी। सरकार का मानना है कि इससे भारत को ग्लोबल सप्लाई चेन का हिस्सा बनने में आसानी होगी।

### इलेक्ट्रॉनिक और सोलर सेक्टर को फायदा

सरकार ने साफ किया है कि इन बदलावों से विशेष रूप से तीन सेक्टरों को सबसे ज्यादा फायदा होगा। मोबाइल-लैपटॉप के पार्ट्स बनाने वाली कंपनियों को विदेशी निवेश और तकनीक मिल सकेगी। भारी मशीनरी और इंडस्ट्रियल इक्विपमेंट के प्रोडक्शन में तेजी आएगी।

## इंडिगो के सीईओ पीटर ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर पीटर एलबर्स ने पद से इस्तीफा दे दिया है। कंपनी ने रेगुलेटरी फाइलिंग में इसकी जानकारी दी। अब कंपनी के फाउंडर और मैनेजिंग डायरेक्टर राहुल भाटिया अंतरिम तौर पर एयरलाइन के कामकाज की जिम्मेदारी संभालेंगे। 3 महीने पहले इंडिगो को भारी फ्लाइट ऑपरेशंस संकट का सामना करना पड़ा था। उस दौरान करीब 3 लाख यात्री फंसे रह गए थे, जिसके बाद एविएशन रेगुलेटर डीजीसीए ने एयरलाइन पर 22.20 करोड़ का भारी जुर्माना भी लगाया था।



## सेंसेक्स 650 निफ्टी 200 अंक बढ़ा

**मुंबई, जेएनएन।** कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट का असर मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार पर सकारात्मक रूप से देखने को मिला। निवेशकों की मजबूत खरीदारी के चलते प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी बढ़त के साथ बंद हुए। कारोबार के दौरान बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स करीब 650 अंक चढ़कर बंद हुआ, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी लगभग 200 अंकों की बढ़त के साथ बंद हुआ। वैश्विक बाजारों से मिले सकारात्मक संकेत और कच्चे तेल की कीमतों में आई नरमी से निवेशकों का भरोसा मजबूत हुआ। विश्लेषकों का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से भारत जैसे आयातक देशों को राहत मिलती है। इससे महंगाई पर दबाव कम होने की उम्मीद रहती है, जिसका सकारात्मक असर शेयर बाजार पर भी पड़ता है। बाजार में आईटी, बैंकिंग और ऑटो सेक्टर के शेयरों में खासतौर पर खरीदारी देखने को मिली। कई दिग्गज कंपनियों के शेयरों में तेजी ने बाजार को मजबूती दी। अगर वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें नियंत्रित रहती हैं।


## पश्चिम मध्य रेल

पत्रं सं- बिक्री/1402/मु-भं/डब्ल्यू.सी.आर. ई-नीलामी/प्रोग्राम/2025-26
दिनाकः 05.03.2026 विषय-अप्रैल, मई एवु जून-2023 का ई-नीलामी कार्यक्रम।
अप्रैल, मई एवं जून-2026 के दौरान विभिन्न लोकेशन में मौजूद रद्दी माल की ई-नीलामी कार्यक्रम निम्न प्रकार हैः-

| नीलामी का स्थान | सडिपुका भोपाल/ | बैगन मरम्मत शॉपकोटा/ | जबलपुर मंडल | भोपाल मंडल | कोटा मंडल |
|---|---|---|---|---|---|
| सम्बंधित व्यक्ति | उप मुख्य साप्र/ भोपाल (0755-2747414) | उप मुख्य साप्र/ कोटा (0744-2467082) | व/मं. सा प्र/ जबलपुर (0761-2623491) | व/मं. सा प्र भोपाल (0755-4001594) | व/मं सा प्र कोटा (0744-2467006) |
| नीलामी की तिथि अप्रैल-2026 | 06.04.2026 | 07.04.2026 | 08.04.2026 | 10.04.2026 | 13.04.2026 |
| | 17.04.2026 | 21.04.2026 | 23.04.2026 | 27.04.2026 | 29.04.2026 |
| नीलामी की तिथि मई-2026 | 05.05.2026 | 08.05.2026 | 11.05.2026 | 13.05.2026 | 15.05.2026 |
| | 18.05.2026 | 20.05.2026 | 22.05.2026 | 26.05.2026 | 28.05.2026 |
| नीलामी की तिथि जून-2026 | 02.06.2026 | 05.06.2026 | 08.06.2026 | 10.06.2026 | 12.06.2026 |
| | 16.06.2026 | 19.06.2026 | 22.06.2026 | 25.06.2026 | 29.06.2026 |

**नीलामी आइटमः-** अनुपयोगी रेल और अन्य पी-वे सामग्री, कार्यालय से जारी सभी अनुपयोगी कास्ट आयरन् अनुपयोगी रोलिंग स्टॉक, नॉन फेरस एवं नॉन मेटॉलिक स्क्रैप, टर्निंग और बोरिंग, प्रयुक्त तेल, पेंट ड्रम, अनुपयोगी मशीनरी प्लांट अनुपयोगी वाहन, अनुपयोगी कार्यालय उपकरण, एमएस/जी आई पाइप, फाउंड्री स्लैग और अन्य विविध स्क्रैप आदि। **नोटः-** ई-नीलामी की बिक्री की शर्तों, नीलामी सूची आदि के लिए और ई-नीलामी में भाग लेने के लिए कृपया www.ireps.gov.in पर जाएं। 1. बिक्री सामान्य और विशेष शर्ते वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं। 2. निलामी सूची निलामी से कम से कम सात दिन पहले वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होगी। 3. निलामी के दिन अवकाश होने की स्थिति में इसे अगले दिवस पर आयोजित किया जा सकता है। 4. नीलामी बंद होने से पहले घोषणा करके नीलामी जारी रखी जा सकती है या अगले दिन आयोजित की जा सकती है।

हस्ता.
उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, बिक्री, पमरे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**
**लोक स्वास्थ्य यात्रिकी विभाग, मैकेनिकल खण्ड अशोक विहार,**
**लहारपुर डेम के समीप, बाग मुंगालिया, भोपाल**

Fax & Phone No. 0755-2930001, E- Mail I.D. emphbpl@mp.nic.in
क्रमांक 313/तक/का.यं./लो. स्वा./मैके. खण्ड/भोपाल/2026/दिनांक 02/03/2026

**निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 37/2025-26 दिनांक 02.03.2026 ऑन-लाईन**
**निविदा क्रमांक 2026_PHED_486806_1 दिनांक 02.03.2026**

कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, मैकेनिकल खण्ड भोपाल के अंतर्गत मैकेनिकल उपखण्ड रायसेन की आई.टी. एच. 10/02 विभागीय रिंग मशीन में विशेष सुधार कार्य के लिये कलपुर्जे क्रय हेतु ऑन लाईन डिजिटली हस्ताक्षरित निविदा दिनांक 17.03.2026 सायं 17.00 बजे बजे तक अधिकृत विक्रेता / प्रतिष्ठित फर्म जिन्हें इस प्रकार के कार्य का अनुभव प्राप्त हो, से फार्म-C पर आमंत्रित की जाती है। निविदा हेतु अभिलेखों जैसे प्रतिभूति राशि की पावती, अधिकृत विक्रेता के पंजीयन का प्रमाण-पत्र/अनुभव प्रमाण-पत्र इत्यादि (निविदा अनुसार) निर्धारित अवधि में अनिवार्य रूप से ऑन-लाईन जमा करना होगा। निविदा **दिनांक 18.03.2026 को सायं 17.15 बजे** ऑन लाईन खोली जावेगी। कार्य की अनुमानित लागत रुपये **5,23,900.00/-** (रुपये पाँच लाख तेईस हज़ार नो सौ) मात्र है तथा प्रतिभूति राशि रुपये 10,478.00/- (रू. दस हजार चार सौ अठहत्तर) मात्र है । निविदा प्रपत्र ( टेण्डर डाक्युमेंटस) राशि रूपये 2000/- ऑन लाईन भुगतान करने के उपरांत वेबसाईट : https://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन क्रय किये जा सकते हैं। परशिष्ट/संशोधन केवल वेबसाईट पर ही प्रकाशित किया जावेगा। **निविदा का विवरण निम्नानुसार है:-**

| कार्य का विवरण | टेण्डर के प्राक्कलन की अनुमानित लागत राशि (रु.) | धरोहर राशि (रु.) | टेण्डर का मूल्य (रु.) | टेण्डर आनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि | टेण्डर खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| मैकेनिकल खण्ड भोपाल के अन्तर्गत मैकेनिकल उपखण्ड रायसेन की आई.टी.एच. (एन.) 10/02 विभागीय रिग मशीन के विशेष सुधार कार्य के लिये कलपुर्जे क्रय | 5,23,900.00 | 10,478,00 | 2,000.00 | 17.03.2026 17.00 बजे तक | 18.03.2026 17.15 बजे |

निविदा से संबंधित अन्य समस्त शर्तें एवं विवरण वेबसाईट **https://mptenders.gov.in** पर ऑन-लाईन निविदा क्रमांक 2026_PHED_486806_1 दिनांक 02.03.2026 पर उपलब्ध है।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वा.यां.वि. मैके. खण्ड,
भोपाल

जी-27035/25

बच्चों की मुस्कान है अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल



## कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल

**यांत्रिक विभाग, जोन क्र. 20**

क्र. 24/यां.वि./जोन क्र. 20/26 | भोपाल, दिनांक 06/03/2026

### निविदा आमंत्रण सूचना

निम्न कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण https://www.mptenders.gov.in पर है।

| क्र. | निविदा क्र. | कार्य का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत (रु. लाख में) | निविदा क्रय करने का अंतिम दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_473360_3 | SUPPLY AND FIXING OF RCC BENCH, CI BENCH AT VALLBH NAGAR PARK, VIJAY NAGAR PARK, SUNCITY, GOLF LINK, GREEN ACRES PARK UNDER W-06, Z-20 | 395984/- | 23.03.2026 | 05:30 सायं |
| 2. | 2026_UAD_476039_3 | FABRICATION OF SHED (TEMPORARY STRUCTURE) NEAR AASARAM TIRAHA, WARD 06, ZONE-20 | 321501/- | 23.03.2026 | 05:30 सायं |
| 3. | 2026_UAD_487558_1 | CONSTRUCTION OF DRAIN AT BANJARA BASTI, GANDHI NAGAR W-01,Z-20 | 2289114/- | 04.04.2026 | 05:30 सायं |
| 4. | 2026_UAD_487571_1 | CONSTRUCTIONOVERLAY OF CC ROAD AT TAGORE WARD, GANDHI NAGAR-01, Z-20 | 348660/- | 23.03.2026 | 05:30 सायं |
| 5. | 2026_UAD_487913_1 | CC ROAD OVERLAYING AND REPAIR CONSTRUCTION OF DRAIN AT GONDERMAU VILLAGE WO1, Z20 | 1335797/- | 04.04.2026 | 05:30 सायं |

नि.क्र. 3293/025/026

सहायक यंत्री (सिविल)
जोन क्र. 20
नगर पालिक निगम भोपाल



## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, (भ./स.) संभाग क्रमांक-1 रीवा

## निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 25/ब.ले.लि./निविदा/2025-2026 | रीवा, दिनांक 25/02/2026

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्न कार्यों हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा समस्त संशोधनों सहित के आधार पर, प्रपत्र -अ में निविदाकारों, जो केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली के तहत लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत हों, से आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | टेंडर क्रमांक | कार्य का नाम | ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में) | 1-अमानत राशि 2- निविदा प्रपत्र का मूल्य | 1-निविदा आमंत्रण क्र. 2-कार्यावधि सहित/छोड़कर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PWDRB 485357 | विशेष मजबूतीकरण के अन्तर्गत उपसंभाग त्योंथर में सोनौरी बडोखर मार्ग लम्बाई 4.00 कि.मी. का कार्य | 152.33 | 1-152330.00 2-12500.00 | 1-प्रथम आमंत्रण 2-चार माह वर्षाकाल सहित |
| 2 | PWDRB 485358 | विशेष मजबूतीकरण के अन्तर्गत उपसंभाग मनगवां में रामनई से रीठी मार्ग लम्बाई 6.00 कि.मी. का कार्य | 238.14 | 1-238140.00 2-15000.00 | 1-प्रथम आमंत्रण 2-चार माह वर्षाकाल सहित |
| 3 | PWDRB 485359 | विशेष मजबूतीकरण के अन्तर्गत उपसंभाग त्योंथर में त्योंथर बडागांव से अमाव मार्ग लम्बाई 3.50 कि.मी. का कार्य | 152.67 | 1-152670.00 2-12500.00 | 1-प्रथम आमंत्रण 2-चार माह वर्षाकाल सहित |
| 4 | PWDRB 485360 | विशेष मजबूतीकरण के अन्तर्गत उपसंभाग मनगवां में रायपुर से बरहदी मार्ग लम्बाई 6.00 कि.मी. का कार्य | 222.37 | 1-222370.00 2-15000.00 | 1-प्रथम आमंत्रण 2-चार माह वर्षाकाल सहित |
| 5 | PWDRB 485361 | विशेष मजबूतीकरण के अन्तर्गत उपसंभाग मनगवां में गुढ़ खैरा बंजारी मार्ग लम्बाई 5.00 कि.मी. का कार्य | 203.14 | 1-203140.00 2-15000.00 | 1-प्रथम आमंत्रण 2-चार माह वर्षाकाल सहित |
| 6 | PWDRB 485362 | विशेष मजबूतीकरण के अन्तर्गत उपसंभाग मनगवां में मनिकवार से रघुराजगढ़ मार्ग लम्बाई 4.70 कि.मी. का कार्य | 196.99 | 1-196990.00 2-12500.00 | 1-प्रथम आमंत्रण 2-चार माह वर्षाकाल सहित |
| 7 | PWDRB 485363 | विशेष मजबूतीकरण के अन्तर्गत उपसंभाग मनगवां में पहरखा से बुसौल मार्ग लम्बाई 3.57 कि.मी. का कार्य | 118.87 | 1-118870.00 2-12500.00 | 1-प्रथम आमंत्रण 2-चार माह वर्षाकाल सहित |
| 8 | PWDRB 485364 | विशेष मजबूतीकरण के अन्तर्गत उपसंभाग मनगवां में डिहिया से शुकुलगवां मार्ग लम्बाई 3.50 कि.मी. का कार्य | 137.60 | 1-137600.00 2-12500.00 | 1-प्रथम आमंत्रण 2-चार माह वर्षाकाल सहित |
| 9 | PWDRB 485365 | विशेष मजबूतीकरण के अन्तर्गत उपसंभाग क्रमांक-3 सेवडहा बगीचा अजगरहा से हरिहरपुर मार्ग लम्बाई 3.18 कि.मी. का कार्य | 127.93 | 1-127930.00 2-12500.00 | 1-प्रथम आमंत्रण 2-चार माह वर्षाकाल सहित |
| 10 | PWDRB 485366 | विशेष मजबूतीकरण के अन्तर्गत उपसंभाग क्रमांक-3 छोटी कचूर से बडी कचूर मार्ग लम्बाई 3.20 कि.मी. का कार्य | 119.68 | 1-119680.00 2-12500.00 | 1-प्रथम आमंत्रण 2-चार माह वर्षाकाल सहित |
| 11 | PWDRB 485367 | विशेष मजबूतीकरण के अन्तर्गत उपसंभाग क्रमांक-3 बदरांव से डीही मार्ग लम्बाई 3.00 कि.मी. का कार्य | 121.00 | 1-121000.00 2-12500.00 | 1-प्रथम आमंत्रण 2-चार माह वर्षाकाल सहित |
| 12 | PWDRB 485368 | विशेष मजबूतीकरण के अन्तर्गत उपसंभाग त्योंथर में भखरवार से बहेरा मार्ग लम्बाई 4.40 कि.मी. का कार्य | 183.05 | 1-183050.00 2-12500.00 | 1-प्रथम आमंत्रण 2-चार माह वर्षाकाल सहित |
| 13 | PWDRB 485369 | विशेष मजबूतीकरण के अन्तर्गत उपसंभाग त्योंथर में लूक भनिगवां मार्ग लम्बाई 3.00 कि.मी. का कार्य | 126.23 | 1-126230.00 2-12500.00 | 1-प्रथम आमंत्रण 2-चार माह वर्षाकाल सहित |
| 14 | PWDRB 485370 | विशेष मजबूतीकरण के अन्तर्गत उपसंभाग मनगवां में रामनई से भलुहा मार्ग लम्बाई 2.00 कि.मी. का कार्य | 80.35 | 1-80350.00 2-10000.00 | 1-प्रथम आमंत्रण 2-चार माह वर्षाकाल सहित |
| 15 | PWDRB 485371 | विशेष मजबूतीकरण के अन्तर्गत उपसंभाग मनगवां में बधवा से मदनुआ मार्ग लम्बाई 2.00 कि.मी. का कार्य | 74.78 | 1-74780.00 2-10000.00 | 1-प्रथम आमंत्रण 2-चार माह वर्षाकाल सहित |
| 16 | PWDRB 485372 | विशेष मजबूतीकरण के अन्तर्गत उपसंभाग मनगवां में पिपरवार से बुडगवां मार्ग लम्बाई 1.90 कि.मी. का कार्य | 83.30 | 1-83300.00 2-10000.00 | 1-प्रथम आमंत्रण 2-चार माह वर्षाकाल सहित |
| 17 | PWDRB 485373 | विशेष मजबूतीकरण के अन्तर्गत उपसंभाग त्योंथर में सोहागी त्योंथर पनवार डभौरा मार्ग लम्बाई 2.40 कि. मी. का कार्य | 78.46 | 1-78460.00 2-10000.00 | 1-प्रथम आमंत्रण 2-चार माह वर्षाकाल सहित |
| 18 | PWDRB 485374 | विशेष मजबूतीकरण के अन्तर्गत उपसंभाग क्रमांक-3 गंगहरा से डिहिया मार्ग लम्बाई 2.10 कि.मी. का कार्य | 84.29 | 1-84290.00 2-10000.00 | 1-प्रथम आमंत्रण 2-चार माह वर्षाकाल सहित |
| 19 | PWDRB 485375 | विशेष मजबूतीकरण के अन्तर्गत उपसंभाग त्योंथर में सरई सोहरवा मार्ग लम्बाई 2.00 कि.मी. का कार्य | 77.42 | 1-77420.00 2-10000.00 | 1-प्रथम आमंत्रण 2-चार माह वर्षाकाल सहित |
| 20 | PWDRB 485376 | विशेष मजबूतीकरण के अन्तर्गत उपसंभाग त्योंथर में सोहागी आदिवासी बस्ती पहुँच मार्ग लम्बाई 2.00 कि. मी. का कार्य | 83.69 | 1-83690.00 2-10000.00 | 1-प्रथम आमंत्रण 2-चार माह वर्षाकाल सहित |
| | | कुल योग | 2662.29 | | |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम दिनांक 24/03/2026 सायं 17.30 बजे निर्धारित है।** विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा । पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, (भ./स.)
संभाग क्रमांक-1 रीवा

जी-27018/25

पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार



AU SMALL FINANCE BANK — A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

## एयू स्मॉल फाइनेन्स बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)

रजिस्टर्ड ऑफिसः 19-ए, धूलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर-302001(CIN: L36911RJ1996PLC011381)

**परिशिष्ट IV [देखें नियम 8(1) कब्जा सूचना]**

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए "वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनगर्ठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002" (2002 का 54) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 13 (12) का सपठित नियमों के नियम 3 के तहत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र निम्नलिखित तालिका के अनुसार निर्गमितकर तालिका में राशि 60 दिवस के भीतर चुकाने के लिए कहा गया था।

| ऋणी / सहऋणी / बंधककर्ता / गारन्टर / ऋण खाता संख्या | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | स्थावर सम्पत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख |
|---|---|---|---|
| (ऋण खाता संख्या) L9001060131039209, मैसर्स अपना पशु आहार (ऋणी), मनोज कुमार (सहऋणी), ज्ञान सिंह (सहऋणी), श्रीमती अलका (सहऋणी), दिनेश सिंह मेवाड़ाहेड़ी (सहऋणी), श्रीमती सीता बाई (सहऋणी) | 20 नवम्बर 25 5,78,437/- पांच लाख अठहत्तर हजार चार सौ सैंतीस रुपए मात्र, 19 नवम्बर 25 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित मकान नं. 104/2, पटवारी हल्का नं. 17, वार्ड नं. 05, ग्राम- मुंडिखेड़ी, तहसील- अष्टा, जिला- सीहोर, मध्य प्रदेश, क्षेत्रफल 1116 वर्ग फीट, पूर्वः स्वयं का मकान, पश्चिमः स्थानीय रास्ता, उत्तरः अचल का मकान, दक्षिणः हुकम सिंह का मकान | 07-मार्च-26 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060123637449, श्रीमती नगीना बाई (सहऋणी एवं स्वर्गीय श्री सुभाष के विधिक उत्तराधिकारी- ऋणी) | 20 नवम्बर 25 2,65,747/- दो लाख पैंसठ हजार सात सौ सैंतालीस रुपए मात्र, 19 नवम्बर 25 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित मकान नं. 53, पटवारी हल्का नं. 17, पंचायत पंजीयन नं. 29, सर्वे नं. 36, वार्ड नं. 02, ग्राम- मुंडिखेड़ी, तहसील- अष्टा, जिला- सीहोर, मध्य प्रदेश, क्षेत्रफल 812 वर्ग फीट, पूर्वः जिर्तेंद्र मेवाड़ा का मकान, पश्चिमः दीप सिंह का प्लॉट, उत्तरः प्रह्लाद सिंह का मकान, दक्षिणः सड़क | 07-मार्च-26 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060139889527, मैसर्स महाकाल सर्विस सेंटर (ऋणी), गुलाब सिंह कुशवाह (सहऋणी), श्रीमती मंजू कुशवाह (सहऋणी) | 19 जून 25 4,93,612/- चार लाख तिरानवे हजार छः सौ बारह रुपए मात्र, 12 जून 25 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित मकान नं. 32/15/2, वार्ड नं. 7, फूल बाग, नरसिंहगढ़, जिला- राजगढ़, मध्य प्रदेश, क्षेत्रफल 1080.25 वर्ग फीट, पूर्वः आम रास्ता, पश्चिमः उदावत वकील का प्लॉट, उत्तरः आम रास्ता, दक्षिणः कैलाश कुशवाह का मकान | 06-मार्च-26 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060141832872, मैसर्स वर्मा खल भंडार (ऋणी), ब्रह्मा सोनानिया (सहऋणी), श्रीमती वर्षा चौधरी (सहऋणी) | 13 नवम्बर 25 8,01,110/- आठ लाख एक हजार एक सौ दस रुपए मात्र, 10 नवम्बर 25 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित मकान नं. 12, पटवारी हल्का नं. 33, ग्राम- मोहम्मदपुर पाखनी, तहसील- अष्टा, जिला- सीहोर, मध्य प्रदेश, क्षेत्रफल 2497 वर्ग फीट, पूर्वः बाबूलाल मालवीय का मकान, पश्चिमः रास्ता, उत्तरः विष्णु का मकान, दक्षिणः केदार सिंह का मकान | 07-मार्च-26 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060121608982, मैसर्स सोनू ट्रेडर्स (ऋणी), चुन्नीलाल (सहऋणी), तारा साहू (सहऋणी) | 15 सितम्बर 25 3,52,260/- तीन लाख बावन हजार दो सौ साठ रुपए मात्र, 11 सितम्बर 25 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित पटवारी हल्का नं.- 58, सेटलमेंट नं.- 365, तहसील - सावरि, जिला - बैतूल, मध्य प्रदेश, क्षेत्रफल 1185 वर्ग फीट, पूर्वः कच्चा रास्ता, पश्चिमः राधेबिराज का मकान, उत्तरः बाबूलाल का मकान, दक्षिणः मेघनाथ का मकान | 07 मार्च 26 |

ऋणियों द्वारा वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणियों को तथा सामान्य जन कों एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूतिहित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में उपरोक्त तालिका में वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ग्रहण कर लिया है।
ऋणियों का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के साथ सपठित नियम 8(6) की ओर आकर्षित किया जाता है, जिसके अन्तर्गत प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय अर्थात इस सूचना से 30 दिवस के सम्बन्ध में है।
ऋणियों को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्तियों के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक "एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड" (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के प्रभार के अधीन होगा।

दिनांकः 10.03.2026 स्थानः भोपाल, मप्र प्राधिकृत अधिकारी एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

# 780 छक्कों के साथ टूटा रिकॉर्ड, टूर्नामेंट में 14 बार 200 से अधिक स्कोर बने, बल्लेबाजी का स्ट्राइक रेट भी सबसे तेज

आंकड़ों में टी-20 विश्व कप 2026 छक्कों की बरसात, बुमराह की किफायती गेंदबाजी ने बनाया नया इतिहास

जेएनएन, नई दिल्ली

आईसीसी टी-20 विश्व कप 2026 ने क्रिकेट इतिहास में नए कीर्तिमान स्थापित किए, जहां आक्रामक बल्लेबाजी और रणनीतिक गेंदबाजी ने पिछले संस्करणों की तुलना में खेल को और रोमांचक बनाया। इस संस्करण में कुल 780 छक्के लगे, जो किसी भी एक टी-20 विश्व कप में सर्वाधिक हैं। इससे पहले 2024 के संस्करण में 517 छक्के लगे थे, यानी इस बार छक्कों में 50.87 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। प्रति छक्का 15.52 गेंदों का अनुपात भी इस टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ रहा। बल्लेबाजों का दबदबा इतना रहा कि पूरे टूर्नामेंट में 14 बार 200 से अधिक स्कोर बने, जबकि पिछले नौ संस्करणों में कुल 18 बार ही 200 का आंकड़ा पार हुआ था। साथ ही 7 व्यक्तिगत शतक और 25 गेंदों से कम में 20 अर्धशतक जैसे रिकॉर्ड भी बने। बल्लेबाजों का औसत 139 का स्ट्राइक रेट रहा, जो 2024 के 109.36 के मुकाबले लगभग 26 प्रतिशत अधिक है। भारतीय टीम ने नौ मैचों में 106 छक्के जड़कर एक टूर्नामेंट में 100 से अधिक छक्के लगाने वाली पहली टीम बनने का रिकॉर्ड बनाया। वहीं जसप्रीत बुमराह ने 6.21 की इकॉनमी के साथ फिर साबित किया कि बड़े टूर्नामेंटों में उनकी किफायती गेंदबाजी टीम की सबसे बड़ी ताकत है। बता दें कि सूर्यकुमार की कप्तानी में भारत ने रविवार को अहमदाबाद में न्यूजीलैंड को फाइनल में 96 रन से हराकर रिकॉर्ड तीसरी बार टी-20 विश्व कप जीता। वह यह खिताब घर पर और लगातार दो बार यह विश्व कप जीतने वाली पहली टीम भी हैं।



COURTESY : ICC

**139** के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजों ने रन बनाए, जो कि इस टूर्नामेंट के इतिहास के किसी भी संस्करण में सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइक रेट है। 2024 में खेले गए विश्व कप (109.36) की तुलना में स्ट्राइक रेट में 26.41 फीसदी की उछाल देखी गई।

**146** पर 9 पल्लेकेल में श्रीलंका के खिलाफ इंग्लैंड ने यह टोटल बनाया था। इस विश्व कप में यह सिर्फ एक ही बार हुआ जब किसी टीम ने 160 से कम के टोटल का बचाव किया।

**41** में से 28 बार टीमों ने 160 से अधिक टोटल का सफलतापूर्वक बचाव किया और 200 से अधिक बने कुल 12 टोटल को कोई भी टीम एक बार भी चेज नहीं कर पाई।

## बुमराह का रिकॉर्ड प्रदर्शन

■ यह तीसरा टी-20 विश्व कप है, जिसमें बुमराह कम से कम 100 गेंद डालने वाले गेंदबाजों में सर्वश्रेष्ठ इकॉनमी रेट वाले गेंदबाज बने हैं। 2021 में उन्होंने 5.08, 2024 में 4.17 और 2026 में 6.21 की इकॉनमी से गेंदबाजी की। किसी भी अन्य गेंदबाज ने एक बार से अधिक सर्वश्रेष्ठ इकॉनमी के साथ टूर्नामेंट समाप्त नहीं किया है।

■ फाइनल से पहले बुमराह ने 117 टी-20 विकेट लिए थे। उनसे पहले बिना चार विकेट हॉल के किसी भी गेंदबाज ने 100 टी-20 विकेट नहीं लिए थे। न्यूजीलैंड के खिलाफ 15 रन देकर चार विकेट लेने वाले बुमराह का यह पहला चार विकेट हॉल था और वह 2012 के टी-20 विश्व कप में अजंता मेंडिस के बाद इकलौते ऐसे गेंदबाज हैं, जिन्होंने टी-20 विश्व कप फाइनल में चार विकेट हॉल लिया।

■ पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम का जीत का औसत अंतर 54.86 रन का रहा, जो कि टी-20 विश्व कप के सभी संस्करण में सर्वश्रेष्ठ है। 29 में से 16 मैचों में पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 50 से अधिक रनों के अंतर से मुकाबला जीता।




■ 8 ग्रुप स्टेज में अभिषेक ने बिना खाता खोले कुल आठ गेंदों का सामना किया। यूगांडा के रोजर मुकासा के बाद वह टी-20 विश्व कप के अपने पहले तीन मुकाबलों में शून्य पर आउट होने वाले केवल दूसरे बल्लेबाज बने।

## अर्धशतक और शतक

इस विश्व कप में कुल 20 अर्धशतक 25 से कम गेंदों में आए। इससे पहले सभी नौ संस्करणों में 25 से कम गेंदों में कुल 27 अर्धशतक लगे थे और एक संस्करण में पांच से अधिक अर्धशतक 25 से कम गेंदों पर नहीं आए थे। इस विश्व कप में कुल छह अर्धशतक 20 से कम गेंदों पर आए। इस टूर्नामेंट में कुल सात व्यक्तिगत शतक लगे। इससे पहले किसी भी संस्करण में दो से अधिक शतक नहीं लगे थे। इस विश्व कप में दो सबसे तेज शतक भी लगे।

## 6 भारतीयों के 200 प्लस स्कोर

भारत के लिए कुल छह बल्लेबाजों ने 200 से अधिक रन बनाए- इशान किशन, सैमसन, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे। जो कि एक टी-20 आई सीरीज (या टूर्नामेंट) में किसी टीम द्वारा सर्वाधिक हैं। एक टी-20 विश्व कप में किसी एक टीम से तीन से अधिक बल्लेबाजों ने यह कारनामा नहीं किया था।

**15** कैच भारत ने टी-20 विश्व कप में छोड़े, जबकि किसी अन्य टीम ने 10 से अधिक कैच नहीं छोड़े। गेंद दर गेंद डेटा के अनुसार यह किसी टी-20 आई सीरीज (या टूर्नामेंट) में किसी टीम द्वारा छोड़े गए सर्वाधिक कैच हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड आयरलैंड के नाम था, जिन्होंने 2022 के टी-20 विश्व कप में कुल 14 कैच छोड़े थे।

## टी-20 विश्व कप विजेता भारत को 131 करोड़ देगी बीसीसीआई

बीसीसीआई ने पुरुष टी-20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के लिए 131 करोड़ रुपए के पुरस्कार की घोषणा की। यह पुरस्कार राशि 15 खिलाड़ियों, कोचिंग स्टाफ और अन्य सहयोगी स्टाफ में वितरित की जाएगी। सूत्रों के अनुसार, सूर्यकुमार यादव की अगुआई वाली टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि का बड़ा हिस्सा मिलना तय है, जबकि सहयोगी स्टाफ के सदस्यों के लिए पुरस्कार राशि उनके पद के अनुसार तय की जाएगी। यह राशि 2024 में रोहित शर्मा की अगुआई वाली चैंपियन टीम को दिए गए 125 करोड़ रुपए से छह करोड़ अधिक है। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा कि बोर्ड इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर खिलाड़ियों, सहयोगी स्टाफ के सदस्यों और चयनकर्ताओं को एक बार फिर बधाई देता है और भविष्य में उनकी निरंतर सफलता की कामना करता है।

## मिचेल को गेंद मारने के लिए अर्शदीप पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना

**दुबई, जेएनएन।** भारत के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह पर फाइनल के दौरान न्यूजीलैंड के बल्लेबाज डेरिल मिचेल पर आक्रामक और अनुचित तरीके से गेंद फेंकने के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा अर्शदीप के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है, जो 24 महीने के समय में उनका पहला अपराध है। आईसीसी ने कहा कि अर्शदीप को आचार संहिता के नियम 2.9 के उल्लंघन का दोषी पाया गया जो अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान किसी खिलाड़ी पर या उसके पास अनुचित और/या खतरनाक तरीके से गेंद (या क्रिकेट से जुड़ी कोई अन्य चीज) फेंकने से जुड़ा है। यह घटना न्यूजीलैंड की पारी के 11वें ओवर में हुई जब अर्शदीप ने गेंद फेंकने के बाद शॉट खेलने पर गेंद को रोका और फिर आक्रामक तरीके से बल्लेबाज की ओर फेंका।






## रिकॉर्ड : शुरुआती चार मैच नहीं खेलने के बावजूद सैमसन प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट

संजू सैमसन ने 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बनकर एक अनोखा रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज कर दिया। सैमसन पहले ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने आईसीसी के पुरुष या महिला वर्ग के किसी टूर्नामेंट में अपनी टीम की तरफ से चार मैच नहीं खेलने के बावजूद 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार हासिल किया। उनसे पहले चार खिलाड़ी ही ऐसे थे, जिन्होंने अपनी टीम के सभी मैच नहीं खेलने के बावजूद टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता था। भारत ने इस टूर्नामेंट में कुल नौ मैच खेले, जिनमें से सैमसन पांच मैच ही खेल पाए थे।

### आईसीसी टूर्नामेंट में कम मैच खेलने के बाद प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट पुरस्कार हासिल करने वाले खिलाड़ी

| खिलाड़ी | देश | टूर्नामेंट | मैच | खेले |
|---|---|---|---|---|
| संजू सैमसन | भारत | पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 | 09 | 05 |
| लिसा कीटली | ऑस्ट्रेलिया | महिला वनडे विश्व कप 2000 | 09 | 08 |
| कारेन रोल्टन | ऑस्ट्रेलिया | महिला वनडे विश्व कप 2005 | 08 | 07 |
| केविन पीटरसन | इंग्लैंड | पुरुष टी-20 विश्व कप 2010 | 07 | 06 |
| रचिन रवींद्र | न्यूजीलैंड | चैंपियंस ट्रॉफी 2025 | 05 | 04 |

भारत एक टी-20 विश्व कप में ऐसी पहली टीम भी बना है, जिसके छह बल्लेबाजों ने कम से कम एक अर्धशतक लगाया। किशन, सूर्यकुमार, सैमसन, हार्दिक, दुबे और अभिषेक शर्मा ने इस संस्करण में अर्धशतक लगाए।

### विश्व कप में 200+ स्कोर बनाने वाले भारतीय खिलाड़ी

| खिलाड़ी | मैच | रन | सर्वोच्च | छक्के |
|---|---|---|---|---|
| संजू सैमसन | 05 | 321 | 97* | 24 |
| इशान किशन | 09 | 317 | 77 | 18 |
| सूर्यकुमार यादव | 09 | 242 | 84* | 10 |
| शिवम दुबे | 09 | 235 | 66 | 17 |
| हार्दिक पंड्या | 09 | 217 | 52 | 15 |
| तिलक वर्मा | 09 | 207 | 44* | 11 |

## मैदान से हटकर

## धुरंधर के डायरेक्टर भी करते हैं इशान की गर्लफ्रेंड को फॉलो

भारत की टी-20 विश्व कप जीत में कई यादगार पल रहे- रोमांचक क्रिकेट, इमोशनल सेलिब्रेशन और चीयर करते फैंस से भरा स्टेडियम। लेकिन सेलिब्रेशन के दौरान एक चेहरा, जिसने दर्शकों का ध्यान खींचा, वह थीं मॉडल अदिति हुंडिया, जिन्हें स्टैंड से इशान किशन के लिए चीयर करते देखा गया और बाद में टीम इंडिया की बड़ी जीत के बाद मैदान पर भी शामिल हुईं। किशन ने फाइनल में अहम भूमिका निभाई। 27 साल के बाएं हाथ के विकेटकीपर बल्लेबाज ने तेजी से हाफ-सेंचुरी लगाई, जिससे भारत को बोर्ड पर एक बड़ा टोटल बनाने में मदद मिली। उनका हौसला बढ़ाने वालों में हुंडिया भी थीं, जो भारतीय खिलाड़ियों के दोस्तों और परिवार वालों के साथ स्टेडियम में मौजूद थीं। लाल टॉप पहने, वह लाइव ब्रॉडकास्ट के दौरान कई बार टीम के परफॉर्मेंस की तारीफ करते हुए दिखाई दीं। वह भारत के ओपनर अभिषेक शर्मा की बहन कोमल शर्मा के साथ बैठी थीं। जयपुर में रहने वाली हुंडिया एक मॉडल और एंटरप्रेन्योर हैं। उन्होंने सेंट जेवियर्स कॉलेज जयपुर से हायर स्टडीज करने से पहले इंडिया इंटरनेशनल स्कूल जयपुर से अपनी स्कूलिंग पूरी की। पेजेंट्री की दुनिया में उनका सफर कॉलेज के दिनों में शुरू हुआ, जब उन्होंने फैशन शो और लोकल इवेंट्स में हिस्सा लेना शुरू किया। इंस्टाग्राम पर उनके 350,000 से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। उन्हें धुरंधर के डायरेक्टर आदित्य धर भी फॉलो करते हैं। पिछले कुछ सालों से, हुंडिया का नाम अक्सर किशन से जोड़ा जाता रहा है, हालांकि दोनों में से किसी ने भी अपने रिश्ते को पब्लिकली कन्फर्म नहीं किया है। (जेएनएन)





## चीनी ताइपे के खिलाफ 1-3 की हार के साथ भारत एएफसी महिला एशियाई कप से बाहर

**सिडनी, जेएनएन।** खराब फॉर्म से जूझ रही भारतीय टीम मंगलवार को एएफसी महिला एशियाई कप फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप चरण के अपने आखिरी मैच में चीनी ताइपे से 1-3 से हारकर बाहर हो गई। भारतीय टीम को मौकों का फायदा उठाने में नाकाम रहने की भारी कीमत चुकानी पड़ी। मैच के बड़े हिस्से में हावी रहने और कई मौके बनाने के बावजूद भारतीय टीम को मौकों को भुनाने में नाकामी का खामियाजा भुगतना पड़ा और टीम पहली बार मेरिट के आधार पर इस बड़े टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई करने के बाद जल्दी बाहर हो गई। भारत के लिए एकमात्र गोल मनीषा कल्याण ने 39वें मिनट में किया। इस विंगर ने लगभग 30 यार्ड की दूरी से दमदार शॉट लगाकर गोल दागा। चीनी ताइपे ने 12वें मिनट में बढ़त बनाई जब वाईएच सु ने गोल दागा। भारतीय गोलकीपर एलांगबाम पंथोई चानू विरोधी खिलाड़ी जेडब्ल्यू चेन को रोकने के लिए आगे बढ़ीं। चेन ने हालांकि चानू को छकाते हुए गेंद सु को दी, जिन्होंने इसे गोल में पहुंचा दिया। भारत ने मनीषा के गोल से स्कोर बराबर किया, लेकिन मध्यांतर से ठीक पहले (45+नौवें मिनट) वाईवाई सू का शॉट पोस्ट के कोने से टकराया और फिर चानू टकराकर गोल में चला गया। यह तब हुआ जब प्यारी खाखा ने बॉक्स के अंदर गेंद को हाथ लगा दिया और रैफरी ने हैंडल्ड द बॉल के लिए पेनल्टी किक दी। चीनी ताइपे के लिए 77वें मिनट में यू चिन चेन ने तीसरा गोल दाग। भारत इससे पहले वियतनाम और जापान से हार चुका था और टूर्नामेंट के अगले चरण में पहुंचने के लिए उसे चीनी ताइपे को कम से कम दो गोल से हराना था और वियतनाम पर जापान की जीत की उम्मीद करनी थी। जापान ने वियतनाम को 4-0 से हराया।



## स्मृति मंधाना वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार, हरमनप्रीत कौर टॉप-10 में

**दुबई,जेएनएन।** भारत की स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना मंगलवार को जारी हुई आईसीसी की महिलाओं की वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बनी हुई हैं। स्मृति के अलावा भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर भी आठवें स्थान के साथ शीर्ष 10 में शामिल हैं। हालांकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैच की वनडे सीरीज में भारत की 0-3 से शिकस्त के बाद जेमिमा रोड्रिग्स एक पायदान नीचे 12वें स्थान पर खिसक गईं। न्यूजीलैंड की सफेद गेंद की कई स्टार खिलाड़ियों को रैंकिंग में फायदा हुआ है। न्यूजीलैंड की टीम शानदार फॉर्म में हैं और उन्होंने स्वदेश में तीन मैच की वनडे सीरीज में जिम्बाब्वे पर 2-0 की विजयी बढ़त बना ली है और इसमें कोई हैरानी की बात नहीं है कि नई कप्तान मेली केर बल्ले और गेंद दोनों से अगुआई कर रही हैं। केर ने सीरीज के शुरुआती मैच में चार विकेट लिए और फिर डुनेडिन में दूसरे मैच में शानदार सात विकेट लेकर इसे और बेहतर किया। वह महिलाओं के अंतरराष्ट्रीय मैच में सात या उससे अधिक विकेट लेने वाली कुल सातवीं खिलाड़ी बनीं। इस प्रदर्शन की बदौलत केर वनडे गेंदबाजों की सूची में पांच पायदान ऊपर चढ़कर 11वें स्थान पर हैं। यह 25 साल की प्रतिभावान खिलाड़ी ऑलराउंडर की सूची में भी एक पायदान के फायदे से पांचवें नंबर पर है।




## मौजूदा चैंपियन एंड्रीवा ने हार के बाद तोड़ा रैकेट, चिल्लाई

**इंडियन वेल्स ( कैलिफोर्निया )।** मौजूदा चैंपियन मीरा एंड्रीवा ने बीएनपी परिबास इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के तीसरे दौर में हारने के बाद अपना रैकेट कई बार पटका और फिर दर्शकों पर चिल्लाती हुई कोर्ट से बाहर चली गई। एंड्रीवा गैर वरीयता प्राप्त कैटेरीना सिनियाकोवा से 4-6, 6-7(5), 6-3 से हार गई। मैच के दौरान भी उनका व्यवहार अच्छा नहीं रहा और हारने के बाद वह अपना आपा खो बैठी। दूसरे सेट का टाईब्रेकर हारने के बाद एंड्रीवा ने अपना रैकेट फेंक दिया और फिर उसे तोड़ दिया जो नियमों का उल्लंघन था। उन्होंने मैच प्वाइंट के बाद अपना रैकेट फिर से फेंक दिया। वह सिनियाकोवा से हाथ मिलाने के लिए नेट पर गई। इसके बाद एंड्रीवा दर्शकों की ओर इशारा करते और चिल्लाते हुए कोर्ट से बाहर चली गई। एंड्रीवा ने बाद में कहा, मैं अपने व्यवहार से वास्तव में खुश नहीं हूं। मैंने आखिर में जो कुछ किया उस पर मुझे गर्व नहीं है। यह ऐसी चीजें हैं, जिन पर मुझे वास्तव में जल्द से जल्द काम करने की जरूरत है।




## एफए कप क्वार्टर फाइनल में मैनचेस्टर सिटी और लिवरपूल होंगे आमने सामने

**लंदन, जेएनएन।** मैनचेस्टर सिटी एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में लिवरपूल की मेजबानी करेगा, जबकि चेल्सी का सामना तीसरी श्रेणी की टीम पोर्ट वेल से होगा। पोर्ट वेल ने सुंदरलैंड पर चौंकाने वाली जीत दर्ज की थी। उसे अब अंतिम आठ के मुकाबले के लिए चेल्सी का दौरा करना होगा। आर्सेनल क्वार्टर फाइनल में साउथैम्प्टन का सामना करेगा। एक अन्य क्वार्टर फाइनल में लीड्स का सामना वेस्ट हैम से होगा। वेस्ट हैम ने ब्रेंटफोर्ड को पेनल्टी शूटआउट में 5-3 से हराकर एक दशक में पहली बार इस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। निर्धारित समय और अतिरिक्त समय के बाद दोनों टीम 2-2 से बराबरी पर थी।



## खेल एक नजर

## टाइटंस के बल्लेबाजी कोच बने हेडन

**अहमदाबाद, जेएनएन।** गुजरात टाइटंस ने आईपीएल के आगामी सत्र के लिए ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन को बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया है। फ्रेंचाइजी ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। दो बार के वनडे विश्व कप विजेता और अपने जमाने के सबसे प्रभावशाली सलामी बल्लेबाजों में से एक हेडन का अंतरराष्ट्रीय करियर शानदार रहा है। उन्हें टी-20 में बल्लेबाजी का व्यापक अनुभव है और वह इसकी बारीकियों को समझते हैं। हेडन ने सभी प्रारूपों में 273 अंतरराष्ट्रीय मैचों में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व किया, जिसमें उन्होंने 15,000 से अधिक रन बनाए और आईसीसी के कई टूर्नामेंट में जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टाइटंस के क्रिकेट निदेशक विक्रम सोलंकी ने कहा कि मैथ्यू की नियुक्ति हमारे सफर के महत्वपूर्ण मोड़ पर की गई है।



## भारत को सेमीफाइनल में जगह के लिए वेल्स के खिलाफ सिर्फ ड्रॉ की जरूरत

महिला हॉकी विश्व कप क्वालिफायर

**हैदराबाद, जेएनएन।** भारत को एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप क्वालिफायर के सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए पूल चरण के अपने अंतिम मैच में बुधवार को वेल्स के खिलाफ कम से कम ड्रॉ हासिल करने की कोशिश करनी होगी। भारत फिलहाल पूल-बी में दो मैचों में चार अंकों के साथ शीर्ष पर है। दूसरे स्थान पर मौजूद स्कॉटलैंड के भी चार अंक हैं, लेकिन भारत का गोल अंतर बेहतर है। प्रत्येक पूल से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई करेंगी और भारत को अगर-मगर के बिना अंतिम चार में पहुंचने के लिए ड्रॉ या जीत की आवश्यकता होगी। भारतीय टीम इस मुकाबले में अगर हार का सामना करती है, तो उसके चार अंक ही रहेंगे और उसका क्वालिफिकेशन स्कॉटलैंड और उरुग्वे के बीच होने वाले मैच पर निर्भर करेगा। भारतीय महिला टीम का अब तक का अभियान शानदार रहा है। उसने आठ मार्च को उरुग्वे पर 4-0 की बड़ी जीत के साथ टूर्नामेंट की शुरुआत की और फिर सोमवार को स्कॉटलैंड के खिलाफ कड़े संघर्ष के बाद 2-2 से ड्रॉ खेला। युवा फॉरवर्ड सुनेलिता टोप्पो बेहतरीन फॉर्म में हैं और उन्होंने दोनों मैचों में गोल किए हैं।

## जेएन भाया टी-20: कनिष्क के अर्धशतक से भोपाल ने सागर संभाग को 50 रन से हराया

**भोपाल, खेप्र।** प्लेयर ऑफ द मैच कनिष्क दुबे के शानदार अर्धशतक की मदद से भोपाल ने जेएन भाया ट्रॉफी टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में सागर संभाग को 50 रन से शिकस्त देकर विजयी शुरुआत की। वहीं ने इंदौर, शहडोल, रीवा और ग्वालियर ने अपने-अपने मुकाबले जीते। ओल्ड फ्रेंड्स क्रिकेट ग्राउंड पर भोपाल ने कनिष्क दुबे (60) और राहुल बाथम (46) की शानदार पारियों की बदौलत आठ विकेट पर 227 रन बनाए। सागर के गजेंद्र गोस्वामी ने तीन और अक्षदीप पटेल ने दो विकेट लिए। जवाब में सागर की टीम 177 रन ही बना पाई। भोपाल के पवन निर्वाणी, तनिष्क यादव और आकाश सिंह को दो-दो सफलताएं मिली। अन्य मैच में इंदौर ने 4 विकेट खोकर 236 रन बनाए। जवाब में चंबल 172 रन ही बना सकी। जबलपुर की टीम 19.3 ओवर में 173 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में शहडोल ने 19.4 ओवर में 9 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। उज्जैन 19.3 ओवर में 129 रन बना पाई। रीवा ने 17.5 ओवर में 6 विकेट खोकर जरुरी रन बना लिए। इंदौर के रिषभ चौहान (71), शहडोल के रोशन केवट (71), रीवा के ओमकारनाथ सिंह (5 विकेट) और ग्वालियर के विक्रांत भदोरिया (97) व पथ गोस्वामी (88) को संयुक्त प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार बीडीसीए के उपाध्यक्ष डॉ. सुशील सिंह ठाकुर, भोपाल लेपर्ड फ्रेंचाइजी के प्रमुख अभिषेक मोहन गुप्ता और एमपीसीए ऑब्जर्वर दिनेश कुमार शर्मा ने प्रदान किया।




## मनु राष्ट्रीय चयन ट्रायल पिस्टल स्पर्धा में शीर्ष पर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** ओलंपियन मनु भाकर राष्ट्रीय चयन ट्रायल तीन (ग्रुप-ए) की महिला 10 मीटर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में शीर्ष पर रहीं। ट्रायल दो की विजेता संयम दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि ईशा सिंह ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में तीसरा स्थान हासिल किया। अंतिम क्वालिफायर के रूप में फाइनल में जगह बनाने वाली मनु ने दूसरी सीरीज के अंत में बढ़त बनाई और फिर 246.1 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने संयम को 4.2 अंक से पछाड़ा, जिन्होंने 241.9 अंक जुटाए। एशियाई चैंपियनशिप की स्वर्ण और विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता ईशा 220.6 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। ईशा ने क्वालिफिकेशन में 580 अंक के साथ शीर्ष पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### सुप्रीम कोर्ट ने दी आरोपी पिता विशाल को जमानत

**पुणे, जेएनएन।** पोर्श केस 2024 हादसे के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने नाबालिग आरोपी के पिता विशाल अग्रवाल को जमानत दे दी। इस हादसे में दो लोगों की मौत हुई थी। अदालत ने कहा कि यह आरोप लगाया गया है कि उन्होंने अपने बेटे को बचाने के लिए उसके खून का इल्जाम अपने सर पर ले लिया था, लेकिन केवल इस आधार पर किसी व्यक्ति की स्वतंत्रता को लंबे समय तक सीमित नहीं किया जा सकता। जस्टिस बीवी नागरत्ना और उज्जल भुइयां की पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि विशाल अग्रवाल पिछले करीब 22 महीनों से हिरासत में हैं। अदालत ने उन्हें एक शर्त रखते हुए जमानत दी कि वह ट्रायल के दौरान जांच में पूरा सहयोग करेंगे और न तो किसी गवाह को प्रभावित करेंगे और न ही सबूतों से छेड़छाड़ करेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि इसी तरह के मामलों में पहले भी अदालत ने अन्य आरोपियों को राहत दी है।

सीबीएसई 12वीं कक्षा परीक्षा

### क्यूआर कोड स्कैन करने पर खुला रिकी का गाना

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सेंट्रल बोर्ड ऑफ़ सेकेंडरी एजुकेशन ने क्लास 12 मैथ्स एग्जाम के क्वेश्चन पेपर पर छपे क्यूआर कोड को स्कैन करने के बाद यूट्यूब पर एक रैप गाने का वीडियो दिखने के बाद सफाई जारी की है। बोर्ड के एग्जामिनेशन कंट्रोलर डॉ. संयम भारद्वाज ने साफ किया कि क्वेश्चन पेपर पूरी तरह से असली है और इसकी सिक्योरिटी से कोई समझौता नहीं किया गया है। सीबीएसई के मुताबिक, क्लास 12 मैथ्स का एग्जाम 9 मार्च को हुआ था। एग्जाम के बाद, क्वेश्चन पेपर की तस्वीरें ऑनलाइन सामने आईं, जिसमें कुछ स्टूडेंट्स ने दावा किया कि क्वेश्चन पेपर पर क्यूआर कोड स्कैन करने पर यूट्यूब पर ब्रिटिश सिंगर रिक एस्टली के 1987 के मशहूर गाने, नेवर गोना गिव यू अप का वीडियो खुल गया। इससे स्टूडेंट्स और पेरेंट्स के बीच क्वेश्चन पेपर के असली होने को लेकर चिंता बढ़ गई। बोर्ड ने कहा कि मामले को गंभीरता से लिया गया है।

### सलीम खान की सेहत सुधरी, होंगे डिस्चार्ज

**मुंबई, जेएनएन।** सलमान खान के पिता सलीम खान को अस्पताल से 3-4 दिन में छुट्टी मिल सकती है।



17 फरवरी से मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती 88 साल के सलीम खान अब तेजी से रिकवर हो रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनकी सेहत में लगातार सुधार हो रहा है और अगर सब कुछ ठीक रहा, तो उन्हें इसी हफ्ते डिस्चार्ज कर दिया जाएगा। इससे पहले हालत गंभीर होने के कारण सलीम को कुछ समय के लिए आईसीयू और वेंटिलेटर पर रखा गया था। पिछले कुछ दिनों से शाहरुख-आमिर समेत खान परिवार के सभी सदस्य अस्पताल पहुंचकर उनका हालचाल ले रहे हैं। सलीम 21 दिन से लीलावती हॉस्पिटल में एडमिट हैं। सलीम खान को 17 फरवरी को सुबह ब्रेन से जुड़ी दिक्कत के बाद लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

ईरान पर हमला



11वां दिन

# ईरान जंग का असर: एशिया के 9 देशों में गहराया ऊर्जा संकट

**नई दिल्ली, तेहरान, कोलंबो, जेएनएन।** ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच जारी युद्ध का असर अब एशिया के कई देशों में दिखाई देने लगा है। तेल और गैस की वैश्विक सप्लाई प्रभावित होने से कम से कम 9 एशियाई देशों में ऊर्जा संकट गहराने लगा है। हालात ऐसे बन गए हैं कि कई देशों को ईंधन बचाने के लिए सख्त कदम उठाने पड़ रहे हैं। कहीं यूनिवर्सिटीज बंद कर दी गई हैं, तो कहीं सरकारी दफ्तरों में लिफ्ट के इस्तेमाल पर रोक लगा दी गई है। इस संकट की सबसे बड़ी वजह होर्मुज जलडमरूमध्य का बाधित होना है।



### थाईलैंड में ऊर्जा बचत के लिए कड़े कदम

- थाईलैंड सरकार ने ऊर्जा बचाने के लिए सरकारी कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम करने और दफ्तरों में लिफ्ट के बजाय सीढ़ियों का इस्तेमाल करने के निर्देश दिए हैं।
- एयर कंडीशनर का तापमान 26-27 डिग्री सेल्सियस पर रखने को कहा गया है। अधिकारियों को औपचारिक सूट की जगह हल्के कपड़े पहनने की सलाह दी गई है ताकि बिजली की खपत कम हो।
- सरकार ने विदेश यात्राओं पर भी अस्थायी रोक लगा दी है। ऊर्जा मंत्रालय के अनुसार देश के पास फिलहाल लगभग 95 दिनों का ऊर्जा भंडार बचा है।
- **जापान भी प्रभावित:** जापान ने जरूरत पड़ने पर राष्ट्रीय तेल भंडार से कच्चा तेल जारी करने की तैयारी शुरू कर दी है।

### चीन ने बढ़ाया तेल भंडार

- संभावित ऊर्जा संकट को देखते हुए चीन ने कच्चे तेल की खरीद बढ़ा दी है और अपने रणनीतिक भंडार मजबूत कर रहा है।
- सरकार ने रिफाइनरियों को नए ईंधन निर्यात समझौते करने से रोक दिया है, ताकि घरेलू बाजार में पेट्रोल और डीजल की पर्याप्त उपलब्धता बनी रहे।

### वियतनाम-द. कोरिया सतर्क

- वियतनाम सरकार ने कंपनियों से कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम की सुविधा देने की अपील की है ताकि ईंधन की खपत कम हो सके।
- द.कोरिया सरकार 3 दशक बाद ईंधन कीमतों पर कैप लगाने की तैयारी कर रही है, ताकि कीमतें नियंत्रित किया जा सके और आम लोगों को राहत मिले।

### पाकिस्तान में सख्त मितव्ययिता

- पाकिस्तान सरकार ने तेल कीमतों में तेज उछाल के बाद खर्च में कटौती का बड़ा फैसला लिया है।
- पीएम शरीफ ने मंत्रियों और सलाहकारों की विदेश यात्राओं पर रोक लगा दी है और मंत्रियों ने दो महीने तक वेतन न लेने का फैसला किया है।
- सरकारी दफ्तर अब हफ्ते में केवल चार दिन खुलेंगे, जबकि आधे कर्मचारी वर्क फ्रॉम होम करेंगे। सरकारी गाड़ियों के लिए ईंधन कोटा भी 50 प्रतिशत तक घटा दिया गया है।

### बांग्लादेश में यूनिवर्सिटीज बंद

- बांग्लादेश ने बिजली और ईंधन बचाने के लिए देशभर की सभी यूनिवर्सिटीज बंद कर दी हैं।
- सरकार ने ईद-उल-फितर की छुट्टियां भी पहले घोषित कर दी हैं।
- देश की कई उर्वरक फैक्ट्रियों में गैस सप्लाई कम होने से उत्पादन प्रभावित हुआ है।

### दावा: ट्रंप खार्ग आइलैंड पर कब्जे का कर रहे विचार

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी तनाव के बीच खार्ग आइलैंड की रणनीतिक अहमियत बढ़ गई है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन इस द्वीप पर कब्जा करने के सैन्य विकल्पों पर विचार कर रहा है। खार्ग आइलैंड ईरान के तेल निर्यात का सबसे बड़ा केंद्र माना जाता है। देश के करीब 80-90 प्रतिशत कच्चे तेल का निर्यात इसी द्वीप से होता है। यहां बड़े तेल टर्मिनल, पाइपलाइन, स्टोरेज टैंक और जहाजों में तेल भरने की सुविधाएं मौजूद हैं। रोजाना लगभग 70 लाख बैरल तेल यहां से जहाजों में लोड किया जा सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस रणनीतिक ठिकाने पर हमला बेहद खतरनाक साबित हो सकता है। हडसन इंस्टीट्यूट के सीनियर फेलो माइकल डोरान के मुताबिक यदि खार्ग आइलैंड जैसे अहम केंद्र को निशाना बनाया गया तो ईरान बड़े पैमाने पर जवाबी कार्रवाई कर सकता है। उनके अनुसार ऐसा कदम क्षेत्रीय संघर्ष को बढ़ाकर वैश्विक युद्ध जैसी स्थिति पैदा कर सकता है।

### ईरान की चेतावनी: एक लीटर तेल भी नहीं जाने देंगे बाहर

युद्ध के 11वें दिन ईरान ने बड़ा बयान दिया है। ईरान ने चेतावनी दी है कि वह 'एक लीटर तेल भी बाहर नहीं जाने देगा' और होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों के लिए नई शर्तें लागू कर सकता है। इजराइली मीडिया के मुताबिक ईरान की सेना इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने कहा है कि कुछ देशों के जहाजों को होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने की अनुमति दी जा सकती है, लेकिन इसके लिए उन देशों को पहले अपने यहां से अमेरिका और इजराइल के राजदूतों को निष्कासित करना होगा।

# कोई भी योग्य मतदान से नहीं रहेगा वंचित: सीईसी

**कोलकाता, जेएनएन।** पश्चिम बंगाल में चल रहे एसआईआर घमासान के बीच मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का बयान सामने आया है। बंगाल में चुनाव आयोग की पूरी टीम मौजूद है। चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि किसी भी योग्य मतदाता का नाम मतदाता सूची से नहीं हटाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करना चुनाव आयोग की प्राथमिकता है। राजनीतिक दलों और अधिकारियों के साथ कई बैठकों के बाद कोलकाता में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कुमार ने कहा कि पश्चिम बंगाल के लोग हमेशा से शांतिपूर्ण और सहभागी लोकतंत्र में विश्वास रखते आए हैं। ज्ञानेश कुमार ने कहा कि हमारा लक्ष्य बंगाल में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करना है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने इस बात पर भी ज़ोर दिया कि प्रत्येक योग्य मतदाता को अपना मत डालने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि किसी भी योग्य मतदाता का नाम मतदाता सूची से नहीं हटाया जाएगा। पश्चिम बंगाल में कुल 294 सीटें हैं, जिनमें से 210 सामान्य, 68 अनुसूचित जाति और 16 अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं।



### एसआईआर के बाद 7.4 करोड़ वोटर्स

बंगाल में मतदाता सूचियों के एसआईआर के बाद चुनाव आयोग ने अंतिम मतदाता सूची जारी की है। इसमें बताया गया है कि दिसंबर 2025 में मसौदा सूची प्रकाशित होने के बाद फॉर्म 7 का उपयोग करके 5,46,053 मतदाताओं के नाम हटा दिए गए हैं। एसआईआर प्रक्रिया से पहले पश्चिम बंगाल में मतदाताओं की कुल संख्या 7.66 करोड़ थी, जबकि अब यह संख्या 7.04 करोड़ है। इससे सूची में 61 लाख से अधिक नामों का परिवर्तन हुआ है। आयोग के अनुसार, 60,06,675 मतदाताओं के नाम अभी भी विचाराधीन हैं। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एसआईआर के मामले में सुनवाई करते हुए इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया, ममता सरकार और अलग-अलग पिटीशनर्स को जमकर फटकार लगाई।

### सीजेआई की ममता को फटकार



सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने पिटीशनर्स को फटकार लगाते हुए कहा, ज्यूडिशियल ऑफिसर्स से सवाल करने की हिम्मत भी मत करो! आप उनसे और क्या कुर्बानी चाहते हैं? वे पश्चिम बंगाल से हटाए गए वोटर्स के केस सुनने के लिए ओवरटाइम काम कर रहे हैं! मैं यह बर्दाश्त नहीं करूंगा!

**सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद ममता बनर्जी का धरना खत्म:** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को दोषपूर्ण एसआईआर प्रक्रिया के खिलाफ अपना धरना पांचवें दिन समाप्त कर दिया और कहा कि उच्चतम न्यायालय द्वारा मतदाता सूची संशोधन के संबंध में अपीलीय न्यायाधिकरण गठित करने के आदेश के बाद विरोध-प्रदर्शन को अस्थायी रूप से स्थगित किया जा रहा है।

लोस स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर 10 घंटे बहस

# सदन में हंगामा: आज भी होगी बहस और अंत में किया जाएगा मतदान

**नई दिल्ली, जेएनएन।** लोकसभा में मंगलवार को विपक्ष ने स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया। प्रस्ताव के समर्थन में 50 से ज्यादा सांसद खड़े हुए। इसके बाद पीठासीन अधिकारी ने इसे स्वीकार कर लिया। इस प्रस्ताव पर सदन में 10 घंटे चर्चा का प्रस्ताव है। मंगलवार को गरमागरम बहस के बीच चर्चा पूरी नहीं हो पाई। इसलिए सदन को बुधवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। बुधवार को फिर चर्चा शुरू होगी और अंत में इस पर वोटिंग की जाएगी। मंगलवार को विपक्ष ने स्पीकर पर सदन की कार्यवाही चलाने में पक्षपात करने का आरोप लगाया। बहस की शुरुआत कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने की। उन्होंने कहा कि बजट सत्र के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को करीब 20 बार रोका-टोका गया और बार-बार रूल बुक दिखाकर बोलने से रोका गया।



### विपक्ष के आरोप

- 2 फरवरी को राहुल गांधी को बोलते समय बार-बार टोका गया
- 9 फरवरी को कांग्रेस सांसद शशि थरूर के बोलते समय उनका माइक बंद कर दिया।
- राहुल गांधी ने तर्क रखे तो बार-बार सबूत मांगे गए।
- उन्होंने एक लेख का हवाला देना चाहा तो उन्हें रोक दिया गया
- सत्ता पक्ष के सांसदों ने प्रतिबंधित किताबें सदन में दिखाईं और उन्हें कुछ नहीं कहा गया।
- स्पीकर ने महिला सांसदों को लेकर टिप्पणी की थी, जिसमें कहा गया कि उन्होंने पीएम की कुर्सी को घेर लिया था।

**पलटवार: खुद बोलकर चले जाते हैं नेता प्रतिपक्ष: रिजिजू**

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि विपक्ष बार-बार यह कहता है कि नेता प्रतिपक्ष को बोलने नहीं दिया जाता, लेकिन सच्चाई यह है कि वे खुद बोलकर सदन से चले जाते हैं। रिजिजू ने कहा कि पहले की लोकसभाओं में नेता प्रतिपक्ष को बहुत कम अवसर मिले थे, लेकिन अब उन्हें पर्याप्त मौका दिया जा रहा है। उन्होंने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि जब संसद का सत्र चलता है तो वे विदेश चले जाते हैं और सदन में बोलकर निकल जाते हैं, फिर आरोप लगाते हैं कि उन्हें बोलने नहीं दिया जाता।

**प्रियंका का जवाब:** रिजिजू की टिप्पणी पर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि देश में एक ही व्यक्ति है जो पिछले 12 वर्षों में सत्ता के सामने नहीं झुका और वह राहुल गांधी हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी सदन में खड़े होकर सरकार के सामने सच बोलते हैं और यही सच सत्ता पक्ष को स्वीकार नहीं होता।

**डिप्टी स्पीकर का मुद्दा भी उठा:** बहस के दौरान विपक्ष ने लोकसभा में डिप्टी स्पीकर नियुक्त न किए जाने का मुद्दा भी उठाया। कांग्रेस सांसदों ने कहा कि जब स्पीकर को हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा हो रही है तो कार्यवाही कौन चलाएगा, क्योंकि अभी तक डिप्टी स्पीकर नियुक्त नहीं किया गया है।

# राज्यसभा चुनाव से पहले 26 नेता निर्विरोध निर्वाचित

**नई दिल्ली, जेएनएन।** राज्यसभा चुनाव से पहले 10 राज्यों की 37 सीटों के लिए चल रही प्रक्रिया में 26 उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं। इन नेताओं को किसी भी प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार का सामना नहीं करना पड़ा, जिसके कारण बिना मतदान के ही उनका राज्यसभा पहुंचना तय हो गया। निर्विरोध चुने गए प्रमुख नेताओं में एनसीपी (शरद गुट) के प्रमुख शरद पवार, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी और केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले शामिल हैं।

कई राज्यों में विपक्षी दलों ने उम्मीदवार नहीं उतारे, जिससे इन उम्मीदवारों का निर्विरोध चयन संभव हुआ। हालांकि सभी सीटों पर ऐसा नहीं हुआ है। बिहार, ओडिशा और हरियाणा सहित कुछ राज्यों की कुल 11 सीटों पर चुनाव होना तय है। इन सीटों पर



अतिरिक्त उम्मीदवार मैदान में होने के कारण मतदान कराया जाएगा। निर्विरोध चुने गए 26 उम्मीदवारों में एनडीए और विपक्ष दोनों के नेता शामिल हैं। इनमें से 11 उम्मीदवार एनडीए से जुड़े दलों के हैं, जबकि 14 उम्मीदवार विपक्षी दलों से आते हैं। महाराष्ट्र से सबसे अधिक 7 उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए हैं। इनमें शरद पवार, रामदास आठवले और बीजेपी नेता विनोद तावड़े जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं।

### अन्य राज्यों की स्थिति

- असम से तीन उम्मीदवार जोगेन मोहन, तेरोस गोवाला और प्रमोद बोरो निर्विरोध चुने गए हैं।
- तेलंगाना से अभिषेक मनु सिंघवी और वेम नरेंद्र रेड्डी बिना मुकाबले निर्वाचित हुए हैं।
- छत्तीसगढ़ से लक्ष्मी वर्मा और फूलो देवी नेताम का चयन निर्विरोध हुआ है।
- हिमाचल प्रदेश से अनुराग शर्मा भी बिना मुकाबले राज्यसभा पहुंचे हैं।

### 11 सीटों पर होगा चुनाव

वहीं बिहार, ओडिशा और हरियाणा समेत कुछ राज्यों की कुल 11 सीटों पर मुकाबला होगा। इन सीटों पर अतिरिक्त उम्मीदवार होने के कारण चुनाव प्रक्रिया पूरी की जाएगी और मतदान के बाद परिणाम घोषित किए जाएंगे।

# एलओसी पर पाक समर्थित आतंकी का खात्मा, तलाशी ऑपरेशन जारी

**श्रीनगर, जेएनएन।** भारतीय सेना ने जम्मू-कश्मीर के नौशेरा सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ की एक बड़ी कोशिश को नाकाम कर दिया है। खुफिया एजेंसियों से मिले इनपुट के आधार पर मंगलवार यानी 10 मार्च को दोपहर करीब 3 बजे झांगर इलाके में दो आतंकियों की संदिग्ध गतिविधि देखी गई थी। इसके तुरंत बाद मुस्तैद जवानों ने त्वरित और सटीक कार्रवाई करते हुए आतंकियों को घेर लिया। 'व्हाइट नाइट कॉर्प्स' ने बताया कि सेना की इस जवाबी फायरिंग में पाकिस्तान समर्थित एक आतंकवादी मारा गया है, जिससे एलओसी पार करने की उनकी नापाक साजिश पूरी तरह विफल हो गई। फिलहाल दूसरे आतंकी की तलाश के लिए पूरे इलाके में बड़े पैमाने पर सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है, जिसमें जमीनी और हवाई निगरानी का भी सहारा लिया जा रहा है। सेना ने कड़ा संदेश देते हुए कहा है कि सीमा पर जवान पूरी तरह सतर्क हैं और घुसपैठ की हर कोशिश का ऐसा ही अंजाम होगा।

### सेना पहले ही थी हाई अलर्ट पर

सेना के 'व्हाइट नाइट कॉर्प्स' द्वारा शेयर की गई जानकारी के अनुसार, मंगलवार यानी 10 मार्च 2026 को दोपहर करीब 3 बजे झांगर क्षेत्र में नियंत्रण रेखा के पास दो संदिग्ध आतंकियों की गतिविधि देखी गई। खुफिया सूचनाओं के आधार पर जवान पहले से ही हाई अलर्ट पर थे जैसे ही आतंकियों ने भारतीय सीमा में घुसने का प्रयास किया, वहां तैनात मुस्तैद जवानों ने त्वरित और सटीक जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी। सेना की घेराबंदी देख आतंकियों ने फायरिंग शुरू कर दी, जिसके जवाब में भारतीय जवानों ने भी मोर्चा संभाला।

# देश में एलपीजी सिलेंडर का सफर

## एलपीजी का उपयोग और वितरण सिस्टम

*भारत में एलपीजी का उपयोग और सिलेंडर वितरण सिस्टम लगभग 1960 के दशक से शुरू हुआ। भारत में अब लगभग हर घर में एलपीजी की पहुंच सुनिश्चित हो चुकी है और यह पिछले 6-7 वर्षों में एक प्रमुख स्वच्छ ईंधन के रूप में उभरा है।*

### भारत में एलपीजी की शुरुआत



- **1965** हुआ था भारत में रसोई गैस का संगठित वितरण
- **22 अक्टूबर** पहला एलपीजी कनेक्शन कोलकाता में जारी किया गया।
- **22 अक्टूबर 1965** को पहला एलपीजी कनेक्शन कोलकाता में जारी किया गया। उस समय यह सेवा इंडेन ब्रांड के तहत शुरू हुई थी।
- **2** ही गैस एजेंसियां थी शुरुआत में जो कोलकाता और पटनामें थीं।
- **2000** उपभोक्ता ही उस समय एलपीजी इस्तेमाल करते थे देश में।

### धीरे-धीरे विस्तार

- बाद में सरकारी तेल कंपनियों ने एलपीजी वितरण बढ़ाया-
- इंडियन आईल कारपोरेशन
- भारत पेट्रोलियम
- हिंदुस्तान पेट्रोलियम
- अब पूरे देश में हजारों डिस्ट्रीब्यूटर और गैस एजेंसियां हैं और रोज़ लाखों सिलेंडर की डिलीवरी होती है।



### वर्तमान स्थिति

**14** करोड़ गैस कनेक्शन थे 2014 में थे देश में

**33** करोड़ गैस कनेक्शन हो गए 2025 तक

**2016** में गरीब परिवारों को मुफ्त एलपीजी कनेक्शन दिए गए जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में एलपीजी का उपयोग तेजी से बढ़ा।

मिडिल ईस्ट तनाव के बीच कुवैत से भारत लौटीं उर्वशी

# फ्लाइट में बैठते ही घबराईं, आंखों में आए आंसू



पश्चिम एशिया में चल रहे इजराइल-अमेरिका और ईरान युद्ध के बढ़ते तनाव के बीच बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला कुवैत से भारत लौट आई हैं। हालात बिगड़ने के बाद उन्होंने जल्दबाजी में कुवैत छोड़ दिया। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर बताया कि उस दौरान वह काफी डर गई थीं और उनकी आंखों से आंसू निकल आए थे।

दरअसल, हाल के दिनों में ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच बढ़ते सैन्य तनाव के कारण मिडिल ईस्ट में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। कई जगहों पर मिसाइल हमलों और सुरक्षा अलर्ट की खबरें सामने आ रही हैं। इसी बीच उर्वशी रौतेला भी अपने एक प्रोफेशनल काम के सिलसिले में कुवैत गई हुई थीं, लेकिन हालात अचानक बिगड़ने के बाद उन्हें तुरंत वहां से निकलना पड़ा। एक्ट्रेस ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में बताया कि जब तक वह फ्लाइट में बैठीं, तब तक सब ठीक था, लेकिन सीट पर बैठने के बाद अचानक उन्हें घबराहट महसूस होने लगी। उन्होंने लिखा कि उनका दिल बहुत तेज धड़कने लगा और अचानक डर की भावना ने घेर लिया। उर्वशी ने कहा कि उस समय वह खुद को असुरक्षित और चिंतित महसूस कर रही थीं, इसलिए उन्होंने अपने फैंस से दुआ करने की अपील भी की।

कानून — सरकार ने इसे 'जातीय एकता और प्रगति को बढ़ावा देने वाला कानून' बताया

# चीन में 56 जातीय समूहों को एकजुट करने नया कानून

**बीजिंग, जेएनएन।** चीन में जिनपिंग सरकार एक नए कानून को मंजूरी देने की तैयारी कर रही है, जिसमें अलग-अलग जातीय समूहों (एथनिक ग्रुप्स) को एक ही राष्ट्रीय पहचान दी जाएगी। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक इस कानून का नाम 'लॉ ऑन प्रोमोटिंग एथनिक यूनिटी एंड प्रोग्रेस' है। चीन में हान, उइगुर, तिब्बती, मंगोल जैसे 56 जातीय समूह हैं।

चीन की सरकार पर लंबे समय से आरोप लगते रहे हैं कि वह देश के जातीय अल्पसंख्यकों (एथनिक माइनॉरिटी) को दबाने वाली नीतियां अपनाती है और उन्हें जबरन बहुसंख्यक हान चीनी संस्कृति में घुलने-मिलने के लिए मजबूर करती है। रिपोर्ट के मुताबिक अब चीन की संसद के सालाना सत्र में एक नया कानून पास होने वाला है। एक्सपर्ट्स और ह्यूमन राइट एक्टिविस्ट का कहना है कि यह कानून अल्पसंख्यकों के अधिकारों तथा उनकी संस्कृति के लिए खतरा बढ़ाएगा। हालांकि चीन सरकार का कहना है कि यह कानून देश में लोगों के बीच एकता बढ़ाने और देश को आधुनिक बनाने के लिए जरूरी है। सरकार इसे 'जातीय एकता और प्रगति को बढ़ावा देने वाला कानून' बता रही है।



### नए कानून की खास बातें

- मंदारिन को ज्यादा अहमियत दी जाएगी। दूसरी भाषाओं का दर्जा घटेगा।
- अलग-अलग जातीय समूहों के बीच शादी को प्रोत्साहन मिलेगा और ऐसी शादी रोकने की कोशिशों को गलत माना जाएगा।
- माता-पिता को बच्चों को यह सिखाना होगा कि वे चीनी कम्युनिस्ट पार्टी से प्रेम करें।
- अगर कोई व्यक्ति, संगठन या गतिविधि ऐसी बात कहे या करे जिससे अलग-अलग जातीय समुदायों के बीच झगड़ा, नफरत या अलग होने की मांग बढ़े, तो उस पर रोक लगाई जाएगी।

**जिनपिंग की नीति को मजबूत करेगा नया कानून:** शी जिनपिंग पहले भी कई बार धर्म के 'चीनीकरण' की बात कर चुके हैं। इसका मतलब है कि धार्मिक परंपराएं और प्रथाएं भी कम्युनिस्ट पार्टी के हिसाब से चीनी संस्कृति और मूल्यों के अनुरूप होनी चाहिए। एक्सपर्ट्स मानते हैं कि नया कानून इसी नीति को और मजबूत करेगा। पेनसिल्वेनिया यूनिवर्सिटी के एरन ग्लासरमैन के मुताबिक, मंदारिन को बढ़ावा देने और अल्पसंख्यकों की पहचान तथा धार्मिक अभिव्यक्ति पर नियंत्रण जैसी नीतियां पहले भी लागू थीं। अब चीन सरकार इन नीतियों को सिर्फ नीति नहीं बल्कि कानून का रूप दे रही है।

### चीन में अल्पसंख्यक समुदायों पर बंदिशें

चीन सरकार का कहना है कि इन हिंसक घटनाओं की वजह से कड़े कदम उठाना जरूरी था। लेकिन संयुक्त राष्ट्र और मानवाधिकार संगठनों का आरोप है कि 10 लाख से ज्यादा उइगर मुसलमानों को हिरासत शिविरों में रखा गया। चीन सरकार इन्हें 'री-एजुकेशन और व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र' बताती है। रिपोर्टों में यह भी कहा गया है कि उइगरों की धार्मिक गतिविधियों पर रोक लगाई गई और कई मस्जिदें बंद कर दी गईं। तिब्बत में भी मठों पर कड़ा नियंत्रण है। 18 साल से कम उम्र के बच्चों को अब सरकारी स्कूलों में मंदारिन भाषा में पढ़ाई करनी होती है और वे बौद्ध धार्मिक ग्रंथ नहीं पढ़ सकते। पहले बच्चे मठों के स्कूलों में जाकर भिक्षु बनने की ट्रेनिंग लेते थे। एक्सपर्ट्स का मानना है कि सरकार को इन क्षेत्रों में अस्थिरता की आशंका के कारण नया कानून लाने की जरूरत महसूस हुई।

दैनिक जागरण वर्गीकृत

जागरण क्लासीफाइड
डबल धमाका
हमारा वादा, कम में ज्यादा
एक के साथ एक फ्री स्कीम
रनिंग क्लासीफाइड के साथ
भोपाल संस्करण ₹300/-
संपूर्ण म.प्र. संस्करण ₹500/-
विज्ञापन बुकिंग हेतु संपर्क करें
9826065324
डिस्प्ले क्लासीफाइड ₹50/- per sqcm.
Email : advtbhopaljagran@gmail.com

अण्डा

BHOPAL EGG RATE 405/-
Rate Suggested by RS Agro P.I.P.L. and Associated Poultry farmers.

सलाह
पाठकों को सलाह दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्रवाई करने से पूर्व आवश्यक/सम्पूर्ण जानकारी कर लेवें। यह समाचार पत्र विज्ञापनदाता द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के दावे/प्रस्तुतीकरण के लिए जिम्मेदार नहीं है। -व्यवस्थापक

### छतरपुर की तीन महिला सरपंच दिल्ली आमंत्रित

**जागरण, छतरपुर।** राष्ट्रीय महिला दिवस पर 11 मार्च को दिल्ली में होने वाले एक विशेष समारोह में छतरपुर जिले की ईशानगर सरपंच निधि मिश्रा, गोरा की ज्योति मिश्रा और बरद्वाहा की सरपंच कविता यादव, तीनों महिला सरपंचों को दिल्ली आमंत्रित किया है। ये जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में अपनी पंचायतों में किए गए विकास कार्यों और महिला सशक्तिकरण से जुड़े अनुभवों को साझा करेंगी। तीनों सरपंच अपने-अपने गांवों में किए गए प्रयासों की जानकारी देंगी।

### सोलर पंप लगाने के नाम पर की ठगी

**जागरण, छिंदवाड़ा।** शहर में एक व्यक्ति से सोलर पंप लगाने के नाम पर 1 लाख 65 हजार रुपए की धोखाधड़ी हुई है। पीड़ित ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली थाना प्रभारी आशीष कुमार के अनुसार, शिकायतकर्ता राजेश सनोडिया ने बताया कि गोविंद शर्मा नामक व्यक्ति ने खुद को कंपनी का प्रतिनिधि बताकर उनसे संपर्क कर ठगी की वारदात की।

# सेंट्रल पार्क कालोनी का पार्क और सीसी रोड सहित सेवनिया का आलीशान विला भी कैचमेंट एरिया में

## बड़े तालाब का सीमांकन: टीटी नगर में सबसे ज्यादा कब्जे, दो घंटे में 11 पर लगे निशान

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** टीटी नगर नजूल की टीम ने लगातार दूसरे दिन भी बड़े तालाब के कैचमेंट एरिया में मौजूद अतिक्रमणों को चिन्हित करने के लिए कार्रवाई जारी रखी। दूसरे दिन दिन टीम सेवनिया गोंड और सूरज नगर में सेंट्रल पार्क कालोनी, सागर ग्रीन्स और सेवनिया गोंड में तालाब किनारे बने निर्माणों की जांच करने पहुंची। इस दौरान एफटीएल के चार फीट दूर निर्मित की जा रही पूरी की पूरी कोठी को अतिक्रमण मानते हुए इस पर लाल मार्किंग कर दी गई है। बता दें कि दैनिक जागरण द्वारा पहले भी इस निर्माण को लेकर कई समाचार प्रकाशित किए गए थे। दूसरे दिन की कार्रवाई में नजूल की टीम ने टीएंडसीपी की मशीन और ईटीएसएम मशीन के सहारे

तालाब किनारे 1.5 किलोमीटर के दायरे में 11 बड़े अतिक्रमण चिन्हित किए। बता दें कि सीमांकन के दौरान शहर की चर्चित कालोनी सेंट्रल पार्क कालोनी का पार्क, सीसी रोड और लाइटिंग सहित कई निर्माणों को अवैध मानते हुए इन पर मार्किंग की है। दूसरे दिन भी तहसीलदार कुणाल राऊत के नेतृत्व में सात सदस्यीय टीम करीब दो घंटे तक तालाब किनारे सर्वे कार्य करती रही। इस दौरान सेंट्रल पार्क, सागर ग्रीन और सेवनिया गोंड में तैयार हो रहे कई निर्माणों को अवैध मानते हुए चिन्हित कर लिया गया है। बुधवार को इसके आगे की कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि टीटी नगर नजूल की टीम जिस इलाके में कार्रवाई कर रही है। वहां शहर के कई बड़े बिजनेस मैन, आईएएस और आईपीएस सहित अन्य बड़े अधिकारियों के निर्माण मौजूद हैं।





### इन लोगों के अतिक्रमण किए गए चिह्नित

दूसरे दिन कार्रवाई के दौरान टीम ने कई बड़े निर्माणों को चिन्हित कर इन्हें अतिक्रमण माना है। संभावना है कि आने वाले दिनों में इन अतिक्रमणों को हटाने के लिए कार्रवाई की जाएगी। टीम ने सीमांकन करते हुए

- **मुकेश चौधरी :** पक्का मकान, बाउंड्रीवॉल और स्वीमिंग पूल।
- **अजीत गोयल :** बाउंड्रीवॉल और स्वीमिंग पूल।
- **मनीष जैन :** दो मंजिला पक्का मकान।
- **अमृता त्रिपाठी व जया नैनवानी :** पक्के मकान और बाउंड्रीवॉल।
- **गुड्डी बाई :** पक्की बाउंड्रीवॉल और टीन शेड का मकान।

मीरा व हरीश पटेल, भारत सिंह, राबिन सिंह ठाकुर, योगेंद्र सैनी, राजेंद्र जुनेजा और जगत सिंह द्वारा कैचमेंट एरिया में पक्की बाउंड्रीवॉल का निर्माण कर रखा है, जिससे तालाब तक बारिश के पानी का फ्लो प्रभावित होता है। मछलियों के प्रजनन व अन्य जैव विविधता प्रभावित होती है। इन सभी अतिक्रमणों पर तहसीलदार राऊत के निर्देश पर लाल निशान लगाए गए।

### तोड़े जाएंगे शासकीय निर्माण

निजी लोगों के साथ-साथ सरकारी विभागों ने भी नियमों की अनदेखी की है। पर्यटन निगम का सैर सपाटा और नगर निगम की बाउंड्रीवॉल भी कैचमेंट एरिया की जद में पाई गई है। पूर्व में हुए निर्माणों में कई पूर्व आईएएस, आईपीएस और पूर्व मंत्रियों के बंगले भी इस क्षेत्र में शामिल बताए जा रहे हैं। कैचमेंट एरिया में बढ़ती बसाहट के कारण सीवेज सीधे झील में मिल रहा है, जिससे न केवल पानी प्रदूषित हो रहा है, बल्कि जलीय जीवों के अस्तित्व पर भी संकट खड़ा हो गया है। प्रशासन अब इन चिन्हित निर्माणों की परमशिन चेक करेगा। साथ ही वेटलैंड एक्ट नियम का उल्लंघन होने पर इन निर्माणों को हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

> सीमांकन के आधार पर अतिक्रमण चिन्हित किए जा रहे हैं। नियमानुसार जो भी निर्माण प्रतिबंधित क्षेत्र में पाए गए हैं, उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।
> ■ **कुणाल राउत,** तहसीलदार

### "ट्वीट ऑफ द डे"



**सौरभ भारद्वाज**
आप नेता

पिक्चर में क्या बाकी है, यह कपिल मिश्रा को कैसे पता? यह तो अभी हाई कोर्ट की न्यायाधीश को भी नहीं पता होगा, जब वे मामला न्यायाधीश पढ़ेंगी, तब उन्हें पता चलेगा। वीरेंद्र सचदेवा कैसे कह सकते हैं कि निश्चित तौर पर सजा मिलेगी? क्या वे सीधे तौर पर यह कहने की कोशिश कर रहे हैं कि इन्हें मालूम है कि इस मुकदमे में क्या होगा? इन्हें कैसे मालूम है कि आगे की कहानी क्या है? यह वे कैसे कर सकते हैं? यह मामला तो हाईकोर्ट की न्यायाधीश के पास है।

## संक्षिप्त खबरें

### हाईकोर्ट सुरक्षा में लगे चार पुलिसकर्मी निलंबित



जागरण, जबलपुर। हाईकोर्ट परिसर में भ्रूण लेकर पहुंचने के मामले में जबलपुर एसपी ने सुरक्षा ड्यूटी में तैनात चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। यह घटना सोमवार को सामने आई थी। मंगलवार को एसपी संपत उपाध्याय ने कार्रवाई करते हुए एएसआई और तीन पुलिसकर्मियों को सस्पेंड किया। जबलपुर एसपी संपत उपाध्याय ने एएसआई मुन्ना अहिरवार, हेड कांस्टेबल ब्रह्मदत्त खत्री, हेड कांस्टेबल अरुण उपाध्याय और कांस्टेबल प्रतीक सोनकर को निलंबित कर दिया है। इन सभी की ड्यूटी हाईकोर्ट की सुरक्षा में लगी थी। मालूम हो कि विगत दिवस रीवा जिले के बैकुंठपुर निवासी दयाशंकर पांडे गेट नंबर 6 से हाईकोर्ट परिसर में दाखिल हुआ। उसके बैग में दस्तावेजों के साथ भ्रूण रखा हुआ था। घटना की जानकारी मिलते ही परिसर में हड़कंप की स्थिति बन गई। दयाशंकर पांडे ने पुलिस कार्रवाई को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। सोमवार को इसी मामले में सुनवाई थी। वह स्वयं ही अपने केस की पैरवी करने हाईकोर्ट पहुंचा था।

### सूने घर से 10 तोले सोने के जेवर, डेढ़ किलो चांदी चोरी

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** निशातपुरा में स्कूल संचालक के सूने घर से चोर 10 तोले सोने के जेवर, डेढ़ किलो चांदी और 50 हजार रुपए चोरी करके ले गए। जेवर उन्होंने बेटी को शादी में देने के लिए तैयार कराए थे। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ नकबजनी का मामला दर्ज किया है। निशातपुरा पुलिस के मुताबिक नवाब कॉलोनी, करोंद निवासी 62 वर्षीय मोहम्मद अमीन हुसैनी स्कूल संचालित करते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी की 10 अप्रैल को शादी होनी है। उन्होंने करीब 10 तोला वजनी सोने के जेवर, डेढ़ किलो चांदी के जेवर और नगदी एक पैकेट में लपेट कर घर के ऊपर वाले कमरे में कबाड़ में एक अलमारी के नीचे छुपाकर रखे थे। उन्होंने छुपाकर इसलिए रखा था कि उन्हें काम के सिलसिले में अक्सर बाहर जाना रहता है। हुसैनी 28 फरवरी को परिवार के साथ हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी कोहेफिजा अपनी ससुराल में रोजा इफ्तारी के लिए आए थे और देर रात घर पहुंचे थे। उन्हें 4 मार्च को रुपयों की आवश्यकता हुई। सुबह ऊपर कमरे में जाकर देखा, जहां पैकेट रखा था वहां से गायब था। उनके घर के ऊपर का दरवाजा खुलासा था। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

### एयर इंडिया इंदौर-शारजाह फ्लाइट 22 मार्च तक निरस्त

**जागरण, इंदौर।** अमेरिका-इजरायल और ईरान के मध्य चल रहे युद्ध के बीच यूएई में फंसे इंदौर सहित प्रदेश के लोगों को बड़ा झटका लगा है। 28 फरवरी से निरस्त चल रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की शारजाह-इंदौर-शारजाह फ्लाइट को कंपनी ने 22 मार्च तक के लिए निरस्त कर दिया है। कंपनी ने अपनी वेबसाइट से भी इस फ्लाइट को हटा दिया है। इसके चलते वहां फंसे यात्रियों को दूसरे शहरों से होकर आना पड़ेगा। शुरुआत में कहा था कि शारजाह एयरपोर्ट बंद होने के चलते इस फ्लाइट को बंद किया है, लेकिन अब शारजाह एयरपोर्ट से उड़ानें शुरू हो जाने के बाद भी इसका संचालन शुरू नहीं किया है, जबकि कई यात्रियों ने पहले 12 से 15 हजार में शारजाह से इंदौर के लिए टिकट बुक किए थे। इसके बंद होने के कारण अब दुबई या अन्य शहरों से भारत के प्रमुख शहरों (दुबई से मुंबई होते हुए इंदौर) तक आने वाली उड़ानों का किराया 80 हजार से एक लाख तक है। वहीं इंदौर की देवी अहिल्याबाई होलकर विमानतल पर (सोमवार को गोंदिया और मुंबई से आने और जाने वाले यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्टार एयर ने मुंबई और गोंदिया से आने और जाने वाली अपनी सभी चार उड़ानों को निरस्त कर दिया। स्टार एयर ने 15 जनवरी से इंदौर से मुंबई और गोंदिया के बीच उड़ानों का संचालन शुरू किया है।

# एक फोटो से छेड़छाड़ कर 50 सिमकार्ड किए गए एक्टिवेट

- दूरसंचार विभाग ने राज्य सायबर पुलिस को भेजा डाटा, जांच में जुटी पुलिस
- दो डाटा को एकसाथ मिलाकर भेजा, पुलिस छांटने में जुटी पहचान के बाद होगी कार्रवाई

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** एक फोटो से छेड़छाड़ कर 50 सिमकार्ड एक्टिवेट किए गए। मध्य प्रदेश में ऐसीं 36668 फर्जी सिम मिली हैं। दूरसंचार विभाग ने यह डाटा राज्य सायबर सेल पुलिस से सांझा किया है। बताया गया है कि दो तरह का डाटा एकसाथ मिलाकर भेजा गया है। पुलिस इसे छांटने में जुटी है। छंटनी के बाद आरोपी की पहचान की जाएगी। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। मप्र में गुना, सतना और मुरैना में सर्वाधिक मामले सामने आए हैं, जहां फर्जी सिम अलॉट कराई गईं हैं। इसी तरह की फर्जी सिम के जरिए सायबर फ्रॉड भी किया जाता है। जानकारी के अनुसार प्रदेश के 33 जिलों में 135 ऐसे चेहरे चिन्हित किए गए हैं, जिनके नाम और फोटो का उपयोग कर 36668 सिमकार्ड जारी हुए। राज्य सायबर सेल एसपी प्रणय नागवंशी का कहना है कि दूरसंचार विभाग से मिला डाटा का विश्लेषण किया जा रहा है।

यह फर्जीवाड़ा केवल राजधानी तक सीमित नहीं था, बल्कि प्रदेश के कई जिलों में संगठित तरीके से चल रहा था। कई चेहरों के नाम पर 50 से अधिक सिम सक्रिय पाए गए हैं। इसका नेटवर्क बड़ा है। गुना जिले में सबसे बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया, जहां एक ही फोटो के आधार पर 3760 सिमकार्ड जारी हुए। दूरसंचार विभाग ने यह डाटा राज्य सायबर सेल पुलिस से सांझा किया है। इसके बाद सतना में 2870 और मुरैना में 2714 सिमकार्ड जारी हुए हैं। बैतूल, भोपाल और इंदौर जैसे बड़े जिलों में भी इस तरह के कई मामले सामने आए हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# प्रदेश के सभी जिलों में पारा 35 पार इस बार जल्दी चल सकती है 'लू'

- धार में 39 डिग्री रहा दिन का तापमान
- चार से पांच दिन बाद कुछ जिलों में हल्की बारिश की संभावना

**नगर संवाददाता, भोपाल।** मध्य प्रदेश में गर्मी अपनी रफ्तार से बढ़ रही है। मंगलवार को प्रदेश के सभी जिलों में दिन का अधिकतम तापमान 35 डिग्री से ज्यादा रहा। सबसे ज्यादा तापमान धार जिले में रिकार्ड किया गया। यहां पारा 39 डिग्री रहा। इसके बाद नर्मदापुरम और रतलाम में 38.8 डिग्री तापमान रहा। जबकि भोपाल में 36.2 डिग्री रहा। हालांकि इन दिनों मप्र में दिन व रात के मौसम में अंतर देखने को मिल रहा है। जहां दिन में एक तरफ भीषण गर्मी पड़ रही है, वहीं सुबह और रात में गर्मी गायब रहती है और ठंडा मौसम हो जाता है। एक्सपर्ट के मुताबिक, ये मौसम लोगों की सेहत भी बिगाड़ रहा है। अस्पतालों में सर्दी, जुकाम, एलर्जी के मरीज ज्यादा पहुंच रहे हैं। मंगलवार को भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर समेत कई शहरों में दिन में लू जैसी तपन रही। बुधवार को भी तेज गर्मी का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार, इस बार मार्च में पिछले साल की तुलना में ज्यादा गर्मी है। भोपाल, इंदौर, रीवा-शहडोल संभाग में अधिकतम तापमान सामान्य से 1.9 से 2.7 डिग्री तक ज्यादा है। वहीं, ग्वालियर, चंबल, उच्जैन, जबलपुर और नर्मदापुरम में पारा 3.1 से 4.6 डिग्री तक बढ़ा हुआ है। मौसम विभाग से मिली जानकारी अनुसार मप्र में अगले तीन से चार दिन ऐसा ही मौसम रहने वाला है। इसके बाद कुछ बदलाव देखने को मिल सकता है। वर्तमान में हवा की दिशा उत्तर-पूर्व से अब पश्चिम और उत्तर-पश्चिम हो गई है। वहीं, हवा में नमी बहुत कम है। साथ ही रेगिस्तानी इलाकों से मप्र पहुंचती है। यह अपने साथ गर्मी भी लाती है।



### बालाघाट, सिवनी में बारिश की संभावना

चार दिन बाद मौसम में बदलाव होने की संभावना है। इसका असर मप्र के बालाघाट, सिवनी व आस पास के जिलों में देखने को मिलेगा। इन जिलों में हल्की बारिश की संभावना है। डॉक्टरों की मानें तो मार्च का यही मौसम सबसे ज्यादा बीमारियां फैलाता है। इस महीने दिन में तो गर्मी बढ़ जाती है, लेकिन रात और सुबह हल्की ठंड रहती है। कई बार लोग दिन की गर्मी से बचने के लिए हल्के कपड़े पहन लेते हैं। वहीं, कोल्ड्रिंक्स समेत शीतल पेय पदार्थों का भी सेवन करते हैं। इससे सर्दी-जुकाम एलर्जी और अस्थमा के मरीज बढ़ते हैं। सुबह और देर रात ठंडी हवा से बचना जरूरी है। बच्चों और बुजुर्गों को।

# महामंडलेश्वर को हनीट्रैप में फंसाने बनारस से बुलवाई महिला, साध्वी सहित दो पर केस दर्ज

**जागरण, उज्जैन।** बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन के प्रसिद्ध चारधाम मंदिर के महामंडलेश्वर शांति स्वरूपानंद महाराज को हनी ट्रैप में फंसाकर ब्लैकमेल करने की साजिश का पर्दाफाश हुआ है। पुलिस ने पूर्व महामंडलेश्वर साध्वी मंदाकिनी पुरी और उनके साथी घनश्याम पटेल के खिलाफ केस दर्ज किया है।

जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने साजिश को अंजाम देने बनारस की एक महिला को पैसों का लालच देकर अपनी टीम में शामिल किया था। योजना ये थी कि महिला के जरिए महामंडलेश्वर पर बलात्कार का झूठा आरोप लगाया जाए और फिर केस वापस लेने के बदले उन्हें ब्लैकमेल किया जाए। पुलिस की सक्रियता के कारण यह साजिश समय रहते उजागर हो गई और मुख्य आरोपियों की भूमिका स्पष्ट हो गई। पूछताछ के दौरान यह भी पता चला है कि साध्वी मंदाकिनी पुरी का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड रहा है और वह पहले भी किसी अन्य मामले में जेल की हवा खा चुकी हैं। वर्तमान में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य पहलुओं की गहराई से पड़ताल की जा रही है ताकि इस षड्यंत्र की पूरी सच्चाई सामने आ सके।



शांति स्वरूपानंद महाराज



साध्वी मंदाकिनी पुरी
आरोपी

**कब्जा करने के लिए साजिश रच रहे: महामंडलेश्वर:** मामले में महामंडलेश्वर शांति स्वरूपानंद ने कहा कि कुछ लोग चार धाम मंदिर पर कब्जा करना चाहते हैं। इसी वजह से वे साजिश रचकर बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। महामंडलेश्वर नर्मदाशंकर ने आरोप लगाया कि मंदाकिनी पुरी ने उन्हें आचार्य महामंडलेश्वर बनाने का झांसा देकर उनसे 8 लाख 90 हजार रुपए लिए। यह रकम उन्होंने सात महीनों में अलग-अलग किस्तों में ऑनलाइन ट्रांसफर की थी। नर्मदाशंकर के मुताबिक मंदाकिनी ने कहा था कि अखाड़े में प्रमोशन हो जाएगा, लेकिन इसके लिए 10 से 12 लाख रुपए खर्च होंगे। उन्होंने बताया कि वे पहले निजी स्कूल में शिक्षक थे और बाद में संत बने, इसलिए उनके पास इतनी बड़ी रकम नहीं थी, तब मंदाकिनी ने उनसे कहा कि जितने पैसे हो सकें, धीरे-धीरे भेजते रहें। इसी दौरान मंदाकिनी ने उन्हें कुछ अन्य लोगों के बैंक खाते में भी पैसे भेजने के लिए कहा, लेकिन उन्होंने ऐसा करने से मना कर दिया।


### गार्ड ने किया हर्ष फायर पड़ोसी को लगी गोली

**जागरण, रतलाम।** जिले के आलोट में बर्थडे पार्टी के दौरान हर्ष फायरिंग की घटना सामने आई है। फायरिंग के दौरान गोली आसमान की बजाय सामने की ओर चल गई और पड़ोस में रहने वाले युवक को लग गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी अनुसार घटना आलोट के प्रमिलागंज इलाके की है। यहां रहने वाला श्याम नायक जो महाकाल मंदिर में सुरक्षा गार्ड है, वह अपना जन्मदिन मना रहा था। बताया जा रहा है कि वह शराब के नशे में था। इसी दौरान उसने अपनी लाइसेंसी बंदूक से हर्ष फायर कर दिया। गोली मकान के पास खड़े रोहित नायक के दोनों पैरों की पिंडलियों में लग गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी श्याम नायक को हिरासत में ले लिया। उससे पूछताछ की जा रही है और उसका मेडिकल परीक्षण भी कराया है। आलोट थाना प्रभारी मुनेंद्र गौतम ने बताया कि गोली चलाने वाला युवक उज्जैन के महाकाल मंदिर में सिक्योरिटी गार्ड के रूप में काम करता है। वह अपने घर पर जन्मदिन मना रहा था। इसी दौरान हुए हर्ष फायर में पड़ोसी युवक घायल हो गया। पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है।

# पॉप स्टार रिहाना के घर के बाहर फायरिंग

## महिला ने चलाईं 10 गोलियां, सिंगर सुरक्षित

**लॉस एंजिल्स, जेएनएन।** हॉलीवुड की मशहूर पॉप सिंगर रिहाना के घर के बाहर फायरिंग की घटना सामने आई है। कैलिफोर्निया के बेवर्ली हिल्स स्थित उनके घर के बाहर एक महिला ने करीब 10 गोलियां चला दीं। हालांकि इस घटना में रिहाना पूरी तरह सुरक्षित हैं और किसी के घायल होने की खबर नहीं है। पुलिस के अनुसार रिहाना के बेवर्ली हिल्स स्थित घर के गेट के सामने सड़क के दूसरी ओर खड़ी एक कार से गोलीबारी की गई। एक गोली घर की दीवार को भी पार कर गई। घटना के तुरंत बाद पुलिस मौके पर पहुंची और एक करीब 30 वर्षीय महिला को हिरासत में ले लिया। फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक जब घर के बाहर गोलीबारी हो रही थी, उस समय रिहाना अपने घर के अंदर मौजूद थीं। राहत की बात यह है कि इस घटना में किसी को चोट नहीं आई। रिहाना हाल के वर्षों में भारत में भी सुर्खियों में रही हैं। वह 2024 में उद्योगपति मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी की प्री-वेडिंग सेरेमनी में प्रस्तुति देने भारत आई थीं, जहां उनकी परफॉर्मेंस काफी चर्चा में रही थी। हाल के सालों में दुनिया भर में सेलिब्रिटीज को निशाना बनाने की घटनाएं बढ़ी हैं। कनाडा में कॉमेडियन कपिल शर्मा के कैफे पर भी गोलीबारी की घटनाएं सामने आई थीं। इसके अलावा भारत में अभिनेता सलमान खान और फिल्म निर्देशक रोहित शेट्टी के घरों के बाहर भी फायरिंग की घटनाएं हो चुकी हैं।



### निजी जिंदगी को लेकर भी चर्चा में

रिहाना इन दिनों अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी चर्चा में हैं। वह हाल ही में तीसरी बार मां बनी हैं। सितंबर 2025 में उन्होंने अपने तीसरे बच्चे को जन्म दिया था। रिहाना अपने पार्टनर और रैपर रॉकी के साथ रहती हैं। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और जल्द ही फायरिंग की असली वजह का खुलासा किया जाएगा।

**सुविधा** भोपाल एम्स में मिलेगा आधुनिक इलाज, मरीजों को नहीं जाना पड़ेगा दिल्ली-मुंबई

# रेडियो आयोडीन ट्रीटमेंट शुरू, मिलेगा थॉयराइड कैंसर का इलाज

**नगर संवाददाता, भोपाल।** थायराइड और इससे जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं और कई मरीजों को लंबे समय तक दवाओं पर निर्भर रहना पड़ता है। खासकर हाइपरथायरॉइडिज्म और थायराइड कैंसर के मामलों में मरीजों को पहले बड़े शहरों या दूसरे राज्यों के अस्पतालों का रुख करना पड़ता था। अब राजधानी भोपाल में ही इन दोनों बीमारियों के लिए आधुनिक और प्रभावी इलाज उपलब्ध हो गया है। एम्स भोपाल के न्यूक्लियर मेडिसिन विभाग में रेडियो आयोडीन ट्रीटमेंट की सुविधा शुरू होने से मरीजों को बड़ी राहत मिली है।

इस तकनीक से हाइपरथायरॉइडिज्म के मरीजों में लंबे समय तक दवा लेने की जरूरत कम हो सकती है, वहीं डिफरेंशिएटेड थायराइड कैंसर के लगभग 90 प्रतिशत मामलों का जड़ से इलाज संभव हो जाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि समय पर जांच और सही उपचार से थायराइड से जुड़ी इन गंभीर समस्याओं को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी।

**थायराइड की दो प्रमुख बीमारियों पर खास फोकस:** एम्स भोपाल के न्यूक्लियर मेडिसिन विभाग में थायराइड से जुड़ी दो प्रमुख बीमारियों हाइपरथायरॉइडिज्म और डिफरेंशिएटेड थायराइड कैंसर के इलाज के लिए विशेष सुविधा उपलब्ध है। इन दोनों बीमारियों में आधुनिक तकनीक और रेडियो आयोडीन ट्रीटमेंट की मदद से प्रभावी उपचार किया जा रहा है। डॉक्टरों के अनुसार सही समय पर जांच और इलाज मिलने से मरीजो की परेशानी दूर होगी व सामान्य जीवन जी सकते हैं।

**थायराइड ग्रंथि पर रेडियो आयोडीन उपचार प्रभावी:** हाइपरथायरॉइडिज्म ऐसी स्थिति है जिसमें थायराइड ग्रंथि सामान्य से अधिक सक्रिय हो जाती है। इसके कारण शरीर में थायराइड हार्मोन का स्तर बढ़ जाता है। इस बीमारी में मरीजों को अक्सर लंबे समय तक एंटी-थायरॉइड दवाएं लेनी पड़ती हैं, जिससे कई बार शारीरिक और मानसिक थकान महसूस होने लगती है। ऐसे मामलों में एम्स भोपाल के न्यूक्लियर मेडिसिन विभाग में रेडियो आयोडीन ट्रीटमेंट एक प्रभावी विकल्प के रूप में उपलब्ध है। यह उपचार थायराइड ग्रंथि की अतिरिक्त सक्रियता को नियंत्रित करता है और कई मामलों में दवाओं पर निर्भरता कम कर देता है।




### थायराइड कैंसर के 90% मामलों में संभव इलाज

थायराइड कैंसर के मामलों में भी आधुनिक चिकित्सा पद्धति से बेहतर परिणाम मिल रहे हैं। विशेष रूप से डिफरेंशिएटेड थायराइड कैंसर के लगभग 90 प्रतिशत मामलों का जड़ से इलाज संभव माना जाता है। इस बीमारी में आमतौर पर सर्जरी की जाती है, लेकिन केवल सर्जरी ही पर्याप्त नहीं होती। सर्जरी के बाद रेडियो आयोडीन ट्रीटमेंट भी दिया जाता है, जिससे शरीर में बची हुई कैंसर कोशिकाओं को नष्ट किया जा सके। इससे बीमारी के दोबारा होने की संभावना भी काफी कम हो जाती है।

### बाहर जाने की जरूरत नहीं

पहले इस तरह के उन्नत उपचार के लिए कई मरीजों को दिल्ली, मुंबई या अन्य बड़े शहरों के अस्पतालों में जाना पड़ता था। इससे समय और खर्च दोनों बढ़ जाते थे। अब एम्स भोपाल में रेडियो आयोडीन ट्रीटमेंट की सुविधा उपलब्ध होने से प्रदेश के मरीजों को बड़ी राहत मिली है। यहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में आधुनिक उपकरणों के जरिए इलाज किया जा रहा है।

**IES COLLEGE OF TECHNOLOGY®**
BHOPAL
(Approved by AICTE New Delhi & Affiliated to Barkatullah University, Bhopal)
STAFF REQUIRED
Applications are invited for the appointment on teaching post in MBA, MBA (Marketing Mgmt.), MBA (Financial Management) under college code-28 of Barkatullah University, Bhopal

| S.NO. | POST | SUBJECT | POST |
|---|---|---|---|
| 01 | Director | Marketing / Finance / HR | 01 |
| 02 | Professors | | 04 |
| 03 | Associate Professors | | 04 |
| 04 | Assistant Professors | | 07 |

Qualification and salary as per AICTE / State Govt. Norms. Interested candidate may send their resume and all testimonials by hand or post or e-mail to careers@iesbpl.ac.in so as to reach the office of the undersigned latest by 20th March, 2026
IES Campus, Ratibad Main Road, Bhopal. Call : 9229251472

मुद्रक एवं प्रकाशक **राजीव मोहन गुप्त** द्वारा जागरण पब्लिकेशन्स प्रा. लि. हेतु 'दैनिक जागरण प्रेस' 33, जागरण भवन, प्रेस काम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल, मध्यप्रदेश -462011 (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. 1573/57, पंजीयन संख्या 7 म.प्र., **संस्थापक : स्व. गुरुदेव गुप्त,** संपादक : **राजीव मोहन गुप्त,** स्थानीय संपादक : **हरिमोहन गुप्त** फोन : **कार्या. :** 0755-6723200 **E-mail :** modemdj@gmail.com।